3. *Aluede. O, Imhonde. H, & Eguavoen. A (2006). Academic, career and personal needs of Nigerian University students. Retrieved from http://www.freepatentsonline.com/article/JournalInstructioPsychology/144014460.html.*
4. *Arehedo, P. A., Adomeh, I. O. C. & Aluede. O. (2009). School counsellors role in the implementation of Universal Basic Education scheme in Nigeria. Edo Journal of Counseling.2 (1), 58-65.*

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

5. *Ateequ, wasila & salihi,. (2022). Effects of guidance and counseling services on students' academic performance and career choice in selected secondary schools of yola metropolis. Volume thirteen. 199.*
6. *Bolu-Steve, N. F. & Oredugba, O. O. (2017). Influence of Counseling.Services on Perceived Academic Performance of Secondary Students in Lagos State. International Journal of Instruction, 10(2), 211-228. ISSN: 1308-1470.*
7. *Carey, J.C & Harrington, K.M. (2010). The impact of counseling.on students educational outcomes in high schools. Retrieved from http:/www.umass.edu*
8. *Egbule, J.F. (2006). Guidance services. In Okobiah and Okorodudu (2006). Issues, concepts, theories and techniques of guidance and counseling. Benin city Nigeria: Ethiope publishing Cooperation.*
9. *Fakorede, A.S. (2014). Influence of school counsellor on career choice of senior secondary students in Ilorin metropolis. Unpublished B.Ed project in the Department of Counsellor Education University of Ilorin.*
10. *Gibson, R. L. and Mitchell, M. H. (2007).Introduction to Guidance and Counseling. 7th ed. New York: Macmillan*
11. *Lugulu, J. M. A. and Kipkoech, L. C. (2011). The effect of provision of career guidance information in secondary schools on choice of degree programme. Journal of Emerging Trends in Educational Research and Policy Studies (JETERAPS), 2(4), 192-198, ISSN: 2141-6990, www.jeteraps.scholarlinkresearch.org*
12. *Oluwatimilehin, J.T.B & Owoyele, J.W. (2012). Study habit and academic achievement in core subjects among Junior Secondary School Students in Ondo State, Nigeria. Bulgarian Journal of Science and Educational Policy (BJSEP), 6 (1), 155-169.*
13. *Tambuwal, M.U. (2010). Organizing and administering guidance and counseling.programme at elementary schools level for effective performance. A paper delivered at a 4-day workshop for para-counseling.officers by the SUBEB in collaboration with SSCOE, Sokoto.*
14. *Tuchili, A. M. & Ndhlovu, D. (2016). Effects of guidance and counseling services on students' interpersonal, study, vocational and problem-solving skills in selected public universities in Zambia. International Journal of Humanities, Social Sciences and Education (IJHSSE), 3(12), 14-20. ISSN: 2349-0831 http://dx.doi.org/10.20431/2349-0381.0312002*

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

"उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व"

डॉ.चित्रा माली
सहायक प्रोफ़ेसर, गांधी एवम शांति अध्ययन विभाग
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र,कोलकात

उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका व सक्रिय सहभागिता को 1930 के नमक सत्याग्रह और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में देखा जा सकता है। उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं की सहभागिता के लिए अमूमन यह कहा जाता है कि आंदोलन में शामिल महिलाएं पुरुष नेताओं के परिवारों से ही थी। जबकि भारत के प्रगतिशील और संपन्न परिवारों की महिलाएं भी उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में शामिल थीं। 1922 के कांग्रेस अधिवेशन में हिस्सा लेने वाली 16 महिलाओं में से 9 महिलाएं कांग्रेस के स्थापित नेताओं के परिवार की थीं। वहीं दूसरा हिस्सा उन महिलाओं का था जिनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं थी लेकिन बाबजूद इसके उन्होंने उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन व राजनीति में अपना एक विशेष स्थान बनाया। राजनीतिक पृष्ठभूमि से आयी महिलाओं में कस्तूरबा गांधी, कमला नेहरू, प्रभावती देवी और सुचेता कृपलानी आदि के नामों को प्रमुखता से लिया जा सकता है। गैर राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि से आयी महिलाओं में पंडिता रमाबाई,ऐनी बेसेंट,सरोजिनी नायडू, संतोष कुमारी देवी,अरुणा आसफ अली,मीरा बहन और कमला देवी चट्टोपाध्याय को लिया जा सकता है। उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में आम महिलाओं की भागीदारी का मार्ग गांधी जी ने प्रशस्त किया था। गांधी जी ने आर्थिक स्वालंबन के लिए खादी के प्रचार प्रसार के अभियान में महिलाओं के लिए एक आदर्श भूमिका निर्धारित की। गांधी जी का यह मानना था कि ये महिलाएं घर पर रहकर ही खादी की कताई-बुनाई से उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में सक्रिय सहयोग कर सकती थीं। गांधी जी लिखते हैं कि "सरला देवी चौधरानी के स्वदेशी आंदोलन में शामिल होने से आंदोलन को अच्छी खासी शक्ति मिली है। राष्ट्रीय सप्ताह मनाए जाने के दरम्यान उन्होंने खादी की साड़ी और ब्लाउज पहनने की इच्छा जाहिर की। मैं अभी तक किसी महिला को खादी की साड़ी पहनने के लिए प्रेरित नहीं कर पाया हूं। इसलिए शुरू में मुझे लगा कि सरलादेवी मजाक कर रही हैं।

लेकिन वह अपने आग्रह के प्रति गंभीर थी और बड़ी बात यह है कि उन्होंने भी वैसी ही मोटी खादी पहनने की इच्छा ज़ाहिर की जैसी मैं पहनता हूं। मैंने उनके लिए एक साड़ी और ब्लाउज का इंतेजाम करवाया और उन्होंने उसे ही पहनकर राष्ट्रीय सप्ताह मनाया। उनके मामा (रविंद्रनाथ टैगोर) ने जब उन्हें इस वेशभूषा में देखा तो उन्होंने भी इस पर टिप्पणी की "अगर तुम्हें इस कपड़े में दिक्कत नहीं है तो इसे पहनने में कोई आपत्ति नहीं है। तुम इसे पहनकर कहीं भी जा सकती हो"। श्रीमती पेटिट के आवास पर कवि रविंद्रनाथ टैगोर के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया था और सरलादेवी को तय करना था कि उन्हें खादी पहनकर समारोह में जाना चाहिए या नहीं। उस समय उन्होंने ने कवि रवींद्रनाथ टैगोर की टिप्पणी को याद किया और खादी पहनकर उस समारोह में गईं और समारोह को अलंकृत किया। उन्हें खादी की साड़ी में तनिक भी कम सम्मान नहीं मिला जितना उन्हें रेशमी साड़ियों में मिलता रहा है। उसके बाद वे हरेक बैठक और समारोह में खादी की साड़ी में ही जाती रही जिसमें मैं हिस्सा लेता था और मैं यह महसूस कर सकता था कि इस कपड़े के कारण लोगों के मन में उनके प्रति सम्मान और भी बढ़ गया है"। 1 गांधी जी ने महिलाओं का अपने परिवार के प्रति समर्पण और आत्म त्याग के गुणों का समावेश उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन के कार्यकर्ताओं के लिए अनिवार्य घोषित कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि "भारतीय महिलाओं का स्वाभाविक आचरण सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतों के साथ कार्य करने के लिए अधिक उपयुक्त है। गांधी आरंभ में महिलाओं के द्वारा सड़कों पर उतरकर सत्याग्रह करने के खिलाफ थे इसके लिए वे यह दलील देते है कि अंग्रेज सरकार महिलाओं पर हिंसा करने से परहेज़ करती है। जिस प्रकार युद्ध भूमि में गाय को साथ ले जाना कायरता की पहचान है वैसे ही किसी आंदोलन में महिलाओं को साथ ले जाना भी कायरता होगी। 2 सविनय अवज्ञा आंदोलन (नमक सत्याग्रह) की दांडी यात्रा के लिए गांधी जी ने सत्तर सत्याग्रहियों में से एक भी महिला को शामिल नहीं था। जिसका विरोध सरोजनी नायडू,मृदुला साराभाई,खुर्शीदबेन द्वारा किया गया था और गांधी जी से मांग की थी कि भारत की किसी भी समस्या के समाधान में महिलाओं की उपस्थिति के बिना आंदोलन,सम्मेलन या संगठन का आयोजन व्यर्थ है। भारत की स्वाधीनता के लिए आयोजित किसी भी आंदोलन,यात्रा,प्रदर्शन या जेलों को भरने में महिलाओं की भागीदारी को रोकना भी अनुचित है। गांधी जी ने इन मांगों को मान लिया जिसके परिणामस्वरूप सरोजनी नायडू ने दांडी मार्च में भाग लेकर सारी महिलाओं की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त किया। सरोजनी नायडू का जन्म हैदराबाद के एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी मां कवयित्री थी और पिता जानेमाने शिक्षा शास्त्री व वैज्ञानिक थे। अपनी कवयित्री मां का गहरा प्रभाव सरोजिनी के जीवन पर पड़ा था। हैदराबाद से मैट्रिक की परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने केम्ब्रिज (लंदन) में शिक्षा ग्रहण की। 1914 में उन्होंने स्वेच्छा से गांधी जी के साथ कार्य करने की इच्छा जताई। सरोजिनी इसी वर्ष गांधी जी से अपनी पहली मुलाकात का वर्णन इस प्रकार करती (उन्होंने देखा)"खुले दरवाजे में जेल के कैदियों को मिलने वाले कंबल को

ज़मीन पर बिछाकर एक छोटा सा गंजा आदमी बैठा हुआ है और जेल में मिलने वाले लकड़ी के बर्तन से निकालकर लंगर में बना हुआ खाना खा रहा है। उनके इर्दगिर्द सूखी मूंगफलियों और घटिया आटे के बने बेस्वाद बिस्कुटों के टूटे-पिचके कनस्तर रखे हैं। भारत के लोगों की जुबान पर रहने वाले ऐसे मशहूर नेता की ऐसी हास्यास्पद तथा अप्रत्याशित दशा देखकर मैं अनजाने में ही जोर से खिलखिलाकर हँस पड़ी। गांधी जी ने अपनी निगाहें ऊपर उठाई और वे मुझे देखकर स्वयं मुस्कुराते हुए बोले - अरे तुम जरूर श्रीमती नायडू हो। ऐसी बेतकल्लुफी की हिम्मत और भला कौन कर सकता है ? यह एक दीर्घकालिक दोस्ती की शुरुआत थी। 1917 में सरोजिनी ने महिलाओं की दशा सुधारने के लिए मांटेग्यू से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। 1919 में ही वे सत्याग्रह की प्रचारक बन गई और समूचे भारत में घूम-घूमकर सत्याग्रह का प्रचार करने लगी। उन्होंने रॉलेट एक्ट के खिलाफ संघर्ष करने के लिए महिलाओं का विशेष आह्वान किया। 1920 में वे असहयोग आंदोलन में शामिल हुई। 1921 में प्रिंस ऑफ वेल्स के बंबई आगमन के विरोध में भड़के दंगे के दौरान वे दंगाग्रस्त क्षेत्रों में गई और हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने के लिए उन्हें समझाया। 3

1930 में दांडी यात्रा में सरोजिनी नायडू ने भाग लेकर भारत की आधी आबादी का सत्याग्रह में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त किया। नमक सत्याग्रह में 80 हजार सत्याग्रहियों को गिरफ्तार किया गया था जिसमें 17 हजार महिलाएं थीं। नमक सत्याग्रह के साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन और स्वदेशी आंदोलन में आम भारतीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और प्रभात फेरी, शराब व विदेशी वस्तुओं की दुकानों का घेराव,विदेशी वस्तुओं की होली जलाने जैसी गतिविधियों में सहभागिता की। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन को उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में महिलाओं की सहभागिता व सक्रिय नेतृत्व का सर्वोच्च शिखर माना जा सकता है। 9 अगस्त की सुबह गांधी जी समेत कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था जो आंदोलन का नेतृत्व करने वाले थे। ऐसी परिस्थिति में आंदोलन की कमान महिलाओं द्वारा संभाली गई और महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व करने का अवसर मिला। अरुणा आसफ अली और सुचेता कृपलानी ने इस आंदोलन को आक्रामक रूप दिया तो उषा मेहता ने "कांग्रेस रेडियो" के जरिए आंदोलन को देश के हर कोने तक पहुंचा दिया था। अरुणा आसफ अली ने अपने पति के साथ मुंबई में होने वाले कांग्रेस अधिवेशन में शिरकत की थी, साथ ही वे भारत छोड़ो प्रस्ताव के पारित होने के अवसर पर भी मौजूद थी। प्रस्ताव पास होने के दूसरे दिन जब अधिकतर बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया तो अरुणा आसफ अली ने बंबई के ग्वालिया टैंक मैदान पर एकत्र विशाल जनसमूह के मध्य झंडारोहण समारोह की अध्यक्षता की ओर वहां भारतीय झंडा फहराया। सभा में आए जनसमूह पर ब्रिटिशर्स ने आंसू गैस के गोले छोड़ने,बर्बर लाठीचार्ज करने के साथ साथ गोलियां भी चलाईं। इसके बाद अरुणा आसफ अली आंदोलन को सक्रिय रखने के लिए और गिरफ्तारी

से बचने के लिए भूमिगत हो गई। सरकार द्वारा उनकी संपत्ति को जब्त कर नीलाम कर दिया गया। वे राममनोहर लोहिया के साथ कांग्रेस के मासिक पत्र 'इंकलाब' की संपादक बनीं। अखबार में 1944 के अंक में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को सलाह दी कि वे बुद्धिजीवियों द्वारा चलाई जा रही हिंसा और अहिंसा की तार्किक बहस के चक्कर में न पड़े क्योंकि बहस से मौजूदा कड़ी सच्चाई से ध्यान हटेगा।....मैं चाहती हूं कि देश का प्रत्येक छात्र और नौजवान खुद को आनेवाली क्रांति का सिपाही समझे। इस बीच सरकार ने उनकी गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। वे बीमार पड़ गई उनकी बीमारी की खबर सुनकर गांधी जी ने उन्हें आत्मसमर्पण कर देने का सुझाव दिया। अपने संदेश में गांधी जी ने कहा : मैंने तुम्हें एक संदेश भेजा था कि तुम भूमिगत रह कर नहीं मरोगी। तुम हड्डियों का ढांचा मात्र बनकर रह गई हो। बाहर आकर आत्मसमर्पण कर दो और पुरस्कार की जो राशि तुम्हारी गिरफ्तारी के लिए घोषित की गई है उसे स्वयं जीतो। पुरस्कार राशि को हरिजनों के कल्याण के लिए संभाल कर रखो। इसके बाद भी अरुणा भूमिगत ही रही और 26 जनवरी 1946 को गिरफ्तारी के वारंट के रदद् होने के बाद ही बाहर आई। अरुणा आसफ अली को स्वतंत्रता आंदोलन की महान बूढ़ी महिला और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन की नायिका के रूप में याद किया जाता है। 4 गांधी,अरुणा आसफ अली और सुचेता कृपलानी जैसी स्त्रियों के इस आक्रमक रवैये के सख़्त खिलाफ थे। उषा मेहता का जन्म 25 मार्च 1920 में गुजरात के सूरत शहर के पास सरसा गांव में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा खेड़ा और भरूच में हुई और फिर चंदारामजी हाई स्कूल बॉम्बे में हुई। 1939 में दर्शनशास्त्र में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद कानून की पढ़ाई शुरू की लेकिन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल होने के लिए पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। उषा ने पहली बार गांधीजी को अहमदाबाद में उनके आश्रम की यात्रा के दौरान देखा था जब वे महज पांच वर्ष की थी।

उषा गांधी जी से बहुत प्रभावित हुई और उनकी अनुयायी बन गईं। उन्होंने जीवन भर अविवाहित रहने का फैसला किया और एक संयमी, गांधीवादी जीवनशैली अपनाई,वे केवल खादी के कपड़े पहनती थीं और सभी प्रकार की विलासिता से दूर रहती थीं। 5 उषा मेहता ने जनसंचार के लिए रेडियो को अपना माध्यम बनाया। 27 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उषा मेहता ने अपने सहयोगियों के साथ खुफिया 'कांग्रेस रेडियो' का शुभारंभ किया। 'कांग्रेस रेडियो' की पहली घोषणा का प्रसारण भी उषा की आवाज में ही हुआ था। घोषणा में उषा मेहता ने कहा था कि "यह कांग्रेस रेडियो है भारत में कहीं से,कहीं पे भारत में, 42.34 मीटर तरंग पर काल कर रहा है। यह रेडियो प्रतिदिन अपनी जगह बदलता था ताकि ब्रिटिश अधिकारी उसे पकड़ न सकें। इस खुफिया रेडियो को राममनोहर लोहिया और अच्युत पटवर्धन सहित कई प्रमुख नेताओं का सहयोग प्राप्त था। रेडियो पर महात्मा गांधी सहित भारत के कई प्रमुख नेताओं के रिकॉर्ड भाषण प्रसारित किए जाते थे ताकि जनता अपने नेता से अपने स्वाधीनता

के संकल्प से जुड़ी रहे। खुफिया कांग्रेस रेडियो केवल तीन महीने तक ही चला, लेकिन इसने ब्रिटिश-नियंत्रित भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित बिना सेंसर की गई खबरों और अन्य सूचनाओं को प्रसारित करके आंदोलन की बहुत मदद की। खुफिया कांग्रेस रेडियो ने स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं को जनता के संपर्क में भी रखा। उषा मेहता और उनके सहयोगी ब्रिटिशर्स को तीन महीने तक चकमा देने में सफल रहे और तीन महीने तक निर्बाध रूप से रेडियो पर भारत छोड़ो आंदोलन की सूचनाओं का और राष्ट्रीय नेताओं के रिकॉर्डेड भाषणों का प्रसारण करते रहे। तीन महीने के बाद उन्हें और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उषा मेहता को खुफिया कांग्रेस रेडियो चलाने के कारण चार साल की सजा सुनाई गई। जेल में उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मार्च 1946 में, मोरारजी देसाई के आदेश पर उन्हें रिहा कर दिया गया,जो उस समय अंतरिम सरकार में गृह मंत्री थे। कांग्रेस रेडियो को आल इंडिया रेडियो के समानांतर खड़ा करने का श्रेय उषा मेहता को ही जाता है। उषा मेहता के देश के लिए कुछ भी कर गुजरने के जज़्बे से ही यह संभव हो पाया। 21 मार्च 2024 में ओटीटी प्लेटफार्म पर "ऐ वतन मेरे वतन" फिल्म आयी थी जिसका निर्देशन कन्नन अय्यर ने किया था जो उषा मेहता पर आधारित फिल्म है जिसमें भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि और उसमें कांग्रेस रेडियो की भूमिका के साथ उषा मेहता के व्यक्तिगत जीवन को भी दर्शाया गया था। लेख में नमक सत्याग्रह (सविनय अवज्ञा आंदोलन) की नायिका सरोजनी नायडू और भारत छोड़ो आंदोलन की दो ही नायिकाओं पर चर्चा की गई है लेकिन आंदोलन से जुड़ी कई दृश्य और अदृश्य महिलाएं मौजूद हैं जिन्होंने आंदोलन में सहभागिता के साथ नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी किया है। उन सभी महिलाओं को उनके ज़ज्बे को सलाम। उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन में सार्वजनिक और औपचारिक तौर पर जितनी महिलाएं जुड़ी थी उनसे अधिक महिलाएं अनौपचारिक रूप से आंदोलन से जुड़ी हुई थी। कांग्रेस और गांधी जी को आर्थिक सहयोग देने के लिए सामान्य गृहणियों ने अपने आभूषण और कीमती वस्त्रों तक का दान दे दिया था। हाशिए की महिलाओं ने जिसमें दक्षिण की देवदासियों और उत्तर भारत की तवायफों ने भी आर्थिक सहायता प्रदान की थी।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

संदर्भ सूची :-

1. *गुहा रामचंद्र (2018).गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत आगमन और गोलमेज सम्मेलन तक 1914 - 31.खंड -1.(अनु.) सुशांत झा.पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्रा.लि. पृष्ठ क्र.105.*
2. *दुबे अभय कुमार(2013).समाज-विज्ञान विश्वकोश खंड -1.राजकमल प्रकाशन नयी दिल्ली. पृष्ठ क्र.277*
3. *कुमार राधा(2002).स्त्री संघर्ष का इतिहास 1800-1990.वाणी प्रकाशन नयी दिल्ली. पृष्ठ क्र.125-126*
4. *कुमार राधा(2002).स्त्री संघर्ष का इतिहास 1800-1990.वाणी प्रकाशन नयी दिल्ली. पृष्ठ क्र.147-148.*
5. *.https://en.wikipedia.org/wiki/Usha_Mehta.*

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

भारतीय परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक समाज कार्य की स्थिति

डॉ. के. बालराजु
एसोसिएट प्रोफेसर (वर्धा समाज कार्य संस्थान)
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र

अंकित कुमार पाण्डेय
पीएच-डी. शोधार्थी (वर्धा समाज कार्य संस्थान)
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र

सारांश

समाज कार्य का उदय एक व्यवसाय के रूप में उस समय प्रारंभ होता है जब यह आवश्यकता प्रतीत होने लगी कि समकालीन सामाजिक समस्याओं का सामना करने के लिए विशिष्ट ज्ञान एवं निपुणता की जरूरत है। इसका प्रारंभ उन्नीसवीं शताब्दी के उन प्रयासों से हुआ है जब विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं समाज सुधारकों ने समकालीन सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक करने और समाज में सुधार एवं परिवर्तन हेतु, सामाजिक विधानों के निर्माण के लिए विविध आंदोलन चलाए। इस तरह समाज कार्य एक प्रगतिशील एवं विकसित व्यवसाय के रूप में उभरकर सामने आया। यद्यपि भारतीय परिप्रेक्ष्य में समाज कार्य के व्यावसायिक स्वरूप की चर्चा करें, तो स्पष्ट होता है कि यह आज भी पूर्ण रूप से व्यावसायिक स्थिति को प्राप्त नहीं कर सका है। जबकि भारत में प्रारंभ हुए आठ दशक से अधिक का समय हो गया है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में समाज कार्य व्यवसाय को आज भी बाल्यावस्था एवं अर्द्ध-व्यवसाय के रूप में जाना जाता है तथा इसका व्यावसायिक स्वरूप अपूर्ण है।

प्रस्तावना

भारत में समाज कार्य एक व्यवसाय है या नहीं, यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि भारत में समाज कार्य 'व्यवसाय' के मानदंडों पर किस सीमा तक खरा उतरता है? साथ ही भारत में समाज कार्य का सामाजिक अनुमोदन, व्यावसायिक शिक्षा, वैज्ञानिक ज्ञान, निपुणताएं एवं प्रणालियां तथा समाज कार्य अभ्यास का क्या स्तर है? आदि भारत में समाज कार्य व्यवसाय के व्यावसायिक स्वरूप की स्थिति को निर्धारण करेंगे। भारतीय परिस्थितियों में समाज कार्य का व्यावसायिक स्वरूप किस स्तर का है? इस तरफ ध्यान आकृष्ट करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत में समाज कार्य एक व्यवसाय के मानदंडों में खरा नहीं उरता है। "भारतीय समाज कार्यकर्ताओं के पास अमेरिका में प्रयोग में लाई जाने वाली

निपुणताएं हैं। वे भारतीय परिवेश में प्रासंगिक नहीं सिद्ध हो रही हैं। जिन विशेष प्रविधियों तथा निपुणताओं की आवश्यकता है, उनका विकास अभी नहीं हो पाया है। सामाजिक क्रिया, संप्रेषण इत्यादि प्रविधियों के विकसित किये जाने की आवश्यकता है। इस प्रकार प्रणालियों को भी भारतीय रूप प्रदान किये जाने की आवश्यकता है (सिंह & मिश्र 2017 पृ.131)।" इस तरह परिलक्षित होता है कि भारत में व्यावसायिक स्थिति को प्राप्त करने हेतु समाज कार्य को भारतीय मानकों के अनुरूप ढालना पड़ेगा, जो अभी बहुत दूर नजर आता है।

भारत में व्यावसायिक समाज कार्य का प्रारंभ

भारत में समाज कार्य के अध्ययन की शुरुआत सन 1936 ई. में स्थापित 'टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज' की स्थापना के साथ आरंभ होती है। इसके पश्चात् 'दिल्ली स्कूल आफ सोशल वर्क' एवं 'महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ' इत्यादि अनेकों विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं में इसके अध्ययन-अध्यापन के कार्य की शुरुआत होती है। भारत में समाज कार्य पाठ्यक्रम को प्रारंभ हुए, आठ दशक से अधिक का समय व्यतीत हो गया, परंतु आज भी यह पूर्ण व्यवसाय का रूप धारण नहीं कर सका। भारतीय परिप्रेक्ष्य में एक व्यवसाय का रूप धारण न कर सकने के जो प्रमुख कारण नजर आते हैं, वह इस प्रकार हैं- भारत में समाज कार्य की उन्हीं पद्धति, उपागम एवं प्रणालियों को अपना लिया गया, जिनका प्रयोग पश्चिमी देशों में किया जाता था। "यह एक दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि भारत में व्यवसाय के रूप में समाज कार्य का प्रारंभ ठीक से नहीं हुआ। समाज कार्य का दर्शन, सिद्धांत, प्रणालियां, प्रविधियां इत्यादि को उसी रूप में स्वीकार कर लिया गया, जिस रूप में वे अमेरिका में हैं। अमेरिका की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था व्यक्ति केंद्रित उपागम के अनुकूल है, जबकि भारत में उससे भिन्न सामाजिक व्यवस्था है। यहां पर बहुसंख्यक समस्याओं की जड़ें सामाजिक संरचना में सन्निहित हैं। इसलिए इसमें अपेक्षित परिवर्तन लाने के पश्चात् ही इनका समाधान किया जा सकता है। इसके बावजूद भी समाज कार्य स्कूलों में वैयक्तिक उपागम को स्वीकार किया गया है। इसलिए समाज कार्य का अभ्यास ठीक प्रकार से नहीं हो पा रहा है (सिंह & पांडेय 2017, पृ.153)।" इस तरह आज भी समाज कार्य भारत में व्यावसायिक स्थिति को प्राप्त नहीं कर सका तथा भारतीय परिप्रेक्ष्य में जो स्थान समाज कार्य को एक व्यावसायिक विषय के रूप में प्राप्त होना चाहिए था, उससे कहीं-न-कहीं दूर रह गया।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक समाज कार्य की स्थिति

भारत में समाज कार्य को उस स्तर की लोकप्रियता नहीं प्राप्त हुई, जिस स्तर की अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों में प्राप्त है। जिसका सबसे प्रमुख कारण यह है कि भारत में समाज कार्य की जो व्यावसायिक शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, वह भारतीय मानकों से दूर नजर आती है। यही कारण है कि भारत में आज भी समाज कार्य एक व्यवसाय का दर्जा नहीं प्राप्त कर सका है। "भारत में

समाज कार्य का प्रशिक्षण के संदर्भ में यह प्रश्न उठ रहा है कि हमारे देश में समाज कार्य की परिणति एक व्यवसाय के रूप में हुई या नहीं। जबकि प्रबंधशास्त्र का प्रारंभ हमारे देश में बहुत बाद में हुआ और आज इसे पूर्णरूपेण व्यवसाय का दर्जा प्राप्त हो गया है। भारत में समाज कार्य को एक व्यवसाय के रूप में स्वीकार करने में एक कमी यही दिखलाई पड़ती है कि यहां उपयुक्त मात्रा में संबंधित विषय में स्वदेशी साहित्य उपलब्ध नहीं है (पांडेय & पांडेय 2018, पृ.14)।" इस तरह यह परिलक्षित होता है कि भारत में समाज कार्य का एक व्यवसाय के रूप में विकसित न हो पाने का प्रमुख कारण है, भारतीय मानकों के अनुरूप स्वदेशी साहित्य का अभाव एवं उसी परिणति में अपना लेना जिस रूप में वह पश्चिमी देशों में प्रयोग की जाती है।

भारत में समाज कार्य के उन्हीं मौलिक सिद्धांतों को प्रचलन में लाया गया है, जो अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों में प्रचलित हैं। पश्चिमी देशों में जो भी नया साहित्य समाज कार्य के क्षेत्र सामने आता है, वही भारत में समाज कार्य के साहित्य का भाग बन जाता है। साथ ही भारतीय शास्त्रों एवं संस्कृति में उपलब्ध ज्ञान, उपागम एवं पद्धतियों को समाज कार्य की शिक्षा एवं अभ्यास के साथ समावेश कर उसे अपनाने का कभी प्रयास भी नहीं किया गया है। "भारतीय संदर्भ में समाज कार्य की शिक्षण सामग्री का नितांत अभाव है। जो भी पुस्तकें उपलब्ध हैं, वे पश्चिमी देशों की शिक्षा के आधार पर रची गई हैं। उनका यहां पर औचित्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। सिद्धांत तथा व्यवहार में काफी अंतर है। कक्षाओं में उन सिद्धांतों को पढ़ाया जाता है, जो पश्चिमी देशों के लिए प्रमाणिक हैं, लेकिन वे सिद्धांत भारत में लागू नहीं हो पा रहे हैं। उदाहरण के लिए अमेरिकी पुस्तकें इस मूल मान्यता के आधार पर लिखी गई हैं कि सेवार्थी स्वयं संस्था में आता है और सेवा प्राप्त करने की प्रार्थना करता है। लेकिन भारत में यह स्थिति नहीं है। यहां पर विद्यार्थियों को लोगों को विशेष रूप से निरक्षण एवं अज्ञानियों को, संस्था की सेवा लेने के लिए प्रेरित करना पड़ता है। इन सभी कारणों से विद्यार्थी निराशा का सामना करते हैं और स्वयं में परिपक्व नहीं हो पाते हैं (सिंह & पाण्डेय 2017 पृ.153-54)।" इस तरह यह कहा जा सकता है कि भारत में समाज कार्य एक व्यवसाय के रूप विकसित न हो पाने का प्रमुख कारण यही परिलक्षित होता है कि देशज ज्ञान एवं पद्धतियों पर आधारित समाज कार्य में बहुत कम साहित्य उपलब्ध है।

हमनें व्यावसायिक समाज कार्य का जो व्यावसायिक स्वरूप अपनाया है। वह पाश्चत्य देशों से लेकर के उसी स्वरूप में अपने सामाजिक परिवेश में अपना लिया है। ऐसे में समाज कार्य भारत में व्यावसायिक स्वरूप कैसे धारण कर सकता है क्योंकि हमारा स्वयं का साहित्य, दर्शन, प्रविधियां एवं प्रणालियां आदि जो भारतीय परिवेश के अनुरूप हैं उनका समावेश ही नहीं है। इस उदाहरण के माध्यम से यह और स्पष्ट हो जाएगा कि "आज समाज कार्य पर यह आरोप लगाया जाता है कि समाज कार्य पूर्णतया एक व्यावसायिक रूप नहीं ले पाया है क्योंकि यह पाश्चत्य देशों से लिए गये नये ज्ञान पर आधारित

है और अभी भी ऐसी समस्याओं पर विशेष जोर देता है जो पाश्चात्य देशों में बहुत कुछ अधिक प्रभावशाली हैं। उदाहरणार्थ- हमारे समाज कार्यकर्ता अविवाहित माताओं के पुनर्स्थापन की बात करते हैं जो पाश्चत्य देशों की समस्या है (सिंह & पांडेय 2017. पृ.156) ।” अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों के शोधकर्ताओं, लेखकों एवं अभ्यासकर्ताओं के प्रयासों के फलस्वरूप जो भी नए ज्ञान एवं साहित्य का सर्जन होता है। उसी को भारत में समाज कार्य की शिक्षा-प्रशिक्षण के अंतर्गत पाठ्यक्रम के रूप में अपना लिया जाता है। भारत में समाज कार्य व्यवसाय की प्रमुख समस्या यह प्रतीत होती है कि सिद्धांतों, प्रणालियों एवं उपागमों को भारतीय परिप्रेक्ष्य में व्यावहारिक प्रयोग हेतु शोध कार्य एवं देशज दृष्टि के अनुरूप ढालने का प्रयास नहीं किया जाता तथा वहीं पश्चिमी सिद्धांतों व प्रविधियों को भारतीय परिवेश में उसी अनुरूप में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अभ्यास में प्रयोग लायी जाती हैं, जो भारतीय परिपेक्ष्य में पूर्ण रूप से प्रतिफलित नहीं हो पाती हैं। भारत में समाज कार्य सिद्धांत एवं अभ्यास के बीच गहरी खाई है, जो भारत में समाज कार्य व्यवसाय के रूप में विकसित न होने की प्रमुख बाधा है। भारत में समाज कार्य को व्यावसायिक स्वरूप अर्जित करना है तो भारतीय परिवेश एवं वातावरण के अनुरूप समाज कार्य सिद्धांत, प्रविधियों एवं प्रणालियों को विकसित कर अभ्यास में लाना होगा। समाज कार्य अभ्यास को स्वदेशी आधार पर विकसित करने के बाद ही भारत में समाज कार्य पूर्ण रूप से व्यावसायिक दर्जा प्राप्त कर सकेगा।

समाज कार्य ‘अभ्यास’ उन्मुख विषय है, लेकिन भारत में इसके अभ्यास की जो विधियां एवं प्रविधियां हैं। वे उसी अनुरूप हैं, जो अमेरिका व अन्य पश्चात् देशों में प्रचलित हैं। भारत में समाज कार्य को आज भी एक अर्द्ध-व्यवसाय के रूप में जाना जाता है। जिसका प्रमुख कारण यह भी है कि समाज कार्य अभ्यास भारतीय सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। यद्यपि भारत में ऐसे वर्णन प्राप्त होते हैं कि समाज कार्य की परंपरा यहां प्राचीन समय से ही सुदृढ़ रही है, जिसके प्रमुख कारण यह थे कि वह भारतीय परिवेश एवं वातावरण के अनुरूप प्रयोग में लायी जाती थी। लेकिन आधुनिक युग में समाज कार्य के उस ज्ञान-विज्ञान में अधिकता से जोर दिया जा रहा है, जो पाश्चात्य देशों में प्रचलित है। भारत में समाज कार्य को व्यवसाय के रूप में संपूर्ण मान्यता उस समय तक नहीं मिल सकेगी। जब तक समाज कार्य के सिद्धांत, प्रणालियां एवं अभ्यास को भारतीय परिदृश्य के अनुरूप विकसित नहीं किया जाएगा।

भारत में समाज कार्य का एक व्यवसाय के रूप प्रारंभ बीसवीं शताब्दी के आरंभ में हुआ। परंतु इसके प्रारंभ से लेकर आज तक यह प्रश्न बना हुआ है कि भारत में समाज कार्य की परिणति व्यावसायिक रूप में नहीं विकसित हो पायी है। “जहाँ तक भारत का संबंध है समाज कार्य अभी तक अपने व्यावसायिक स्तर को प्राप्त नहीं कर पाया और अभी तक इसे निर्धनों की आर्थिक सहायता से अधिक कुछ नहीं समझा जाता है (मदन, 2014. पृ.9)।” भारत में समाज कार्य को व्यावसायिक दर्जा न प्राप्त होने

का प्रमुख कारण है कि भारतीय सामाजिक वैज्ञानिक, कार्यकर्ताओं एवं शोधकर्ताओं द्वारा संबंधित विषय में स्वदेशी आधार पर प्रयोग में लाए जाने वाले सिद्धांत, प्रणालियां, प्रविधियां एवं साहित्य आदि पर बहुत कम कार्य किया गया है, जबकि इसके विपरीत पाश्चात्य सामाजिक परिवेश में स्वयं को आश्रित बना दिया गया है। भारत में समाज कार्य की परंपरा प्राचीन समय से रही है, जिसमें दूसरों की सहायता एवं सहयोग करने की प्राचीनतम एवं परंपरागत विधियां मौजूद रही हैं। जिनको नए रूप में समकालीन वातावरण के अनुरूप प्रतिरूपित कर उपयोग में लायी जानी चाहिए थी। यही कारण है कि भारत में आज भी समाज कार्य एक व्यावसायिक दर्जा प्राप्त करने के लिए संघर्षरत है।

भारत में समाज कार्य के व्यावसायिक विकास के अभाव के प्रमुख कारणों की ओर ध्यान आकृष्ट करने पर यह ज्ञात होता है कि भारतीय सामाजिक परिवेश में, उन्हीं निपुणताओं का प्रयोग किया जाता है, जो पाश्चात्य देशों में प्रयोग में लायी जाती हैं तथा देशज आधार पर उन प्रविधियों एवं निपुणताओं का विकास नहीं किया गया, जो भारतीय परिवेश में खरी उतरें। "आज समाज कार्य की जिन विधियों का विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है, उनकी उपयोगिता हमारे देश में नहीं हैं। उदाहरणार्थ- समाज कार्य में सामाजिक वैयक्तिक कार्य सबसे कारगर विधि है, किंतु हमारे देश में इसकी कोई विशेष उपयोगिता नहीं है। इसके विपरीत हमारे देश में जरूरत है, कारगर रूप से सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया की विधि के प्रयोग की। किंतु हम सामाजिक क्रिया का तो प्रयोग ही नहीं कर पाते, सामुदायिक संगठन की विधि के प्रयोग का अवसर सामुदायिक विकास योजनाओं के प्रारंभ से समाज कार्यकर्ताओं को मिला था, किंतु सामाजिक कार्यकर्ता वहां भी सफल नहीं हो पाए (सिंह & पांडेय 2017. 155-56)।" इस प्रकार यह विदित होता है कि समाज कार्य का व्यावसायिक स्वरूप भारतीय परिप्रेक्ष्य में विभिन्न अभावों के संकट से जूझ रहा है। जिसका प्रमुख कारण है कि समाज कार्य में जो विशिष्ट ज्ञान, प्रविधियां एवं प्रणालियां आदि का हम प्रयोग करते हैं, वह हमारी हैं ही नहीं। ऐसा नहीं कि आधुनिक युग में भारत की सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन एवं सुधार हेतु कार्य नहीं हुए हैं। इस ओर ध्यान आकृष्ट करने विविध उदाहरण देखने को प्राप्त होते हैं।

भारत में आधुनिक संदर्भों में समाज कार्य की अवधारणा को आमजनों में वह स्तर नहीं प्राप्त हो पाया, जो अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों में प्राप्त है। जबकि भारतीय शास्त्रों एवं ग्रंथो में प्राचीन काल से ही समाज कार्य की मान्यताएं एवं जड़ें गहरी होने के विभिन्न प्रमाण देखने को प्राप्त होते हैं। भारतीय दर्शन व संस्कृति में समाज कार्य का प्रचलन समाज सेवा के रूप में प्राचीन काल रहा है तथा समय की आवश्यकता के अनुरूप समाज कार्य की पद्धतियों एवं उपागमों में संसोधन भी होता रहा है। परंतु आधुनिक काल में समाज कार्य को उस स्तर की मान्यता नहीं प्राप्त हो पाई है, जो प्राचीन समय में प्राप्त थी। आधुनिक युग में जो समाज कार्य के सिद्धांत, प्रणालियां व अभ्यास की जो विधियां भारत में अपनाई

जाती हैं, वे पश्चिमी देशों से उसी रूप में उठाकर भारतीय परिवेश लागू कर दी जाती हैं। यही कारण है कि भारत में समाज कार्य के सिद्धांत व अभ्यास न प्रतिफलित हो रहे हैं और न ही आमजनों में इसकी कोई एक अवधारणा विकसित हो पाई है। “भारत में समाज कार्य के अर्थ के विषय में ही आज तक भ्रम बना हुआ है। कभी यह परोपकार का कार्य समझा जाता है। कभी इसे दान के रूप में देखा जाता है। कभी इसे चरित्र निर्माण, निस्वार्थ सेवा, श्रमदान अथवा आपातकालीन सेवा के रूप में समझा जाता है। ऐच्छिक शारीरिक श्रम को भी समाज कार्य की श्रेणी में माना जाता है। इसी तरह सामाजिक कार्यकर्ता के अर्थ के विषय में भ्रम है। समाज सुधारक, दानी, परोपकारी, स्वैच्छिक कार्यकर्ता तथा नेता आदि सभी को समाज कार्यकर्ता कहा जाता है तथा वे अपने कार्यों को समाज कार्य कहते हैं। परिमाणत: आधुनिक समाज कार्य का भारतीय परिवेश में व्यावसायिक स्वरूप उभरने में कठिनाई हो रही है (सिंह & मिश्र 2017, पृ.134)।” इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि भारत में समाज कार्य को एक व्यवसाय के रूप में पूर्ण मान्यता न प्राप्त होने का प्रमुख कारण यह भी है कि लोगों में समाज कार्य की कोई भी अवधारणा का विकसित न होना है।

भारत में समाज कार्य के प्रशिक्षण के प्रारंभ से लेकर आज तक कुछ मूल-भूत बदलावों के अतिरिक्त उसी रास्ते में समाज कार्य का प्रशिक्षण एवं अभ्यास चल रहा है। समाज कार्य शिक्षा के प्रारंभ होने के पश्चात् प्रशिक्षण संस्थानों एवं संगठन आदि की संख्या में तो वृद्धि हुई है, लेकिन समाज कार्य को भारतीय समाज में न अनुमोदन प्राप्त हुआ और न ही व्यावसायिक समाज कार्य का दर्जा प्राप्त हुआ है। आज भी भारतीय समाज में इसके अर्थ को लेकर के अनेक भ्रम बने हुए हैं। भारत में इसकी शिक्षा-प्रशिक्षण को प्रारंभ हुए, आठ दशकों से अधिक का समय बीत गया, लेकिन यह कहा जाए कि भारतीय समाज में इसकी क्या उपलब्धि रही है तो स्पष्ट होता है कि इतने समय के पश्चात् न ही कोई उपलब्धि रही है और न ही इसने पूर्ण व्यावसायिक स्वरूप को धारण कर पाया है। यह बात जरुर मान सकते है कि इसके स्वरूप में कुछ मूलभूत अंतर आए हैं, जो न के बराबर हैं। “यद्यपि भारत में समाज कार्य संबंधी शिक्षण-प्रशिक्षण का मात्रात्मक और गुणात्मक विकास हो रहा है किंतु इसे अपेक्षित परिपक्वता हेतु राजकीय और स्वैच्छिक संबल की अभी काफी आवश्यकता हैं। सरकार और हम सबको मिलकर इस आवश्यकता की पूर्ती में और अधिक लगन से जुटना है। समाज कार्य शिक्षण-प्रशिक्षण को अपनी परिस्थितियों के अनुरूप गठित और विकसित करना है (शास्त्री, 2016. पृ.51)।” इस प्रकार संक्षेप में कहा जा सकता है कि आज समाज कार्य को दोबारा से संगठित कर नया आधार प्रदान करने की आवश्यकता है।

भारत में समाज कार्य पाठ्यचर्या को पुन: संरचित करने की आवश्यकता है। आज भारत में समाज कार्य की जो पाठ्यचर्या है। वह मुख्यतौर पर पाश्चात्य साहित्य, प्रविधियों एवं प्रणालियों पर

आधारित है। समाज कार्य की अधिकांशत: पुस्तकें अमेरिकी व अन्य पाश्चात्य देशों के लेखकों एवं विचारकों द्वारा लिखी गई हैं। इस संबंध में नागपाल के इस संदर्भ से रेखांकित होता है कि ‘यहां तक आज भी कोई मौलिक किताब भारतीय समाज कार्य पर उपलब्ध नहीं है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक जीवन का वर्णन हो।’ यद्यपि इस दिशा में जो प्रयास हुए हैं, उसमें सिर्फ पाश्चात्य साहित्य को उसी रूप में लेकर के भारतीय परिपेक्ष्य में प्रतिरूपित कर दिया गया है। भारतीय दर्शन, साहित्य एवं संस्कृति आदि पर अध्ययन एवं विचार कर समाज कार्य के क्षेत्र में कोई भी कार्य नहीं हुए हैं। साथ ही भारतीय भाषाओं में समाज कार्य की पुस्तकों का अभाव भी आमजनों तक समाज कार्य की पहुँच में एक बाधा है। नागपाल ने भारत में समाज कार्य को पुन: संरचित करने संदर्भ में स्पष्ट किया है कि ‘समाज कार्य को व्यवसायीकरण की ओर जाना होगा। इसे एक तरफ प्रभावशाली सांस्कृतिक दर्शन की नींव तैयार करनी होगी, वहीं दूसरी लक्ष्य प्रतिवर्धित करना पड़ेगा एवं उन्हें बढ़ाना होगा।’

जिस प्रकार सभी विषयों एवं कार्यप्रारूप की अपनी नैतिकता होती है। उसी प्रकार समाज कार्य अभ्यास की भी अपनी नैतिकता होती है। समाज कार्य अभ्यास की नैतिकता समाज कार्य के सिद्धांतो से प्रभावित होती है, जिसके अंतर्गत लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता करना, सामाजिक अन्याय के विरोध में आवाज उठाना, मानवीय गरिमा की रक्षा करना, समाज में परस्पर अंत:निर्भरता एवं सहिष्णुता को बढ़ावा देना तथा समाज में सक्षमता को मजबूत करना होता है। समाज कार्य अभ्यास की दृष्टि से ये सभी उपर्युक्त मूल्य उच्च मानवीय मूल्यों की सूचक हैं, ऐसे में धर्म समाज कार्य अभ्यास के परिप्रेक्ष्य में अहम भूमिका निभा सकता है। धर्म का तात्पर्य महान मूल्यों को धारण करके अपने जीवन को मर्यादित रूप में जीने से होता है। एक सच्चा धर्म व्यक्ति के अंदर परमार्थ की भावना पैदा करता है, जिसके कारण व्यक्ति के जीवन के कर्म की दिशा स्वार्थ केंद्रित न होकर समाज केंद्रित हो जाती है। धर्म का मूल्य अंश सत्य एवं त्याग होता है। एक समाज कार्य अभ्यास के अंतर्गत मूल्यों की अत्यधिक जरूरत पड़ती है। जब समाज कार्य अभ्यास की प्रक्रिया में मूल्यों को समाविष्ट किया जाता है तो समाज कार्य अभ्यास के नैतिकता की दृष्टि से व्यक्ति के विकास के साथ-साथ उसकी गरिमा की रक्षा होती हो और समाज में वैमनस्यता एवं असमानता जैसी बुराइयां खत्म हो जाती हैं।

भारत में प्राचीन काल से ही भारतीय ज्ञाताओं ने माना है कि ‘सेवा परमो धर्म:’ अर्थात सेवा परम धर्म है, लेकिन कुछ विशेष सेवा हेतु विशिष्ट ज्ञान एवं निपुणता की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग यहां होता रहा है। भारत में समाज कार्य पारस्परिक सहायता, दान और विश्वप्रेम के रूप में प्राचीन काल से ही विद्यमान है। समस्या ग्रस्त व्यक्ति की सेवा और आपसी सहयोग एवं पारस्परिक सहायता से कार्य करने की भावना प्राचीन काल से ही भारतीयों का अपना विशिष्ट गुण रहा है। “भारतीय मनीषी त्याग एवं तपश्या के प्रतीक थे अत: अर्थ की तो कामना ही नहीं करते थे (सिंह & पांडेय 2017,

पृ.153)।” भारतीय संस्कृति में सेवा, विश्वप्रेम एवं पारस्परिक सहायता के मूल्यों को विशेष महत्ता प्रदान की गई है। गरीबों को दान देना एवं दिव्यांगों को भोजन कराना और उनकी देखभाल करना आदि विभिन्न कार्य प्राचीन काल से ही हमारे यहां प्रचलित थे। आज आवश्यकता है कि इसी को आधार बनाकर नये स्वरूप में समाज कार्य को संगठित करें।

निष्कर्ष

भारत में समाज कार्य की व्यावसायिक स्थिति के अध्ययन के उपरांत यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि भारत में समाज कार्य आज भी व्यावसायिक दर्जा को प्राप्त नहीं कर सका। समाज कार्य को भारतीय परिप्रेक्ष्य में अगर व्यावसायिक दर्जा प्राप्त करना है तो स्वदेशी ज्ञान, साहित्य एवं निपुणताओं के आधार पर अपनी पाठ्यचर्या को पुन: संरचित करने की आवश्यकता है। समाज कार्य की पाठ्यचर्या को भारतीय परिवेश के अनुरूप गढ़ना होगा तथा उसे एक नया स्वरूप स्वरूप प्रदान करना होगा। इस नए स्वरूप में प्राचीनतम पद्धतियों एवं परंपरागत ज्ञान को आधार बनाकर समकालीन समय के अनुरूप एक ऐसा स्वरूप प्रदान करने की जरूरत है, जिसमें आधुनिक विज्ञान एवं तकनीकी के साथ भारतीय अध्यात्म, दर्शन, संस्कृति आदि का समावेश हो। आधुनिक युग में विभिन्न समाज सुधारकों एवं विद्वानों ने सामाजिक कार्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए हैं और इससे संबंधित अवधारणाएं विकसित की हैं। आज आवश्यकता है कि समाज कार्य की पाठ्यचर्या में उनके अनुभवों, ज्ञान एवं प्रयोग इत्यादि को देशज स्वरूप में प्रतिरूपित किया जाए। आधुनिक युग में समाज कार्य के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रमुख समाज सुधारकों के मूल्य समाज कार्य को व्यावहारिक एवं भारत में व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करने में सक्षम हैं। राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर, विनोबा भावे एवं नानाजी देशमुख आदि प्रमुख समाज सुधारकों ने सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन लाने तथा सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ता लाने उद्देश्य से विविध कार्य किए हैं, जिनके अनेकों परिणाम समाज में उदाहरण स्वरूप विदित है। इस तरह समाज कार्य को भारतीय परिवेश में व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करने हेतु पाश्चात्य ज्ञान एवं प्रविधियों आदि को छोड़कर अपने पाठ्यचर्या को पुन:संरचित कर अपने दर्शन, साहित्य, संस्कृति आदि को समावेशित कर नये स्वरूप में गठित करना होगा। यही हमारी आवश्यकता भी है और भारत में समाज कार्य को व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करने का रास्ता भी है।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

संदर्भ-सूची

1. *शास्त्री, रा. (2016). समाज कार्य. लखनऊ : उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान.*
2. *सिंह, सु. & वर्मा, आर. (2014). भारत में समाज कार्य के क्षेत्र. लखनऊ : न्यू रॉयल बुक कंपनी.*
3. *सिंह, की. & पाण्डेय, बा. (2017). भारत में समाज कार्य के नये आयाम. लखनऊ : भारत बुक सेंटर.*
4. *पाण्डेय, बा. & पाण्डेय, ते. (2018). सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य. नई-दिल्ली : रावत प्रकाशन.*
5. *मदन, जी. (2014). समाज कार्य. दिल्ली : विवेक प्रकाशन.*
6. *सिंह, सु. & मिश्र, पी. (2017). समाज कार्य : इतिहास, दर्शन एवं प्रणालियां. लखनऊ : न्यू रॉयल बुक कंपनी.*
7. *कुमार, गि. (2013). समाज कार्य के क्षेत्र. लखनऊ : उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान.*
8. *Misra, P.D. & Misra, Bina. (2016). Social work Profession in India. Lucknow : New Royal Book Company.*
9. *हाजरा, अ. (2012, 08, 10). भारत में सामाजिक कार्य की वर्तमान संभावनाएँ, इंडिया वाटर पोर्टल. (https://hindi.indiawaterportal.org/content/bhaarat-mean-saamaajaika-kaarya-kai-varatamaana-sanbhaavanaaen/content-type-page/38335)*

चंद्रपुर में स्वास्थ्य समस्या और सीएसआर की पहल का अध्ययन

(A Study of Health problems and CSR initiatives in Chandrapur)

डॉ. मिथिलेश कुमार तिवारी
सहायक प्राध्यापक, प्रयागराज केंद्र
(वर्धा समाज कार्य संस्थान)
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,
वर्धा महाराष्ट्र

सुश्री. माधुरी श्रीवास्तव
पीएच-डी. शोधार्थी
(वर्धा समाज कार्य संस्थान)
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,
वर्धा महाराष्ट्र

सारांश(Abstract)-

प्रस्तुत शोध पत्र में कंपनी अधिनियम 2013 की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का अध्ययन किया गया हैं। जिसमें कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा चंद्रपुर में होने वाले प्रदूषण को कम करने की गतिविधियां कितनी प्रभावी हैं , इसका अध्ययन किया गया हैं , जिसमें यह जानने का प्रयास किया गया हैं की चंद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले स्वास्थ्य समस्या कम करने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा क्या क्या उपाय या क्या उपक्रम किए गए हैं और कितना सफलता पूर्वक प्रयास रहा हैं इसका अध्ययन किया गया हैं। इस शोध पत्र का उद्देश्य चंद्रपुर में सीएसआर द्वारा स्वास्थ्य हेतु किए गए उपाय को समझना हैं।

मुख्य शब्द (Key word) – चंद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र, स्वास्थ्य समस्या, CSR

प्रस्तावना –

औद्योगिककरण द्वारा हम विविध समस्याओं को देख सकते हैं जिसमें पर्यावरणीय क्षति महत्वपूर्ण हैं। उद्योग शुरू करने के लिए पेड़ की कटाई होती हैं, शहरीकरण के लिए बड़े स्तर पर प्रकृति के साथ मानव हस्तक्षेप करता हैं। बढ़ती हुई मानवी आवश्यकता और आधुनिकीकरण, रोजगार ऐसे कितने ही मुद्दे हैं जिसके कारण लोग गाँव से सीधा शहरों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। मानवी जरूरुतों ने उद्योग के विविध गुंजाइशों(scope) को जन्म दिया हैं। जिससे बड़े बड़े औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिला हैं। यह बड़े बड़े औद्योगिक क्षेत्र ज्यादा तर नदियों के किनारे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में पानी की आपूर्ति आसानी से हो पाए इसीलिए नदियों के किनारे स्थापित किए जाते हैं। ऐसे कारखानों से निकलने वाले जहरीले पदार्थ,

वायु और द्रव के रूप में कुछ नदी में घुल जाते हैं तो कुछ हवा को दूषित करते हैं। जिससे नदी के जीव जन्तु साथ ही पशु पक्षी के साथ साथ मानव के स्वस्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करते हैं। औद्योगिक क्षेत्र द्वारा होने वाली विभिन्न समस्याओं की रोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं। हमारे पास बहुत ही सीमित संसाधन हैं फिर भी हम तेजी से संसाधनों का उपयोग किए जा रहे हैं। ऐसे औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर द्वारा प्रयास तो किए जा रहे हैं, साथ साथ सरकारी एवं गैर- सरकारी संगठन के क्षेत्र द्वारा समस्याओं के रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन सीमित संसाधन के कारण जैसे आर्थिक संसाधन, मानव संसाधन के कारण हम अपने लक्ष्यों तक पहुँचने में चूक रहे हैं। सरकारी एवं गैर- सरकारी संगठन को भी यह चुनौती पूर्ण कार्य करने में समस्याओं का सामना करना पड़ा हैं। ऐसे ही समस्याओं को कम करने के लिए **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व** (CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY) को हमारे समाने प्रस्तुत किया गया था। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा भारत के निजी क्षेत्र कंपनी अब समाज मे होने वाली समस्याओं को ठीक करने में अपना पूर्ण रूप से सहयोग कर रही हैं । स्वास्थ्य समस्या की रोकथाम के लिए **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व** द्वारा किए जाने वालें उपाय का अध्ययन इसी शोध पत्र के माध्यम किया गया हैं।

साहित्य पुनरावलोकन (Review Literature)-

अमेरिका खाद्य सेवा समूह का कोविड 19 के दौरान विकट परिस्थिति से बचने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी उपाय को अपनाया हैं ऐसा अध्ययन किया गया हैं। अमेरिका खाद्य समूह ने अपने हितधारकों के लिए, उन्हे कोविड से बचाने के लिए रेस्टोरेंट(restaurant) के माध्यमों से लोगो की सहायता करने का प्रयास सीएसआर के माध्यम से किया गया हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में दर्शाया गया हैं कि कापर्स भाषा विज्ञान की सहायता से तीन चरणों में अमेरिका के दस होटल से प्रेस विज्ञप्ति के जरिए विश्लेषण किया गया हैं साथ ही सीएसआर की पहचान के साथ अपने हितधारकों के बीच निर्माण हुए संकट के बीच जुड़ता हैं। इस शोध पत्र से याह जानने का भी प्रयास किया गया हैं कि सीएसआर प्रासंगिक समस्याओं का समाधान करता हैं साथ ही संगठनात्मक तौर पर संकट से निपटने में सीएसआर काफी प्रभावी रहा हैं। शोधकर्ता ने प्रस्तुत किया हैं कि अमेरिकी होटल निगमों द्वारा कोविड 19 महामारी से निपटने के प्रयास के साथ साथ हितधारकों के सख्त और कोविड के कारण सहन किए गए दर्द को कम करने का प्रयास सीएसआर ने किया हैं।

(JuanjuanOu, January 2021)। कंपनी के नैतिक ज़िम्मेदारी को सीएसआर के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया हैं। उन्होने बताया हैं कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के जरिए कंपनियों को एकीकृत किया जाता हैं जिसे कोई भी एक तरह से परिभाषित नही कर सकता हैं। साथ ही इसकी अवधारणा व्यापार जगत में व्यापक हैं। सीएसआर की महत्ता (importance) अनुसंधान के क्षेत्र में उन

सिद्धान्त और मॉडेल को विकसित कर रहे हैं जो समाज के हितधारक की जरूरतों पर विचार करते हैं या किया जाता हैं। स्टेकहोल्डर सेंटर्ड दृष्टिकोण को दर्शाता हैं। सीएसआर के माध्यम से संस्थागत अभियान का उद्देश्य समस्या अथवा संघर्ष के नैतिक आयाम को समझते हुए निर्णय एवं प्रबंधन (Management) करना हैं।

(Sara Rodriguez-Gomez, 20 August 2020) प्रस्तुत शोध पत्र कर्मचारी एवं सीएसआर की गतिविधि को दर्शाता हैं। जब कर्मचारी बाहर जा कर काम करते हैं, या अपना सब कुछ देकर कंपनी के मुनाफे में अपना योगदान देते हैं। तब वह अपनी नौकरी को केवल अपनी सैलरी/तनख़्वाह के रूप से कुछ अधिक पाने के रूप में काम करते हैं। साथ ही अपने काम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयास करते हैं। साथ ही उनकी सैलरी से अधिक पाने की चाह उन्हें काम करने के लिए अधिक उत्सुक बनाती हैं। कर्मचारी के इस योगदान का उनके कार्य विवरण से कभी जोड़ने का प्रयास नही किया जाता हैं। कभी -कभी संगठन शांतिपूर्ण वातावरण निर्माण करता हैं और उन्हें अधिक कार्य करने के लिए बढ़वा देता हैं। इस कारण इस शोध पत्र में कर्मचारियों की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व धारणा के प्रभाव की जांचकी गयी हैं। कर्मचारियों के नौकरी की संतुष्टि, भावनात्मक प्रतिबद्धता साथ ही संगठनात्मक नागरिकता का विचार किया गया हैं। जिसमें यह सामने आया हैं कि कर्मचारियों की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व धारणा संगठनात्मक व्यवहार के साथ महत्वपूर्ण और सकारात्मक जुड़ाव हैं। साथ ही कर्मचारियों के भावनात्मक दृष्टिकोण को देखते हुए कर्मचारीयों की सीएसआर एवं संगठनात्मक व्यवहार के बीच हितधारकों तक मध्यस्थ के रूप के सक्रिय होते हैं।

(Asadullah Khaskheli, 03 August 2020) प्रस्तुत शोध पत्र कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय सेवा साथ ही पर्यटन क्षेत्र के बीच संबंध का परीक्षण करता हैं। इस शोध पत्र मे यह जांच किया हैं कि क्या कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति उस क्षेत्र में इस एसोसिएशन को मोड़रेट करती हैं। इस उद्देश्य प्राप्ति के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को दो तरह अर्थात कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का कार्य एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्य मे बदलाव का उपयोग किया गया हैं। साथ ही सीएसआर में फोर्मिंग को भी समझने का प्रयास किया गया हैं। फ़र्म के कार्य को तीन आयामों मे मापा गया हैं - पहला मार्केट के आधार पर, दूसरा लेखा के आधार पर, तीसरा बिक्री के आधार पर। 2011 से 2018 तक थॉमस रोयटर्स इकोन डेटाबेस के आधार पर इन तीन क्षेत्र के डेटा को प्राप्त किया गया था। यह ज्ञात होता हैं कि वित्तीय क्षेत्र में सीएसआर द्वारा फ़र्म मूल्य उत्पन्न करता हैं साथ ही स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्र नहीं कर सकते हैं। सीएसआर समितियों को स्वास्थ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में बदलाव लाने की जरूरत हैं यह सुनिश्चित करना होगा।

(S.Karamand, 15 October 2021) यह शोध पत्र बहु पद्धति दृष्टिकोण से विश्लेषण किया गया हैं जिसमें फैशन आपूर्ति श्रृंखलाओं में सीएसआर की गतिविधियों को उजागर करता हैं। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से शोधर्थियों ने सीएसआर और फैशन, कार्यात्मक ब्रांड के प्रति उपभोक्ताओं के अपेक्षाओं की जांच की हैं। साथ ही यह उजागर करते हैं कि उच्च कीमत वाले साथ ही कार्यात्मक ब्रांड के लिए कम विज्ञापन स्तर के साथ उच्च सीएसआर प्रतिबद्धता करना जरूरी हैं। सीएसआर सुधार की स्थिति बनाने के हेतु बड़े बड़े फैशन ब्रांड को लुभाने के लिए, साथ ही ब्लॉक चैन जैसी विघटन कारी तकनीकों के उपयोग का प्रस्ताव करते हैं। यह भी सामने लाने का प्रयास किया गया हैं कि सीएसआर द्वारा फैशन कार्यात्मक ब्रांड के पहल को गहनता से समझने का प्रयास किया गया हैं।

(Hau-LingChanaXiaoyongWeibShuGuocWing-HongLeungd, October 2020,) प्रस्तुत लेख कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और कर्मचारियों की भलाई साथ ही हरित व्यवहार और पर्यावरण जागरूकता के तीन स्तर अर्थात जागरूकता, चिंता और ज्ञान के प्रभाव को दर्शाता हैं। प्रस्तुत शोध आलेख को समझने के लिए शोधकर्ताओं ने जीव प्रतिक्रिया मॉडल के अनुरूप कार्य करने का प्रयास किया हैं। साथ ही सामाजिक विनिमय के सिद्धान्त का उपयोग कर्मचारियों के भलाई के साथ साथ उनके व्यवहार को समझने का प्रयास किया गया हैं। शोध का निष्कर्ष यह बताता हैं कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा पर्यावरण संबंधी चिंता एवं ज्ञान, कर्मचारियों की भलाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं। कर्मचारियों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से जुडने के बाद पर्यावरण से अधिक जुड़ाव देखा गया हैं ऐसा प्रस्तुत शोध पत्र के निष्कर्ष बताते हैं।

(Mansoora Ahmed, 03 June 2020) यह लेख दर्शाता हैं कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पिछले कुछ दशकों से चर्चा का विषय रहा हैं। साथ ही मौजूदा साहित्य द्वारा बड़े बड़े संगठनों के साथ सीएसआर के माध्यम से सामाजिक बदलाव हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन समझने वाली बात यह हैं कि सीएसआर केवल बड़ी बड़ी कंपनी द्वारा ही संचालित किए जाते हैं। जबकि छोटे और मध्यम उद्योगों पर बहुत कम ध्यान केन्द्रित होता हैं या ध्यान ही नहीं दिया जाता हैं। इस अध्ययन में यह पाया गया हैं कि पाकिस्तान जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के संदर्भ में छोटे ही मात्रात्मक रूप से छोटे अथवा मध्यम उद्योगों पर ध्यान केन्द्रित किया जाता हैं। लेकिन यह भी सच हैं कि पाकिस्तान का लघु मध्यम उद्योग क्षेत्र कुछ बाधाओं के कारण कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समितियां नहीं बना रहा हैं साथ ही सीएसआर के रूप में सक्रिय नही हैं , न ही सीएसआर में यह भाग ले रहा हैं। जिसका कारण हैं कि पाकिस्तान का यह क्षेत्र सीएसआर पहल करने से खुद को रोकने का प्रयास कर रहा हैं। जिसका विश्लेषण करते हुए यह ज्ञात हुआ हैं कि सीएसआर बाधाओं को पाँच प्रासंगिक रूप से देखने का प्रयास किया गया हैं। जिनमें **संसाधन की कमी, प्रबंधन की कमी, नियमों की कमी, सीएसआर ज्ञान**

की कमी, निष्क्रिय ग्राहक व्यवहार शामिल हैं। इस प्रकार यह शोध पत्र सीएसआर की बाधाओं को उजागर करने का प्रयास करता हैं।

(Zengming Zou 1, 19 January 2021) सीएसआर सामाजिक प्रभाव के लिए एक सकारात्मक दिशा प्रदान करता हैं। सीएसआर गतिविधि को कॉर्पोरेट प्रबंधन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कारक माना गया हैं। इस शोध पत्र से यह ज्ञात होता हैं कि भविष्य में कॉर्पोरेट लाभ के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी की गतिविधियों के बारे मे हितधारकों की धारणा को समझने की अत्याधिक आवश्यकता होती हैं। इस अध्ययन में कॉर्पोरेट की छवि, हितधारकों का व्यवहार साथ ही दीर्घकालिक सम्बन्धों को दर्शाया हैं जिसमें ज्ञात होता हैं कि सीएसआर की छवि जैसे नैतिक, आर्थिक, कानूनी एवं परोपकारी हैं। जिसमें उपभोकताओं की मदत करना आदि हैं। सीएसआर संगठनात्मक लक्ष्य के रूप में दीर्घ कालिक संबंध को निर्माण करने का एक सफल प्रयास साबित हुआ हैं। जिसमें कॉर्पोरेट कंपनी सीएसआर के माध्यम से अनुभवजन्य निहितार्थ प्रदान करती हैं।

(MinjungKimaXuemeiYinbGyuminLee, July 2020) प्रस्तुत शोध पत्र में शोधर्थियों ने उजागर किया हैं कि उद्योगो में सीएसआर की महत्ता बढ़ती नज़र आ रही हैं। कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी एवं कर्मचारियों के बीच संबंध पर कर्मचारी सार्थकता और करुणा की मध्यस्था करते हुए सीएसआर की गतिविधियों को अर्थपूर्ण दिशा प्रदान करता हैं। अगर सीएसआर एक सफल प्रयास बन रहा हैं तो उसका कारण सकारात्मक मनोवृत्ति कर्मचारियों की सहभागिता ही हैं।

(UlIslam, September 2020) कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी रेपोर्टिंग टूल की संख्या बढ़ रही हैं। चिकित्सकों के लिए सीएसआर रेपोर्टिंग टूल का उपयुक्त चयन करना जटिल हो गया हैं। सामाजिक समस्या का समाधान करने के लिए सीएसआर एक रेपोर्टिंग टूल को मानक, फ्रेमवर्क, एवं रेटिंग साथ ही सूचकांक वर्गों में वर्गीकृत किया हैं। इस वर्गीकरन के आधार पर सीएसआर रेपोर्टिंग टूल 2001 से 2016 के बीच प्रकाशित जर्नल पेपर के मध्यम से शोधर्थियों के दृष्टिकोण को नियोजित किया हैं। साथ ही यह भी ज्ञात होता हैं कि सीएसआर रेपोर्टिंग टूल जैसे मानकों, रेटिंग, आदि को सीएसआर रेपोर्टिंग में लागू नहीं किया जाता हैं। अगर इस सीएसआर टूल का अच्छे से उपयोग किया जाए तो समाज में सीएसआर की प्रभाविता का अध्ययन किया जा सकता हैं।
(OlubunmiOlanipekunaTemitopeOmotayobNajimuSaka, July 2021)

शोध प्रविधि(Research Methodology)

प्रस्तुत शोधपत्र गुणात्मक स्वरूप का हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में प्रतिदर्श हेतु सीएसआर कंपनी का चयन स्नोबॉल प्रतिदर्श प्रविधि से किया गया हैं। जो वर्णनात्मक अनुसंधान अभिकल्प में आएगा। प्रस्तुत शोध

हेतु तथ्यों का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक पद्धति द्वारा किया गया हैं। प्राथमिक तथ्य संकलन के लिए असंरचित साक्षात्कार का उपयोग किया गया हैं एवं द्वितीयक तथ्य संकलन के लिए ग्रंथालय प्रविधि का उपयोग किया गया हैं। लेकिन तथ्यों का विश्लेषण सीएसआर रिपोर्ट के आधार पर किया गया हैं जिसमें वर्ष 2019-2020 को शामिल किया गया हैं। साथ ही प्रकाशित तथ्यों का संकलन कर अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया हैं।

शोध प्रश्न (Basic Research question) –

1. चंद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण से होने वाली स्वास्थ्य समस्या कौन - कौन सी हैं ?
2. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति द्वारा स्वास्थ्य सुधार हेतु किस प्रकार निवेश किया जा रहा हैं ?

शोध के उद्देश्य (Research Objective)-

- चंद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्या का अध्ययन करना।
- चंद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की गतिविधि का अध्ययन करना एवं प्रासंगिकता को समझना हैं।

तथ्यों का विश्लेषण (Data Analysis)-

प्रस्तुत शोध पत्र चंद्रपुर की सीएसआर कंपनी की गतिविधियों पर आधारित हैं। जिसमें यह जानने की कोशिश की गयी हैं की चंद्रपुर की कंपनी अपने आय/income/उत्पादन के साथ साथ समुदाय, समाज के लिए अपनी ज़िम्मेदारी को किस प्रकार से निर्वहन कर रही हैं इसका अध्ययन किया गया हैं। प्रस्तुत शोध पत्र हेतु, अंबुजा सीमेंट कंपनी चंद्रपुर, वेस्टर्न कोल लिमिटेड चंद्रपुर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया(Alloy plant चंद्रपुर), धारीवाल इनफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड चंद्रपुर आदि शामिल हैं।

अंबुजा सीमेंट कंपनी / सीएसआर-

अंबुजा सीमेंट कंपनी की स्थापना साल 1983 में की गयी थी। सुरेश नियोटिया और नरोत्तम सेख्सरिया इन दो व्यापारियों द्वारा सीमेंट का कम ज्ञान होते हुए भी अपनी दूरदृष्टि के साथ कंपनी की स्थापना की थी। अंबुजा सीमेंट संस्था भारत के 46 जिलों में कार्य करते हुए अभी तक 26 लाख लोगों के जीवन में बदलाव लाने में सफल हुई हैं। लेकिन प्रस्तुत शोध पत्र में केवल चंद्रपुर महाराष्ट्र के स्वस्थ्य विषयक कार्यक्रम का विश्लेषण किया गया हैं जो निम्नानुसार हैं।

सारणी क्रमांक 1- (स्वास्थ्य विवरण)

सीएसआर एजेंसी / Agency Name	स्वास्थ्य पर खर्च /	कार्यक्रम का नाम / Name of program	हितधारक / Beneficiary	सीएसआर का स्थान/ Location

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

	Expenditure on Health			
अंबुजा फ़ाउंडेशन	43 लाख रुपए	सामुदायिक दवाखाना, मातृ शिशु स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, स्वच्छ और तंबाकू मुक्त कार्यक्रम ,	गाँव के सभी लोग, महिलाएं, बच्चे, किशोरी लड़कियां आदि	चंद्रपुर के 8751 गाँव (महाराष्ट्र)

Source-
https://www.ambujacementfoundation.org/uploads/cleanupload/ACF_AR_19_20.pdf

उपरोक्त सारणी दर्शाती हैं की सीएसआर गतिविधियों में अंबुजा सीमेंट कंपनी द्वारा स्वास्थ्य के संदर्भ में 43 लाख रुपए खर्च किए हैं। जिसमें कि सामुदायिक दवाखाना, मातृ शिशु स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, स्वच्छ और तंबाकू मुक्त कार्यक्रम शामिल हैं। सीएसआर के अंतर्गत हितधारकों में गाँव के सभी लोग, महिलाएं, बच्चे, किशोरी लड़कियां आदि शामिल हैं। साथ ही स्वास्थ्य विषयक कार्यक्रम चंद्रपुर के सभी गाँव में संचालित किए गए हैं। प्राप्त तथ्यों से यह ज्ञात होता हैं कि अंबुजा सीमेंट कंपनी द्वारा सीएसआर के माध्यम से लोगों में उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। स्वच्छता से लेकर माता- शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जाता हैं जिससे कि समुदाय में सभी को अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त हो सके ऐसा प्रयास रहा हैं।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)/ सीएसआर –

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत चंद्रपुर में फेरो अलॉय प्लांट स्थापित हैं। मिनिस्टरी ऑफ स्टील अँड माइन द्वारा उद्योग के लिए एक मॉडेल विकसित करने का मसौदा तैयार किया था, जिसे 2 दिसंबर 1972 में संसद में प्रस्तुत किया गया था। जिसके अंतर्गत उद्योग प्रबंधन द्वारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का गठन किया गया था। इस स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड कंपनी को 24 जनवरी 1973 में अधिकृत पूंजी के साथ शामिल किया गया था। जिसे भिलाई, बोकारो, दुर्गापुर, बर्नपुर , राऊरकेला में पाँच एकीकृत मिश्र धातु इस्पात संयंत्र(Alloy Steel Plant), साथ ही सेलम इस्पात संयंत्र(Salem Steel Plant) को 1978 में पुनर्गठित किया गया था। साल 2011 से चंद्रपुर फेरो

अलॉय प्लांट भारत का मैंगनीज आधारित फेरो एलॉय के उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र साबित हुआ हैं। साथ साथ स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड समाज के हित के लिए सामुदायिक ज़िम्मेदारी को निभाने का प्रयास भी किया हैं जिसे निम्न सारणी द्वारा दर्शाया गया हैं।

सारणी क्रमांक 2- (स्वास्थ्य विवरण)

सीएसआर एजेंसी / Agency Name	स्वास्थ्य पर खर्च / Expenditure on Health	कार्यक्रम का नाम / Name of program	हितधारक / Beneficiary	सीएसआर का स्थान/ Location
Not Declared	810 लाख रुपए	1500 हेल्थ कैंप, 3 करोड़ Plant for Emergency कोविड 19, 5 करोड़ PM care fund	सभी लोग, महिला- पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग आदि।	महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, तमिलनाडु, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़ीसा आदि

Source - https://sail.co.in/sites/default/files/2020-10/SAIL-Sustainability-Report-2019-20-17.pdf
https://indiacsr.in/corporate-social-responsibility-of-sail/
https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1707218

उपरोक्त सारणी के तथ्यों का विश्लेषण स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के वार्षिक रिपोर्ट द्वारा किया गया हैं जिसमें सामुदायिक ज़िम्मेदारी के प्रति कंपनी ने अपना योगदान देते हुए स्वास्थ्य पर कुल सीएसआर फंडिंग द्वारा 810 लाख रुपए खर्च किए हैं। जिसमें 1500 हेल्थ कैंप, 3 करोड़ Plant for Emergency कोविड 19, 5 करोड़ PM care fund आदि को शामिल किया गया हैं। SAIL के हितधारक में सभी को शामिल किया गया हैं , जिसे देश के महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, तमिलनाडु, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़ीसा आदि राज्य को शामिल किया गया हैं। प्राप्त तथ्य से यह स्पष्ट होता हैं की सेल द्वारा जितना उत्पादन किया जा रहा हैं उतना ही सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरा करने का प्रयास किया गया हैं।

वेस्टर्न कोल लिमिटेड(डबल्यूसीएल) सीएसआर-

वेस्टर्न कोल लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड की 8 सहायक कंपनियों से एक हैं। कोल इंडिया लिमिटेड कोयला मंत्रलाय की सबसे बड़ी एजेंसी में शामिल हैं। चंद्रपुर में वेस्टर्न कोल लिमिटेड हैं जिसका मुख्यालय नागपूर शहर में हैं। चंद्रपुर में यह कोयला खदानों द्वारा रोजगार तो मिला हैं लेकिन स्वास्थ्य की समस्या भी बढ़ी हैं , खदानों द्वारा जमीन अंदर ही अंदर खोखली तो होती ही जा रही हैं साथ ही

साथ खदान के परिसर में रहने वाले लोगों के साथ साथ खदानों से दूर रहने वालों में भी स्वास्थ्य की समस्या भी देखने मिलती हैं। कोयले के सूक्ष्म कणों द्वारा अस्थमा जैसी जानलेवा बीमारियाँ बच्चों में भी देखने के लिए मिल रही हैं। जिस कारण प्रस्तुत शोध पत्र द्वारा वेस्टर्न कोल लिमिटेड द्वारा सामाजिक जिम्मेदारियों को देखते हुए स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को कम करने के लिए किस प्रकार के प्रावधान किए गए हैं यह समझने का प्रयास किया गया हैं। प्रस्तुत तथ्य का विश्लेषण डबल्यूसीएल के पब्लिक डाटा के अनुसार किया गया हैं। जिसे समझने एवं समझाने का प्रयास प्रस्तुत शोध पत्र द्वारा किया हैं।

सारणी क्रमांक 3 - (स्वास्थ्य विवरण)

सीएसआर एजेंसी / Agency Name	**स्वास्थ्य पर खर्च / Expenditure on Health**	**कार्यक्रम का नाम / Name of program**	**हितधारक / Beneficiary**	**सीएसआर का स्थान/ Location**
Not Declared	35.6 लाख रुपए	हेल्थ कैंप, कम्यूनिटी क्लीनिक, Renovation of Toilet, स्वच्छता कॉम्पटिशन, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम	All people of villages	चंद्रपुर, बल्लारशाह, तडाली, वणी

Source- http://103.59.142.228:8081/wclweb/CSR-activites-2020-21.pdf
http://westerncoal.in/sites/default/files/userfiles/CSR-Budget_Exp.pdf
http://westerncoal.in/sites/default/files/userfiles/CSR-activities-2019-20.pdf

उपरोक्त सारणी में प्राप्त तथ्यों से ज्ञात होता हैं की वेस्टर्न कोल लिमिटेड द्वारा साल 2019-2020 में कुल सीएसआर फंडिंग में से 35.6 लाख रुपए खर्च किए हैं। जिसमें चंद्रपुर के तहसीलों में चंद्रपुर, बल्लारशाह, तडाली, वणी को शामिल किए हैं। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में हेल्थ कैंप, कम्यूनिटी क्लीनिक, Renovation of Toilet, स्वच्छता कॉम्पटिशन, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आदि संचालित किए गए हैं। साथ ही सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए अलग अलग स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किए हैं। यह तो स्पष्ट हैं की सामाजिक जिम्मेदारियों को पूर्ण करने का प्रयास वेस्टर्न कोल लिमिटेड द्वारा किया गया हैं।

धारीवाल प्रायवेट लिमिटेड / सीएसआर –

धारीवाल प्रायवेट लिमिटेड एक कोल बेस्ड विद्युत उत्पादन कंपनी हैं जो चंद्रपुर शहर के तडाली एरिया में स्थित हैं। यहाँ कोयले द्वारा बिजली उत्पादन किया जाता हैं। यह कंपनी विद्युत उत्पादन की गुणवत्ता,

व्यावसायिक संबंधी सभी वैधानिक, आवश्यकताओं का अनुपालन करती हैं। साथ ही सामुदायिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरणीय संवर्ध एवं मानवीय सुरक्षा हेतु अपना योगदान दे रही हैं। इस कंपनी द्वारा सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं लेकिन अभी तक कोई पब्लिक डेटा उपलब्ध नहीं हैं। निम्न तथ्यों का विश्लेषण गाँव के हितधारकों के साथ साक्षात्कार के बाद किया गया हैं।

सारणी क्रमांक 4 - (स्वास्थ्य विवरण)

सीएसआर एजेंसी / Agency Name	स्वास्थ्य पर खर्च / Expenditure on Health	कार्यक्रम का नाम / Name of program	हितधारक / Beneficiary	सीएसआर का स्थान/ Location
पहेल मल्टीपर्पज़ सोसायटी	Not Declared	हेल्थ कैंप, स्वच्छता कार्यक्रम, शौचालय की व्यवस्था	All people of villages	चंद्रपुर के 10 गाँव

Source-https://www.mpcb.gov.in/sites/default/files/constent-status/amended-consents-thermal-power-plants/Ms_Dhariwal_infrastructureLtdTPP.pdf

उपरोक्त सारणी में यह दर्शाया गया हैं कि द्वारा सीएसआर पर होने वाले निवेश की कोई जानकारी पब्लिक डोमैन में उपलब्ध नही हैं। संस्था सीएसआर के अंतर्गत चंद्रपुर के 10 गाँव को शामिल किया गया हैं। जिसमें पंधरकवाड़ा, धनोरा, शेनगाँव, तडाली, मोरवा, अंतुर्ला, सोनेगांव आदि शामिल हैं। उत्तरदाताओं से यह भी ज्ञात हुआ कि धारीवाल सीएसआर अंतर्गत गाँव में स्वास्थ्य के लिए हेल्थ कैंप, स्वच्छता कार्यक्रम, शौचालय की व्यवस्था आदि की गयी हैं। प्राप्त तथ्यों से यह ज्ञात होता हैं कि सीएसआर द्वारा गाँव में लोगों का जीवन सुधारने का प्रयास किया जा रहा हैं।

निष्कर्ष-

प्रस्तुत शोध पत्र चंद्रपुर जिले के सीएसआर गतिविधियों पर किया गया हैं जिसमें स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सीएसआर द्वारा क्या क्या कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं इसका अध्ययन करने का प्रयास किया गया हैं।

सीएसआर कंपनियों के गतिविधियों में मुख्य रूप से अपने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को समझना जरूरी हैं। अपने हितधारकों के जरूरत, समस्या की प्राथमिकता को निर्धारित करना चाहिए। एक

 ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

औद्योगिक कंपनी अपने उत्पादन, वितरण, विपणन, ग्राहक आदि पर ही ध्यान केन्द्रित करती हैं। लेकिन इन सब के साथ साथ सीएसआर में सामाजिक समस्याओं को समझने के लिए सरकारी-गैर सरकारी संगठन की सहायता के साथ समस्याओं को समझना होगा, एवं उसके हिसाब से हितधारक का प्राथमिक जरूरत के हिसाब से चयन करना होगा। जैसे औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाली बस्तियाँ और उसकी समस्या, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर होने वाले गंभीर परिणाम, बच्चों, बुजुर्ग आदि का वर्गीकरण करना और सीएसआर गतिविधियों को क्रियान्वित करना चाहिए। सीएसआर एक ऐसा माध्यम हैं जिससे प्रत्यक्ष रूप से सामाजिक बदलाव में एक बड़ा योगदान साबित हो सकता हैं।

Doctors and environmentalists at Chaupal Charcha held at the .. Chandrapur AQI always over 200, lif ..

Source -Read more at:

http://timesofindia.indiatimes.com/articleshow/87917662.cms?utm_source=contentofinterest&utm_medium=text&utm_campaign=cppst

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

संदर्भ-ग्रंथसूची

Works Cited

1. *2021, I. C. (2021, 07 23). CSR: BALCO conducts training program on Menstrual Health Management. Retrieved 5 3, 2021, from https://indiacsr.in/csr-balco-conducts-training-program-on-menstrual-health-management/*
2. *2. Asadullah Khaskheli, Y. J. (03 August 2020). Do CSR activities increase*
3. *organizational citizenship behavior among employees? Mediating role of affective commitment and job satisfaction. Wiley Online Library , volume 27 .*
4. *csr, i. (2021, 11 08). CSR : Honeywell to provide drinking water to 90000 people. Retrieved 12 2, 2021, from https://indiacsr.in/csr-honeywell-to-provide-drinking-water-to-90000-people/*
5. *Hau-LingChanaXiaoyongWeibShuGuocWing-HongLeungd. (October 2020,). Corporate social responsibility (CSR) in fashion supply chains: A multi-methodological study. Transportation Research Part E: Logistics and Transportation Review .*
6. *INDIACSR. (2021, 08 15). CSR: Tata Steel BSL to buy products made by village women through Gruhalaxmi Cooperative. Retrieved 11 2, 2021, from https://indiacsr.in/csr-tata-steel-bsl-to-buy-products-made-by-village-women-through-gruhalaxmi-cooperative/*
7. *JuanjuanOu, p. A. (January 2021). The coevolutionary process of restaurant CSR in the time of mega disruption. International Journal of Hospitality Management .*
8. *Maharashtra, F. C. (n.d.). CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY POLICY. Retrieved from http://www.fdcm.nic.in/DepotsBalharshah.aspx*
9. *Mansoora Ahmed, S. Z. (03 June 2020). Impact of CSR and environmental triggers on employee green behavior: The mediating effect of employee well-being. Corporate Social Responsibility and Environmental Management .*
10. *MinjungKimaXuemeiYinbGyuminLee. (July 2020). The effect of CSR on corporate image, customer citizenship behaviors, and customers' long-term relationship orientation. International Journal of Hospitality Management .*

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

11. *OlubunmiOlanipekunaTemitopeOmotayobNajimuSaka, A. (July 2021). Review of the Use of Corporate Social Responsibility (CSR) Tools. Sustainable Production and Consumption .*
12. *S.Karamand, C. (15 October 2021). CSR performance and firm performance in the tourism, healthcare, and financial sectors: Do metrics and CSR committees matter? Journal of Cleaner Production .*
13. *Sara Rodriguez-Gomez, M. L.-C.-P.-A. (20 August 2020). Where Does CSR Come from and Where Does It Go? A Review of the State of the Art. Administrative Sciences , Volume 10 (Issue 3).*
14. *UlIslam, O. (September 2020). Effect of CSR activities on meaningfulness, compassion, and employee engagement: A sense-making theoretical approach. International Journal of Hospitality Managemen .*
15. *Zengming Zou 1, Y. L.-U.-D. (19 January 2021). What Prompts Small and Medium Enterprises to Implement CSR? A Qualitative Insight from an Emerging Economy. Sustainability .*

धार्मिक साहित्यों में वर्ण व्यवस्था और समकालिक महत्त्व : एक संक्षिप्त विश्लेषण

सत्यार्थ सिंह
शोधार्थी, समाजशास्त्र एवं सामाजिक मानवशास्त्र विभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (अनूपपुर) मध्यप्रदेश। (Singhsatyarth30@gmail.com)

सारांश-
भारत के धार्मिक इतिहास में वर्ण-व्यवस्था का उच्च स्थान है, जो सामाजिक विरासत के रूप में वैदिक काल से आज तक उत्तर से दक्षिण तक निरन्तर चलायमान है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय समाज का वर्णों में बटवारा किया गया था। इसका प्रधान आधार रंग-भेद, प्राजातीय धारणा अथवा कर्म ही था। वैसे आर्यों ने इस विभाजन के अन्तर्गत यह व्यवस्था भी रखी थी कि कोई भी व्यक्ति कार्य-पद्धति, रुचि और मनःस्थिति के अनुसार वर्ण-परिवर्तन कर सकता था, किन्तु ऐसी विकल्पना व्यवहार में विरल ही थी तथा उत्तरवैदिक काल के परवर्ती युग आते-आते वर्ण-व्यवस्था का यह लचीलापन समाप्त हो गया था, उसमें कठोरता आ गई थी। यह सत्य है कि इसने समय-समय पर हिन्दू समाज की समस्त गतिविधियों को अपने विचारों और कार्यों से प्रभावित किया। फलतः देश में होने वाले अनेकानेक परिवर्तनों, संघर्षों तथा क्रान्तियों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कालान्तर में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक आदि सभी अवस्थाओं का इसने अपनी वर्णगत व्यवस्था से किसी-न-किसी रूप में दिशा निर्देश किया। इसी से संबन्धित वर्त्तमान अध्ययन वर्णों की उत्पत्ति, विकास तथा समकालिक महत्त्व पर केन्द्रित है।

बीज शब्द- धार्मिक इतिहास, वैदिक काल, सामाजिक विरासत, वर्ण व्यवस्था, उत्पत्ति, परिवर्तन, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र ।

प्रस्तावना-
प्राचीन धर्मशास्त्रों में वर्णों की उत्पत्ति ईश्वरकृत अथवा दैवी मानी गई है तथा उनके विभाजन को आदरपूर्वक पवित्र कहा गया है। इसे परम्परागत सिद्धान्त भी कहा जा सकता है। इस सिद्धान्त के अनुसार वर्णों की उत्पत्ति ईश्वरकृत है। 'वर्ण' शब्द की व्युत्पति संस्कृत के 'वृञ्' वरणे अथवा 'वरी' धातु से हुई है, जिसका अर्थ है ‘चुनना' या ‘वरण करना'। 'वर्ण' और 'वरण' शब्दों में साम्य है। संभवतः 'वर्ण' से तात्पर्य

'वृत्ति' से है, किसी विशेष व्यवसाय के चुनने से। समाजशास्त्रीय भाषा में 'वर्ण' का अर्थ 'वर्ग' से है, जो अपने चुने हुए विशिष्ट व्यवसाय से आबद्ध है। वास्तव में 'वर्ण' उस सामाजिक वर्ग की ओर इंगित करता है, जिसका समाज में विशिष्ट कार्य और स्थान है, जो अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण समाज के अन्य वर्गों अथवा समूहों से सर्वथा अलग होता है, तथा अपने हितों और स्थितियों के विषय में जागरुक होता है। 'आर्य' वर्ण और 'दास' वर्ण अथवा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण-व्यवस्था के अन्तर्गत आते हैं, जो समाज में केवल ब्राह्मण, क्षत्रीय, वैश्य और शूद्र के रूप में बने रहे।

भारतीय साहित्य में 'वर्ण' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ऋग्वेद में हुआ है, जो पूर्ववैदिक युग की समाज-रचना के प्रारम्भिक स्वरूप को स्पष्ट करता है। उसमें 'वर्ण' का प्रयोग 'रंग' अथवा 'आलोक' के अर्थ में है,' तथा यत्र-तत्र ऐसे वर्गों के लिए भी 'वर्ण' का व्यवहार हुआ है, जिनके शरीर की त्वचा श्याम थी अथवा श्वेत। तत्कालीन समाज में दो ही वर्ण थे, एक 'आर्य' और दूसरा 'अनार्य' या 'दास' (अथवा दस्यु)।' यह ऋग्वेद की रचना के पूर्व, अत्यन्त प्रारम्भ की सामाजिक व्यवस्था थी, जिसमें त्वचा को ही भेदक आधार माना गया था। ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर 'आर्य' और 'दास' (अनार्य) की अनेकता और भिन्नता 'वर्ण' के रूप में दर्शित की गई है। उनके पारस्परिक संघर्षों की भी चर्चा की गई है, जिसमें दासों के हारने और आर्यों के जीतने का उल्लेख है।' 'दास' वर्ग को 'अव्रत' (देवताओं के नियम और व्यवहार को अस्वीकार करनेवाले), 'मृध्रवाच' (अमधुरभाषी), 'अपनास:' (चिपटी नासिका वाले) तथा 'अक्रतु' (यज्ञ न करनेवाले) कहा गया है। इस प्रकार 'आर्य' और 'दास' वर्ण के रूप में दो प्रतिपक्षी जन-जाति थे। जो एक दूसरे से कार्य, व्यवहार, आचरण, संभाषण रंग आदि में भिन्न थे। तत्कालीन समाज का यह विभाजन वर्गीय और सांस्कृतिक था, जिससे दो विपरीत जनजातियों का स्वरूप विकसित हुआ। वेदों के अनुसार 'आर्य' सदाचरण और सद्वृत्तियों का अनुसरण करनेवाले थे तथा 'दास' दुर्वृतियों, अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को उत्पन्न करनेवाले आर्य बाहर से आए थे। उन्होंने हड़प्पा संस्कृति के निवासियों को पराजित किया और 'दास' बनाया। आर्यों तथा यहाँ के मूल निवासियों के रक्त और रंग में अन्तर था, भाषा और बोलचाल में अन्तर था, अचार-विचार और रहन-सहन में अन्तर था। दोनों वर्गों में जन्मगत्, रक्तगत, शरीरगत और संस्कारगत प्रजातीय भेद था। दोनों के कर्म भी अलग-अलग थे। अतः स्पष्ट रूप से 'आर्य' और 'दास' नामक दो वर्ण समाज में हो गए, जिनका वैदिक युग के प्रारम्भिक काल तक पृथक् अस्तित्व बराबर रहा।" अपने भेद-परक प्रभाव और महत्त्व को एक दूसरे वर्ण पर सिद्ध करने के लिए इस व्यवस्था के अन्तर्गत वर्णों के कायिक और वाचिक परस्पर मतभेद और संघर्ष भी होते रहे तथा प्रतिस्पर्धा स्वरूप एक दूसरे वर्ग के विरुद्ध निराधार तर्क भी प्रस्तुत किए जाते रहे।

शोध के उद्देश-

प्रस्तुत शोध पत्र वर्ण व्यवस्था का अध्ययन करता है, शास्त्रीय साहित्यों में वर्णित वर्ण व्यवस्था और उसके ईतिहास की संक्षिप्त जानकारी देना इस अध्ययन के उद्देश हैं। साथ ही बदलते समय के साथ वर्ण व्यवस्था में हुए परिवर्तन तथा समकालिक महत्त्व पर प्रकाश, इस अध्ययन के अन्य उद्देश है।

शोध विधि-

प्रस्तुत शोध पत्र द्यीतियक श्रोतों पर आधारित है, जिसमे श्रोतों के रूप में पुराने धर्म पुस्तक, रिफरेन्स बुक, सम्पादित बुक, विषय से सम्बंधित शोध पत्र, समाचार पत्र के सम्पादकीय में प्रकाशित आलेख, एवं इंटरनेट सामग्री का प्रयोग किया गया। वैदिक, उत्तरवैदिक काल में लिखित शोध की विषय-वस्तु का अध्ययन किया गया। इस शोध पत्र में वर्णात्मक, विश्लेषणात्मक पध्दतियों का प्रयोग किया गया है।

वर्ण-व्यवस्था का प्रारंभिक स्वरूप सामंजस्य और समन्वय :

वैदिक काल के पूर्व युग में ही वर्णों का समाज संगठित होने लगा था। 'आर्य' और 'दास' के रूप में दो प्रधान प्रतिस्पर्धी वर्ग सामने आ चुके थे। यह वर्गीकृत विभाग उनके प्रजातीय और सांस्कृतिक पार्थक्य का प्रतीक था। दोनों वर्ग परस्पर विरोधी रूप में आगे बढ़े। उत्तरवैदिक काल तक आते-आते 'आर्य' और 'अनार्य' ('दास') का विरोध और द्विवर्ग का स्वरूप समाप्त-सा हो गया। इनके स्थान पर चातुर्वर्ण का उल्लेख प्रारम्भ हो गया।' यद्यपि ऋग्वेद के 'पुरुषसूक्त' में चारों वर्णों का उल्लेख अवश्य हुआ है; किन्तु उस वंश की प्राचीनता उतनी नहीं है जितनी ऋग्वेद के अन्य प्रारम्भिक ऋचाओं की वैसे, इन चारों वर्णों के बीच पारस्परिक संबंध स्थापित थे। निश्चय ही ये संबंध अन्तर्जातीय विवाह के कारण थे, जिनके ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में वर्ण-सम्बन्धी उत्पत्ति के विवरण को स्वीकार किया गया है। इसके वर्णन के अनुसार वर्णो की उत्पत्ति विराट् पुरुष से हुई थी। उसके मुख से ब्राह्मण, बाहु से क्षत्रिय, उरु (जाँच) से वैश्य तथा पद (पैर) से शूद्र उत्पन्न हुए। यह उद्धरण इस बात का अवश्य प्रमाण है कि पूर्ववैदिक युग का परवर्ती समाज चार भागों में विभाजित हो चुका था तथा यह विभाजन सृष्टिकर्त्ता द्वारा माना गया था। यह सृष्टिकर्त्ता अथवा विराट् पुरुष हजार सिर, हजार आँखों और हजार पैरों वाला था, जो भूत और भविष्य दोनों था और जिससे सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी। अतः ऐसे विशाल ईश्वर से चारों वर्णों की उत्पत्ति हुई। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि स्वयं ईश्वर ने ही वर्णों का उद्भव किया और उनकी स्थिति निर्धारित की। उपर्युक्त कथन प्रतीकात्मक भी है। जिस प्रकार शरीर में मुँह, बाहु, जाँच और पैर का महत्व है, उसी प्रकार समाजरूपी शरीर के ब्राह्मण, राजन्य (क्षत्रीय) वैश्य और शूद्र अंग हैं। सभी अंगों का शरीर में प्रधान स्थान होता है तथा किसी एक अंग के बिना शरीर की स्थिति दयनीय हो जाती है, उसी प्रकार किसी एक वर्ण के बिना समाज की स्थिति भी गम्भीर हो जाती है, क्योंकि शरीर के परिचालन में सभी अंगों को समान योग और महत्त्व है।

ब्राह्मणों की उत्पत्ति मुँह से इसलिए कही गई कि उसका समस्त कार्य मुँह से सम्बन्धित था, अर्थात् शिक्षा और और विद्या प्रदान करना। क्षत्रियों को बाहु से इसलिए उत्पन्न माना गया कि उनका प्रमुख कार्य, देश की सुरक्षा, प्रशासन आदि, बाहु से आबद्ध था। बाहु शक्ति और शौर्य का परिचायक माना गया है और शरीर में उसकी स्थिति प्रमुख है। वैश्यों का जाँघ से उद्भव इसलिए स्वीकार किया गया कि उनका प्रमुख कार्य समाज की आर्थिक अवस्था सुदृढ़ करना था। कृषि, पशुपालन और वाणिज्य से वे समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे। जिस प्रकार शरीर के लिए जाँघ की अनिवार्यता थी उसी प्रकार समाज के लिए वैश्यों की। इसी प्रकार शूद्रों की उत्पत्ति पैर से इसलिए कही गई कि अपनी सेवा द्वारा वे तीनों वर्णों और समाज को गति प्रदान करते थे। पैर का प्रमुख कार्य है शरीर के ऊपर के भार को वहन करना और शरीर को गतिमान रखना। इन अवयवों के बिना शरीर अस्तित्वहीन, गतिहीन और निस्तेज हो जाता है, अतः शरीर को इनकी अपेक्षा है। वर्ण-व्यवस्था को दैवी इसलिए कहा गया कि इससे सम्बद्ध वर्ण ईश्वर के भय से अपने-अपने वर्ण के अन्तर्गत रहें तथा उसे तोड़ने अथवा आघात पहुँचाने का प्रयास न करें। दैवी सिद्धान्त के रूप में वर्ण-व्यवस्था के उद्भव का वर्णन महाभारत में भी किया गया है, अन्तर केवल इतना है कि विराट् पुरुष के स्थान पर ब्रह्मा का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार ब्रह्मा के मुख से ब्राह्मण, बाहु से क्षत्रीय, उरु (जंघा) से वैश्य और तीनों वर्णों के सेवार्थ पद (पैर) से शूद्र का निर्माण हुआ।" गीता में भी भगवान् श्रीकृष्ण का कथन है कि चारों वर्णों की सृष्टि मैंने गुण और कर्म के आधार पर की है तथा मैं ही उनका कर्त्ता और विनाशक हूँ।

" परवर्ती साहित्य में भी वर्णों की उत्पत्ति दैवी मानी गयी है। वैदिक ग्रंथों के अतिरिक्त कतिपय स्मृतियों से भी वर्ण के उत्पत्ति-विषयक उपर्युक्त कथन की पुष्टि होती है। मनु ने यह उल्लेख किया है कि ब्रह्म ने लोकवृद्धि के लिए ब्राह्मण, क्षत्रीय, वैश्य और शूद्र क्रमशः मुख, बाहु, जंघा और चरण से निरवर्त किया। पुराणों में भी वर्णों का उद्भव ईश्वरीय माना गया है तथा वर्ण-व्यवस्था के महत्त्व को तद्वत् स्वीकार किया गया है। विष्णुपुराण में उल्लिखित है कि भगवान् विष्णु के मुख, बाहु, जंघा और चरण से क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रीय, वैश्य और शूद्र उद्गत हुए। मत्स्यपुराण में भी इसी प्रकार का वर्णन है। वायुपुराण में क्षत्रीय वर्ण को ब्रह्मा के बाहु से उत्पन्न न मानकर वक्ष से उत्पन्न माना गया है, " यद्यपि वायु और ब्रह्मांड" पुराणों से भी यही परिलक्षित होता है कि चातुर्वर्णों की उत्पत्ति ब्रह्मा से हुई है। इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि भारतीय धर्म-शास्त्रकारों ने वर्णों की उत्पत्ति परमब्रह्म से स्वीकार की है और इस वर्ण-व्यवस्था को आदिकालीन माना।

ग्यारहवीं सदी के लेखक अरब यात्री अलबीरूनी ने भी वर्णों की उत्पत्ति के विषय में ऊपर उद्धृत कथनों से मिलता-जुलता ही विवरण दिया है। इसके अनुसार ब्रह्मा के मुख से ब्राह्मण, हाथ से क्षत्रीय, जाँघ से वैश्य और पैर से शूद्र की उत्पत्ति हुई।" निश्चय ही दैवी शक्ति से उत्पन्न यह वर्ण-व्यवस्था प्राचीन काल से

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

हिन्दू समाज में प्रचलित रही है। उत्पत्ति-विषयक इस ईश्वरीय सिद्धान्त को प्रचारित भी किया जाता रहा है। धीरे-धीरे यह दैवी वर्ण-व्यवस्था परम्परागत सिद्धान्त के रूप में भारतीय शास्त्रकारों द्वारा स्वीकार की गई।

वर्ण तथा कर्म-

वर्ण तथा कर्म का सम्बन्ध भारतीय संस्कृति और दर्शन में एक जटिल अवधारणा है। यह व्यक्ति के सामाजिक भूमिका, कर्मो और आध्यात्मिक विकास को प्रभावित करता है। ऐतिहासिक घटनाओं की तरफ जैसे- द्रोणाचार्य का कर्म क्षत्रीय वर्ण का था, किन्त वे जन्म से ब्राह्मण थे, इसलिए वे ब्राह्मण ही माने गए। उनके पुत्र अश्वत्थामा में न तो ब्राह्मणोचित गुण थे, न कर्म ही। वे प्रकृति और कर्म से अत्यन्त निर्मम, घाती और थे। रात्रि के समय पाण्डवों के शिविर में घुसकर द्रौपदी के पुत्रों का उन्होंने धोखे से वध कर डाला। इस क्रूरता और जघन्यता के बाद भी वे ब्राह्मण ही कहे गए। युधिष्ठिर सात्विक कर्म करते थे, परन्तु वे क्षत्रीय ही कहे जाते थे। राज्य प्राप्त करने के पश्चात् भी कर्ण क्षत्रीय कहे जाने से वंचित था। द्रौपदी ने स्वयं कहा था कि कर्ण 'सूत' (निम्न जाति का) है, उसके साथ मैं परिण्य नहीं करूंगी। इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था जन्म के आधार पर संचालित थी, न कि कर्म के आधार पर।

यह सर्वविदित है कि परशुराम ने भी क्षत्रिय धर्म को अपनाया था, किन्तु वे क्षत्रिय नहीं कहे जा सके थे। वे ब्राह्मणों में सर्वश्रेष्ठ वीर और विजेता थे। अपने पिता के वध का प्रतिरोध उन्होंने क्षत्रियों से लिया था। विभिन्न क्षत्रिय-समूहों से उन्होंने इक्कीस युद्ध किए थे और उन्हें भिन्न-भिन्न स्थलों पर पराजित किया था। एक तरह से उन्होंने इस पृथ्वी को क्षत्रीय शासकों से विहीन कर दिया था। जो क्षत्रीय मरने से बच गए थे, वे कहीं जाकर छिप गए थे। इस प्रकार के क्षात्रधर्म और कर्म अपनानेवाले ब्राह्मणों के ऐतिहासिक उदाहरण भी है। पुष्यमित्र शुंग ने क्षात्र धर्म को अपनाकर शुंग राजवंश की स्थापना की थी। किन्तु न तो वह और न उसके वंशज ही क्षत्रीय कहे गए कण्व राजवंश, सातवाहन राजवंश, वाकाटक राजवंश आदि ब्राह्मण राजवंश थे, जिनके संस्थापक ब्राह्मण पुरुष थे। इन राजकुलों के वंशज क्षत्रीय कर्म करते हुए भी ब्राह्मण ही माने गए, क्षत्रिय नहीं।

वर्ण व्यवस्था का उद्देश्य

वर्ण व्यवस्था के तहत समाज को चार अलग-अलग वर्णों में विभाजित किया गया था। लोगों को उनके व्यवसाय और क्षमताओं के अनुसार अलग-अलग वर्ण दिए गए थे। इन मापदंडों के आधार पर दिए गए वर्गीकरण ने समाज को बेहतर ढंग से वर्गीकृत करने में मदद की। कर्तव्यों को अधिनियम के तहत वर्गीकृत किया गया है, जिससे व्यक्ति के कर्तव्यों का उचित पालन होता है। किसी के आवेदनों का प्रदर्शन मोक्ष प्राप्त करने का एक अंतर्निहित कारण माना जाता था। यह घटना समाज में सद्भाव की ओर ले जाती है क्योंकि व्यक्ति के कर्तव्यों को सही ढंग से जाना जाता है और इससे वैमनस्य और अराजकता को रोका

जा सकता है। इससे संघर्षों को खत्म करने में मदद मिलती है। इससे अंततः शांति, स्वतंत्रता, आजादी और साझा समृद्धि आएगी। समाज में सद्भाव सुनिश्चित करने के अलावा, यह प्रत्येक वर्ण के बीच शुद्धता बनाए रखने में मदद करता है।

वर्ण व्यवस्था का महत्त्व-

वर्ण व्यवस्था एक ऐसी व्यवस्था भी मानी जाती है जो व्यक्ति को अपनी योग्यता में वृद्धि करने की प्रेरणा देती है। इससे श्रम विभाजन तो होता ही है साथ साथ कर्म तथा गुणों के आधार पर आधारित होने के कारण यह व्यक्ति को अच्छे कर्म करके उच्च वर्ण में प्रवेश करने की भी प्रेरणा देती है। इसी प्रेरणा के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्यों की पूर्ति पूरी निष्ठा से करते रहते हैं। वर्ण व्यवस्था केवल श्रम विभाजन तथा आवश्यकताओं की पूर्ति की व्यवस्था ही नहीं है, अपितु यह धर्म का भी आधार रही है। व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन अपना धर्म समझकर करता है, क्योंकि ऐसा करने से ही वह जीवन के अंतिम लक्ष्य (मोक्ष आदि) को प्राप्त कर सकता है। अतः यह उच्च मानवीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की भी एक आदर्श व्यवस्था थी।

वर्ण व्यवस्था एक आदर्श समाज के निर्माण में सहायक है, क्योंकि यह कार्यात्मक सहयोग पर बल देती है और इस प्रकार समाज को प्रतिस्पर्धा से दूर रखती है। वर्ण व्यवस्था समाज के सभी व्यक्तियों को आपस में जोड़ने, पारस्परिक सहयोग करने के लिए प्रेरित करने तथा एक आदर्श समाज के निर्माण में सहायक है जो पूरे समाज को बांधकर एक अटूट इकाई के रूप में व्यक्त करती है। भारतीय सामाजिक संगठन में वर्ण व्यवस्था के समाजशास्त्रीय महत्व को निम्नलिखित शीर्षकों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। यह अधिकारों की अपेक्षा कर्तव्यों पर बल देती है तथा मानव कल्याण का मार्ग दिखाती है। हमारे प्राचीन मनीषियों ने उच्च आदर्शों और प्रेरक सिद्धांतों को आधार बनाकर समाज के कल्याण के लिए जिन व्यवस्थाओं को लागू किया उनमें वर्ण व्यवस्था एक महत्वपूर्ण सूत्र है, वर्ण व्यवस्था समाज में एक अत्यंत सरल व उपयोगी श्रम विभाजन तथा विशेषीकरण की व्यवस्था भी कही जा सकती है। श्रम विभाजन तथा विशेषीकरण किसी भी समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य दशाएं हैं। वर्ण व्यवस्था कर्तव्यों का बोध करा कर व्यक्ति को उसके वर्ण धर्म के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

निष्कर्ष

प्राचीन भारत में वर्ण ध्वजवाहक के रूप में कार्य करता था। इसने प्रत्येक वर्ण के कर्तव्यों के अनुसार व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखने में मदद की। यह व्यवस्था व्यक्तियों को बेहतर पदों के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती थी क्योंकि यह उन्हें जाति व्यवस्था के विपरीत गतिशीलता प्रदान करती थी। गुणों या मनोवृत्ति के अनुसार समाज के कार्यों का योग्य व्यक्तियों का विभाजन होना चाहिए, चाहे कोई कार्य बौद्धिक हो या शारीरिक श्रम का, प्रत्येक कार्य को बराबर सम्मान दिया जाना चाहिए। सामाजिक,

राजनीतिक और आर्थिक सभी क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर मिलना चाहिए और नैतिकता और न्याय का मापदंड सबके लिए एक ही होनी चाहिए। अब सभी वैज्ञानिक मानते हैं कि व्यक्तियों में सहज मनोवृत्तियां, योग्यता, गुण और अभिरुचि अलग-अलग होती हैं। इसलिए यह कहना कि प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक कार्य कर सकता है, एक भ्रांत धारणा है। इसलिए सभी विकासशील या विकसित देश अब शैक्षणिक और व्यावसायिक निर्देशन को ही महत्व देते हैं। जन्म के स्थान पर अब व्यक्ति विशेष की बुद्धि, योग्यता और अंत: शक्ति को विशेष महत्त्व देना चाहिए। व्यक्तित्व के पूर्ण विकास में किसी व्यक्ति की जाति बाधक नहीं होनी चाहिए। नए ज्ञान और विज्ञान का आश्रय लेकर परिवर्तन के युग में हमें वर्ण-व्यवस्था को उसके अभीष्ट स्वरूप में लाने का प्रयत्न करना चाहिए।

सन्दर्भ सूची-

1- *आर, रौथ (1856) अथर्ववेद, डी. ह्विटने बर्लिन (संपादक) अध्याय.खंड.मन्त्र- 3.5.7।*

2- *आनंदाश्रम (1907) मत्स्य पुराण, संस्कृत सीरीज, पूना, अध्याय. श्लोक- 4.28, वामदेवस्तु भगवानसृजन्मुखतो द्विजान्।*

3- *एफ. मैक्समूलर (1990-92) ऋग्वेद (सायण भाष्य सहित) वैदिक संसोधन मंडल पूना, (संपादक) मंडल.सूक्त:.मन्त्र- 10.90.12, 1.73.7, 2.3.5, 9.97.15, 9.104.4, 9.105.4, 10.124.7, 1.176.6, 3.34.9, 10.90.12.1, 2.2.4।*

4- *गायकवाण (2009) ब्रम्हांड पुराण, ओरिएंटल सीरिज बडौदा, भाग.अध्याय.श्लोक- 1.5.108।*

5- *मिश्र, जयशंकर (1968) ग्यारहवीं सदी का भारत,वाराणसी, पृ. 98.।*

6- *थापर, रोमिला (1978) एंशिएंट इंडियन सोशल हिस्ट्री, दिल्ली, पृ. 215.।*

7- *धुर्ये, वैदिक, जी. एस.(1979.) वैदिक इंडिया, बाम्बे प्रेस।*

8- *नीलकंठ (1929-33) महाभारत, गीता प्रेस गोरखपुर, शान्तिपर्व, अध्याय-122, श्लोक 4-5, ब्राह्मणों मुखतः सृष्टो ब्राह्मणों राजसत्तम्।*

9- *शतपथ ब्राम्हण- भाग.अध्याय.ब्राम्हण स.श्लोक- 5.5.4.9, 6.4.4.13,।*

10- *भागवत गीता- अध्याय- 4.श्लोक 13.।*

11- *भट्ट, कुल्लूक (1946) मनुस्मृति, बंबई प्रेस, श्लोक- 1.31 (ब्राम्हण जातियों की रचना)।*

12- *विल्सन (1989) विष्णु पुराण, गीताप्रेस गोरखपुर, (संपादक) 1.12.63-64।*

13- *रामायण (1933) गीताप्रेस गोरखपुर, सर्ग.श्लोक- 56.23।*

14- *त्रिपाठी, रामप्रताप (1987) वायु पुराण, हिंदी साहित्य सम्मलेन, प्रयाग, अध्याय व श्लोक- 9.113, वक्त्रादस्य ब्राह्मणाः सम्प्रसूता यद्वक्षतः क्षत्रीया पूर्वभागे।*

जनजातिय महिलाओं के आर्थिक विकास में एन आर एल एम योजना के स्व- सहायता समूह का समाजशास्त्रीय अध्ययन

(रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत जुर्डा एवं पंडरीपानी के विशेष संदर्भ में)

डॉ. चेतानंद जांगडे
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.), 496001
E-mail- chetan.jangde@gmail.com

सारांश:

जनजातिय महिलाओं के लिए आजीविका सृजन दुनिया भर में विकास के प्रमुख मुद्दों में से एक है। भारत सरकार ने 2011 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन आर एल एम) के रूप में एक प्रमुख योजना शुरू की है जिसे पूरे भारत में लागू किया किया गया हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण जनता को आजीविका प्रदान करना हैं। कार्यक्रम सहयोगात्मक प्रयासों पर आधारित है जो समुदाय के सदस्यों को स्वयं सहायता समूहों (एस एच जी) में संगठित करता है और पैसे बचाता है और सदस्यों के बीच अंतर-ऋण होता है] जिससे सदस्यों को विभिन्न उद्देश्यों के लिए ऋण प्राप्त करने में मदद मिलती है। स्व सहायता समूह को बढ़ावा देने के लिए घर-घर जाते हैं और अन्य समुदाय की महिलाओं को समूह में शामिल करते हैं। अध्ययन का महत्व एन आर एल एम के माध्यम से एस एच जी में शामिल होने के बाद ग्रामीण जनजातिय महिलाओं के जीवन स्तर पर केंद्रित है। शासन द्वारा संचालित एन आर एल एम योजना के प्रति ग्रामीण जनजातिय महिलाएं कितना जागरूक है तथा अपने आर्थिक विकास में ये महिलाएं किस प्रकार स्व- सहायता समूह के माध्यम से उपयोग एवं लाभ उठाने में कितने सक्षम हुए हैं यह ज्ञात करना हैa। प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन का उद्देश्य जनजातिय महिलाओं की स्व सहायता समूह में सहभागिता ज्ञात करना] स्व सहायता समूह में सहभागिता पश्चात् जनजातिय महिलाओं की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करना एवं जनजातिय महिलाओं में आजीविका के विभिन्न साधनों का अध्ययन करना हैं। उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्य पूर्ण निदर्शन द्वारा ग्राम पंचायत जुर्डा के 17 स्व- सहायता समूह में से 74 जनजातिय महिलाएं एवं ग्राम पंचायत पंडरीपानी के 18 स्व सहायता समूह में से 105 जनजातिय महिलाएं है इस प्रकार 35 स्व सहायता समूह में से सम्मिलित कुल 179 जनजातिय महिलाओं का चयन अध्ययन हेतु किया गया हैं। तथ्य संकलन] शोध उपकरण एवं

शोध प्रविधियां तथ्य संकलन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्यों का प्रयोग किया गया है] साक्षात्कार अनुसूची का उपयोग शोध उपकरण के लिए किया गया है एवं साक्षात्कार और अवलोकन का प्रयोग शोध प्रविधि के रूप में किया गया हैं।

शब्द कुंजी: जनजातिय महिलाएं] मानक जीवन] एन आर एल एम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन)] एस एच जी (स्व-सहायता समूह)।

प्रस्तावना:

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने 01 अप्रैल] 2013 आरबीआई के सर्कुलर नंबर आरबीआई/2012-13-559 दिनांक 27 जून 2013 को प्रभावी स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एस जी एस वाई) के पुनर्गठन से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन आर एल एम) की शुरूआत की हैं। 29 मार्च 2016 से एन आर एल एम का नाम बदल कर डी ए वाई – एन आर एल एम (दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) कर दिया हैं। आहूजा (2010)] प्राचीन काल के समय में वैदिक काल को भारतीय समाज का स्वर्णकाल माना गया है। जहां पर महिलाओं को पुरूष के समान सभी अधिकार प्राप्त था। उक्त कार्यक्रम गरीब परिवार विशेष रूप से महिलाओं हेतु मजबूत संस्थानों के निर्माण एवं वित्तीय सेवाओं तथा आजीविका सेवाओं से जोड़ने हेतु प्रमुख प्रावधान हैं। जिसका उद्देश्य गरीबों के सतत सामुदायिक संस्थानों की स्थापना करना तथा इसके माध्यम से ग्रामीण गरीबी को समाप्त करना तथा आजीविका के विभिन्न स्त्रोतो को प्रोत्साहन देना हैं। जया (2003)] ने अपने अध्ययन में यह पाया कि जिन परिवारों में महिला समूह की गतिविधियों में संलग्न होती है उनकी स्थिति परिवार में बेहतर होती है श्रीलंका के अध्ययन में यह पाया गया कि परिवार के महिला मुखिया की स्थिति पुरूष मुखिया से आर्थिक रूप से बेहतर होती है। ग्रामीण गरीब विशेषकर महिलाओं को स्व सहायता समूहों तथा उनके संघों में एकजुट करना एन आर एल एम के कार्य करने का तौर तरीका हैं। मोहम्मद (2011)] अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि पंचायती राज अधिनियम 1993 ने महिला नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है] इसमें किसी भी प्रकार का संदेह नही है। पर उच्चतर राजनीतिक संस्थाओं में अभी भी महिला आरक्षण का इंतजार है। स्व सहायता समूह 5-20 महिलाओं के साम्य समूह होते हैं] जो पारस्परिक सहयोग और सामूहिक कार्यकलाप के सिद्धांतों पर कार्य करते हैं। इन एस एच जी को ग्राम/ग्राम पंचायत स्तर] क्लस्टर स्तर और ब्लाWक स्तर पर संघबद्ध किया जाता हैं। ये संस्थाएं अपने सदस्यों को बचत] ऋण] आजीविका सहायता इत्यादि जैसी सेवाएं मुहैया कराती हैं। जिससे उन्हें उनकी आजीविकाओं को सशक्त बनाने एवं जारी रखने में मदद मिलती हैं। जैसे ही स्व सहायता समूह एवं उनका संघ परिपक्व हो जाता हैं] वे अपने सदस्यों की ओर से सशक्त मांग प्रणाली बन जाते हैं। ये संस्थाएं सामाजिक] वित्तीय और अन्य संसाधनों के समाधान करने के लिए मुख्य धारा में शामिल संस्थाओं अर्थात् बैंक] स्थानीय

स्वशासी निकायों और सरकारी निकायों के साथ संपर्क बढ़ाती हैं। इन उपायों से सदस्यों को बेहतर हकदारी] अधिकार] संसाधन और आजीविका के अवसर प्राप्त होते हैं। राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' नाम से संचालित हैं। लक्ष्मी एवं बावजी (2004)] स्व सहायता समहू की सदस्यता के पश्चात गांव की निर्धन महिलाएं भी निर्णय बनाने वाली स्थानीय समितियों (ग्राम सभा) में भाग लेती है और अपनी मांगों को लेकर संघर्ष भी करती है।

अध्ययन का महत्वः

ग्रामीण क्षेत्र में जनजातिय महिलाएं रूढ़ियों कुप्रथाओं तथा सामाजिक रीति रिवाजों के कारण उत्पन्न हुई अनेक कुरीतियों के माध्यम से दुख सहन करते आ रही हैं उनमें जागृति नही आ पाई हैं। अतः ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं] स्वयं सेवी संस्थाओं] उत्प्रेरक इत्यादि के जरिये जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता हैं। यह देखा गया हैं कि अनगिनत क्षेत्रों में किसी भी कार्य को आगे बढ़ाने में अथवा उसे पूर्ण करने के लिए महिलाओं को हिस्सेदार तो बनाया गया हैं] परन्तु उनके महत्व को नजर अंदाज किया गया हैं। शासन द्वारा संचालित एन आर एल एम योजना के प्रति ग्रामीण जनजातिय महिलाएं कितना जागरूक है तथा अपने आर्थिक विकास में ये महिलाएं किस प्रकार स्व सहायता समूह के माध्यम से उपयोग एवं लाभ उठाने में कितने सक्षम सिद्ध हुए हैं इस अध्ययन के माध्यम से ज्ञात करना है

साहित्य समीक्षाः

1. जैन एवं वर्मा (2012)] महिलाएं स्व सहायता समहू के आर्थिक गतिविधि से स्वयं की निर्धनता एवं गरीबी को दरू करने के लिए प्रयासरत है वही दूसरी और आर्थिक सहयोग सपरिवार में उसकी स्थिति में भी परिर्वतन हुआ हैं। सगंठन के माध्यम से अब वे अपने काननू अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हुई है और वे स्थानीय समुदाय के राजनीतिक क्रियाकलापों में भी भागीदार बन रही हैं।
2. महिला स्व-सहायता समहू के माध्यम से प्राकृतिक संसाधन का विनाश विहीन विदोहन] सामाजिक स्वावलम्बन] आर्थिक] स्व-रोजगार एवं आत्मविश्वास में वृद्धि जैसे गुणों के विकास से महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हो पाया हैं।
3. शर्मा (2010)] छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात् राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ से ग्राम पंचायतों में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण दिये जाने से उनके राजनैतिक नेतृत्व में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सामाजिक] आर्थिक] राजनैतिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में जन-जागरूकता में वृद्धि होने से उनमें आत्मनिर्भरता में काफी साकारात्मक परिणाम प्रदर्शित हुए हैं।

4. महाजन (1996)] स्व सहायता समूह की गतिविधियों का प्रभाव निर्धन महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर पडा़ है लेकिन इस दिशा में गैर राजनीतिक व प्रशासनिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।
5. जैन (2011)] संविधान का अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समानता का अधिकार प्रदान करता है।
6. 1 अप्रैल 1999 को आरंभ किया गया स्वर्ण जयंती ग्राम स्वराजेगार कार्यक्रम जो कि पूर्णतः महिलााओं पर ही केन्द्रित था। इस कार्यक्रम ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को संगठित होने का अवसर प्रदान किया। यह योजना मलूतः गरीबी उन्मलून पर आधारित था तथापि इस योजना के अनके सामाजिक-आर्थिक तथा राजनैतिक परिणाम सामने आये है।
7. पिल्लई (1995)] सशक्तिकरण की अवधारणा विकास क्षेत्र में बहुधा प्रचलित वाक्य है। सशक्तिकरण एक सक्रिय और बहुआयामी प्रक्रिया है जो कि महिलाओं को जीवन के प्रत्यके क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और शक्तियों की पहचान करने में मदद करती है। शक्ति को न संपादित किया जा सकता है न भीख में दिया जा सकता है बल्कि इसे प्राप्त करना पड़ता है और जब इसे प्राप्त कर लिया जाये है तो इसका प्रयोग संरक्षण और संवर्धन करना होता है।

अध्ययन का उद्देश्यः

अनुसंधान का उद्देश्य वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के अनुप्रयोग के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर को खोजना हैं। शोध का मुख्य उद्देश्य उस सत्य को पता लगाना हैं। जो पूर्व में किए गए अध्ययनों के तथ्यों में अदृश्य हैं अथवा वर्तमान परिदृश्य में नए तथ्यों को स्पष्ट करने से हैं।

1. जनजातिय महिलाओं की स्व सहायता समूह में सहभागिता ज्ञात करना।
2. स्व सहायता समूह में सहभागिता पश्चात् जनजातिय महिलाओं की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करना।
3. जनजातिय महिलाओं में आजीविका के विभिन्न साधनों का अध्ययन करना।

उत्तरदाताओं का चयनः

समाज और सामाजिक घटनाओं की प्रकृति के अनुरूप सामाजिक शोध में जिन विभिन्न अध्ययन प्रविधियों का प्रयोग किया जाता है निदर्शन उनमें से एक प्रमुख प्रविधि है प्रस्तुत शोध पत्र में उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्य पूर्ण निदर्शन द्वारा ग्राम पंचायत जुर्डा एवं ग्राम पंचायत पंडरीपानी के स्व सहायता समूह का चयन अध्ययन हेतु किया गया हैं।

तथ्य संकलन] उपकरण एवं प्रविधियांः

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन हेतु जनजातिय महिलाओं की आर्थिक विकास में एन आर एल एम योजना के स्व सहायता समूह तथ्यों का संकलन किया गया हैं। संकलन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्यों का प्रयोग किया गया है] साक्षात्कार अनुसूची का उपयोग शोध उपकरण के लिए किया गया है एवं अवलोकन और साक्षात्कार का प्रयोग शोध प्रविधि के रूप में किया गया हैं।

तालिका क्रमांक-01

क्रमांक	ग्राम पंचायत	स्व सहायता समूह	अनु. जाति	अनु. जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	सामान्य
1.	जुर्डा	17	41	74	180	01
2.	पंडरीपानी	18	35	105	111	04
योग	02	35	76	179	291	05

प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन हेतु अनुसूचित जनजाति महिलाओं को अध्ययन इकाई हेतु चयनित किया गया हैं प्राथमिक आंकडों के रूप में लिया गया हैं।

Source:http://bihan.gov.in/NRLMReport/SHGs

जनजातिय महिलाओं के स्व सहायता समूह में सहभागिता के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत जुर्डा में स्व सहायता समूह की संख्या 17 है जिनमें अनुसूचित जनजाति के महिलाओं की सहभागिता 74 है एवं ग्राम पंचायत पंडरीपानी में स्व- सहायता समूह की संख्या 18 है जिनमें अनुसूचित जनजाति के महिलाओं की सहभागिता 105 हैं। निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि जनजातिय महिलाओं की भागीदारी या सहभागिता में वृद्धि प्रदर्शित हो रही हैं।

आयु और अनुभव एक दूसरे के समानार्थी माने जाते है ऐसा माना जाता है कि जिस व्यक्ति की उम्र अधिक है वह अपने से कम उम्र के व्यक्ति से अपेक्षाकृत अधिक अनुभवी होगा। प्रस्तुत शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया गया है कि स्व सहायता समूह में कितने वर्ष की आयु की महिलाएं है इससे संबंधित तथ्यों का विवरण तालिका क्रमांक 02 में प्रदर्शित किया गया हैं।

तालिका क्रमांक-02

क्रमांक	आयु	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	18-25	06	3.3
2.	26-30	44	24.6

3.	31-35	55	30.8
4.	36-40	36	20.1
5.	41-45	22	12.2
6.	45 वर्ष से अधिक	16	9
	योग	179	100

उत्तरदाताओं की आयु संबंधी उपरोक्त तालिका से यह ज्ञात होता है कि 3.3 प्रतिशत उत्तरदाता 18-25 वर्ष आयु समूह के हैं] 24.6 प्रतिशत उत्तरदाता 26-30 वर्ष आयु समूह के हैं] सबसे अधिक 30.8 प्रतिशत उत्तरदाता 31-35 वर्ष आयु समूह के हैं] 20.1 प्रतिशत उत्तरदाता 36-40 वर्ष आयु समूह के हैं] 12.2 प्रतिशत उत्तरदाता 41-45 वर्ष आयु समूह के हैं एवं सबसे कम 9 प्रतिशत उत्तरदाता 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के हैं।

प्रस्तुत शोध पत्र में उत्तरदाताओं की शैक्षणिक स्थिति के बारे में जानने का प्रयास किया गया है क्योंकि शैक्षणिक स्थिति व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे संबंधित तथ्यों का विवरण तालिका क्रमांक 03 में दर्शाया गया हैं।

तालिका क्रमांक-03

क्रमांक	शैक्षणिक स्तर	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	केवल साक्षर	14	8
2.	प्राथमिक	33	18.5
3.	माध्यमिक	58	32.4
4.	हाईस्कूल	49	27.3
5.	हायर सेकेण्डरी	17	9.4
6.	स्नातक	06	3.3
7-	स्नातकोत्तर	02	1.1
	योग	179	100

उत्तरदाताओं की शैक्षणिक स्थिति से संबंधित उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि अधिकतम 32.4 प्रतिशत महिलाएं माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा ग्रहण किये है] इसी प्रकार 8 प्रतिशत उत्तरदाताएं केवल साक्षर हैं अर्थात वे अपना हस्ताक्षर कर पाने में सक्षम हैं] 18.5 प्रतिशत उत्तरदाताएं प्राथमिक शिक्षा तक शिक्षा अर्जित की हैं] 27.3 प्रतिशत उत्तरदाताएं हाईस्कूल तक की शिक्षा अर्जित की हैं] 9.4 प्रतिशत उत्तरदाताएं हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा अर्जित की हैं] 3.3 प्रतिशत उत्तरदाताएं स्नातक तक

की शिक्षा अर्जित की हैं एवं 1.1 प्रतिशत उत्तरदाताएं ऐसे भी है जो स्नातकोत्तर तक की शिक्षा अर्जित किये है एवं उनका मानना है कि शिक्षा के कारण ही वे स्व सहायता समूह में अपनी आवश्यक भूमिका का निर्वाह करती हैं।

तालिका क्रमांक-04

स्व- सहायता समूह में जुडने के पश्चात आय में वृद्धि

क्रमांक	आय रू. में	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	5000 रू. तक	14	7.8
2.	5000-7000	41	23
3.	7000-9000	69	38.6
4.	9000-11000	38	21.2
5.	11000 से अधिक	17	9.4
	योग	179	100

उत्तरदाताओं की स्व- सहायता समूह में जुड़ने के पश्चात आय में वृद्धि तालिका क्रमांक 04 में यह स्पष्ट प्रदर्शित होता है कि निश्चित रूप से उनकी आय के स्त्रोत में स्व सहायता समूह की भूमिका महत्वपूर्ण रही हैं। इस तालिका से यह ज्ञात होता है कि 7.8 प्रतिशत उत्तरदाताएं 5000 रूपये अर्जित कर रही है जो कि सबसे कम या निम्न हैं परंतु 38.6 प्रतिशत उत्तरदाताएं ऐसे भी है जो 7000 से 9000 तक की आय अर्जित कर रहे है] उसी प्रकार 23 प्रतिशत उत्तरदाताएं 5000 से 7000 आय प्राप्त कर रहे है] 21.2 प्रतिशत उत्तरदाताएं 9000 से 11000 तक आय प्राप्त कर रहे हैं एवं 9.4 प्रतिशत उत्तरदाताएं ऐसे भी हैं जो सबसे अधिक 11000 से अधिक की आय प्राप्त कर अपनी आर्थिक को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही हैं।

तालिका क्रमांक-05

क्रमांक	आजीविका के साधन	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	लघु वनोपज संकलन	17	9.4
2.	पशुपालन	28	15.7
3.	मध्यान भोजन	46	25.8
4.	गोठान योजना	31	17.3
5.	घरेलू उत्पादन	49	27.4
6.	हस्त शिल्प कार्य	08	4.4
	योग	179	100

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि जनजातिय महिलाओं की आजीविका से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य है जिनमें वे संलग्न है एवं अतिरिक्त आय की प्राप्ति करती है जिससे कि आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो। सबसे अधिक 27.4 प्रतिशत उत्तरदाताएं है जो घरेलू उत्पादन कार्य में लगे है जैसे आचार] पापड बनाना 25.8 प्रतिशत उत्तरदाताएं ऐसे है जो आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में मध्यान भोजन बनाने के कार्य में संलग्न है 17.3 प्रतिशत उत्तरदाताएं वे है जो गोठान कार्य में लगे है] 15.7 प्रतिशत उत्तरदाताएं वे हैं जो पशुपालन कार्य में है] 9.4 प्रतिशत उत्तरदाताएं लघु वनोपज संग्रहण जैसे महुआ] चार संग्रह करने में लगे है एवं सबसे 4.4 प्रतिशत उत्तरदाताएं ऐसे भी है जो हस्त शिल्प का कार्य करते हैं।

निष्कर्ष:

जनजातिय महिलाओं के आर्थिक विकास में एन आर एल एम योजना के स्व सहायता समूह के अंतर्गत यह ज्ञात हुआ कि जनजातिय महिलाएं जो स्व सहायता समूह में सहभागिता रखते है उनकी सहभागिता के पूर्व उनकी आर्थिक स्थिति निम्न थी या कुछ खास नही थी जबकि स्व सहायता समूह में जुडने पर उनकी आर्थिक स्थिति एवं आय में निश्चित रूप से वृद्धि हुई हैं। स्व सहायता समूह के माध्यम से वे अपनी आय का स्त्रोत स्थापित कर रही है एवं सशक्त होने का प्रयास कर रही हैं। स्व-सहायता समहू में जुडने के पश्चात परिवार में सामाजिक स्थिति के साथ ही साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुआ हैं। जनजातिय महिलाएं स्व-सहायता समहू के माध्यम से आर्थिक क्रियाओं में बड़े पैमाने पर सलंग्न हुई हैं। स्व-सहायता समूह कार्यक्रम ने जनजातिय महिलाओं में व्यापक जागरूकता लाने का प्रयास किया है। स्व-सहायता समूह के गठन से महिलाएं सजग और स्वालंबन की भावना कार्यशील हुई है। जनजातिय निर्धन महिलाओं में गरीब उन्मूलन में स्व-सहायता समूह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। स्व-सहायता समूह का जनजातिय महिलाओं की सामाजिक गतिशीलता में एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्व-सहायता समूह कार्यक्रम से निर्धन महिलाएं भी अपने कानूनी अधिकार के प्रति सजग हुई है ग्रामीण विकास योजनओं को और अधिक प्रचार-प्रसार से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए ताकि समस्त जनजातिय महिलाओं को और अधिक जानकारी प्राप्त हो सके।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

References -

1. *Ahuja, Ram Indian society, Rawat Publication, New Delhi, 2010, pp. 61-66.*
2. *Anand, Jaya S., Addressing poverty through self-help groups: A case study. 2003, pp. 107-109.*
3. *मोहम्मद के. एम., ''भारत निर्माण ग्रामीण विकास का आधारा'' कुरूक्षेत्र, अक्टूबर 2012, पृ. 32.*
4. *Srilakshmi, R. and Babji, K., social empowerment of women through thrift : A study of SHGS in a Municipal Black of Visakhapatnam. 2004, pp. 117-121.*
5. *जैन अल्का एवं वर्मा अर्चना, ''गावों में सुलभ साधन मनरेगा'' कुरूक्षेत्र, फरवरी 2012, पृ. 13.*
6. *Poverty allievartion programe in India, IGNOU New Delhi, 2011, pp. 5-7.*
7. *सुभाष शर्मा महिला, ''सशक्तिकरण एवं समग्र विकास'' ए.डी.बी. पब्लिसर्स, जयपुर 2010, पृ. 34.*
8. *Mahajan, M., Empowerment of Rural Women.1996, pp. 67-71.*
9. *Jain, Sunita., "Mahilao ke vikas me swasahayata samuh ki bhumika", 2011, pp.15.*
10. *Poverty allievartion programe in India, IGNOU New Delhi, 2011, pp. 5-7.*
11. *Pillai, J.A. Usha., Women Empowerment in Rural Areas, 2008, pp.131-134.*

पर्यावरणीय संकट और समाज: एक नैतिक व भौगोलिक दृष्टिकोण

महेंद्र कुमार मिठारवाल
(सहायक आचार्य),भूगोल विभाग
श्री लाल बहादुर शास्त्री कन्या महाविधालय,श्रीमाधोपुर,सीकर,(राजस्थान) पिनकोड 332715
मेल-nitharwalm@gmail.com

परिचय

वर्तमान युग में पर्यावरणीय संकट केवल प्राकृतिक संसाधनों की कमी का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह मानवीय जीवन, समाज की स्थिरता तथा नैतिक मूल्यों पर गहरा प्रभाव डालने वाला विषय बन चुका है। जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि, वनों की कटाई, प्रदूषण और जल संकट जैसे मुद्दे न केवल भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में गंभीर हैं, बल्कि इनका समाज पर नैतिक व सांस्कृतिक प्रभाव भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में पर्यावरणीय संकट मानवता के समक्ष एक गंभीर और बहुआयामी चुनौती के रूप में उभरा है। यह संकट केवल भौतिक संसाधनों की क्षति तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों की बुनियाद को भी हिला रहा है। औद्योगीकरण, शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि, वनों की अंधाधुंध कटाई, और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन ने पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को असंतुलित कर दिया है। इस असंतुलन का सीधा प्रभाव मानव जीवन की गुणवत्ता, सामाजिक स्थिरता और भविष्य की पीढ़ियों की जीवन संभावना पर पड़ रहा है। गोस्वामी, टी. के. (2016)।

भौगोलिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में पर्यावरणीय संकट के स्वरूप भिन्न हो सकते हैं—जैसे कि मरुस्थलीकरण, जलवायु परिवर्तन, जल संकट, जैव विविधता का क्षरण आदि। वहीं नैतिक दृष्टिकोण इस संकट के उस पक्ष को उजागर करता है जहाँ मनुष्य का स्वार्थ, उपभोगवादी दृष्टिकोण और प्रकृति के प्रति संवेदनहीनता प्रमुख कारण बनते हैं। आज की स्थिति यह है कि विकास की दौड़ में

हमने न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचाया है, बल्कि अपने सामाजिक और नैतिक कर्तव्यों से भी विमुख हो गए हैं। मिश्रा, एस.एन. (2019)।

इस शोध पत्र में पर्यावरणीय संकट के भूगोलिक पहलुओं के साथ-साथ समाज पर उसके नैतिक प्रभावों का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही यह भी प्रयास किया गया है कि समाज, राज्य और प्रत्येक नागरिक की भूमिका को रेखांकित किया जाए, जिससे एक अधिक संतुलित, जागरूक और टिकाऊ भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।

पर्यावरण संकट के भौगोलिक आयाम

पर्यावरणीय संकट को भौगोलिक दृष्टिकोण से देखने पर स्पष्ट होता है कि यह संकट केवल वैश्विक नहीं, बल्कि स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर भी विविध रूपों में प्रकट होता है। पृथ्वी के विभिन्न भू-आकृतिक और जलवायवीय क्षेत्रों में संकट की प्रकृति और तीव्रता में भिन्नता पाई जाती है। उदाहरणस्वरूप, हिमालयी क्षेत्रों में हिमनदों का तीव्र पिघलना, तटीय क्षेत्रों में समुद्री जलस्तर में वृद्धि और कटाव, और शुष्क क्षेत्रों में मरुस्थलीकरण एवं जल संकट जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से देखी जाती हैं।
Sharma, M. (2015)

जनसंख्या वृद्धि, नगरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण भूमिगत जलस्तर में भारी गिरावट, भूमि की उर्वरता में क्षरण तथा वनों की कटाई जैसी समस्याएँ क्षेत्रीय स्तर पर पर्यावरणीय संकट को बढ़ावा दे रही हैं। भारत के कई राज्य—विशेषकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र—इन संकटों का भौगोलिक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जहाँ वर्षा की असमानता, जलस्रोतों का क्षय तथा भूमि अपक्षय जैसी स्थितियाँ सामाजिक व आर्थिक असंतुलन को जन्म दे रही हैं। Das, P. (2017)

इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक संसाधनों का असमान वितरण भी भौगोलिक संकट को बढ़ाता है। जिन क्षेत्रों में जल, वन या खनिज संसाधन अधिक हैं, वहाँ दोहन की प्रवृत्ति तीव्र होती है, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव भी भौगोलिक दृष्टि से असमान हैं—कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा हो रही है तो कुछ सूखा झेल रहे हैं। इस प्रकार, पर्यावरणीय संकट का भौगोलिक विश्लेषण न केवल इसके कारणों को समझने में सहायक होता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि प्रत्येक क्षेत्र के लिए समाधान भिन्न हो सकते हैं। अतः आवश्यक है कि हम क्षेत्र विशेष की भौगोलिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर पर्यावरणीय योजना बनाएं और स्थायी विकास की ओर अग्रसर हों।

भौगोलिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो पर्यावरणीय संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। यह संकट वैश्विक होता है, किन्तु उसका स्वरूप और प्रभाव स्थान विशेष पर निर्भर करता है। जैसे—रेगिस्तानी क्षेत्रों में मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है, हिमालयी क्षेत्र में हिमखंड पिघल रहे हैं, तटीय क्षेत्रों में समुद्र का

जलस्तर बढ़ रहा है। जनसंख्या वृद्धि, औद्योगीकरण और अवैज्ञानिक कृषि पद्धतियाँ भी स्थानीय स्तर पर संकट को बढ़ा रही हैं।

समाज पर प्रभाव

पर्यावरणीय संकट का समाज पर प्रभाव बहुआयामी और गहरा होता है। यह संकट केवल प्राकृतिक संसाधनों की क्षति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सामाजिक संरचना, जीवनशैली, आजीविका, स्वास्थ्य, और सांस्कृतिक मूल्यों पर भी व्यापक प्रभाव डालता है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहाँ अधिकांश जनसंख्या कृषि, जल और वन जैसे संसाधनों पर निर्भर है, वहाँ पर्यावरणीय असंतुलन सीधे लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। Das, P. (2017)

कृषि आधारित समाजों में वर्षा की अनियमितता, सूखा, बाढ़ या भूमि की उपजाऊ शक्ति में कमी जैसे संकट किसानों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर देते हैं, जिससे ग्रामीण जनसंख्या में गरीबी, कर्ज और आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ती हैं। जल संकट और प्रदूषण से महिलाओं और बच्चों पर विशेष भार पड़ता है, क्योंकि वे ही घरेलू जल संग्रहण व उपयोग के कार्य में सबसे अधिक संलग्न होते हैं। शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण और तापमान वृद्धि से स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे दमा, एलर्जी, हृदय रोग व अन्य श्वसन रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। Mishra, R. (2021)

इसके अतिरिक्त पर्यावरणीय संकट समाज में आंतरिक विस्थापन (internal displacement) और प्रवासन (migration) की समस्या को भी जन्म देता है। जलवायु परिवर्तन से प्रभावित क्षेत्रों से लोग रोज़गार, पानी या रहने की जगह की तलाश में अन्य स्थानों की ओर पलायन करने लगते हैं, जिससे शहरी आबादी पर दबाव और सामाजिक तनाव उत्पन्न होता है।

पर्यावरणीय संकट का एक गूढ़ प्रभाव समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर भी पड़ता है। जब मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों को मात्र उपभोग की वस्तु मानकर व्यवहार करता है, तो समाज में स्वार्थ, लालच और प्रतिस्पर्धा की प्रवृत्ति प्रबल होती है। इससे सामाजिक संबंधों में असंतुलन, वर्ग संघर्ष और असमानता गहराती है। इस प्रकार पर्यावरणीय संकट न केवल जैविक और भौतिक स्तर पर, बल्कि सामाजिक और नैतिक धरातल पर भी गंभीर परिणाम उत्पन्न करता है, जिन्हें समझना और संबोधित करना अत्यंत आवश्यक है।

राजनीतिक नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा है। विभिन्न देशों में महिला नेतृत्व की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन अब भी कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं। यह शोध पत्र महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, उनके सामने आने वाली बाधाओं और संभावित समाधान पर केंद्रित है।किसी भी राष्ट्र का विकास महिलाओं की स्थिति पर निर्भर करता है विश्व की कुल जनसंख्या का 50% हिस्सा महिलाओं का है। महिलाओं की स्थिति हर जगह एक जैसी ही रहती है भारत जैसे देश में जहां एक महिला के रूप में देवी की पूजा की जाती है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार दमन और शोषण किया जाता है। हमें अपने देश की महिलाओं को सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत बनाना होगा इसके लिए हमें अपने देश के पुरुष और महिलाओं को जागरूक करने की जरूरत है। महिलाएं आज राजनीतिक भागीदारी से निपट रही है इस शोध पत्र का उद्देश्य राजनीतिक नेतृत्व में महिलाओं की स्थिति की जांच करना तथा महिलाओं को पुरुषों के बराबर राजनीतिक भागीदारी पानी में आने वाली समस्याओं के बारे में बताना तथा उसका समाधान ज्ञात करना है। राजनीतिक भागीदारी के मार्ग में कुछ मुख्य समस्याएं हैं अशिक्षा गरीबी विवाह संस्था और लोगों की मानसिकता। के अतिरिक्त विभिन्न राजनीतिक और गैर राजनीतिक कारणों से महिलाओं को सरकार में लोकतांत्रिक घाटे का सामना करना पड़ता है जनसंख्या के अनुपात में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व अभी भी नदारद है। हालांकि राजनीतिक प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी में काफी वृद्धि हुई है परंतु फिर भी अभी हाल में ही हुए विधानसभा और आम चुनाव से पता चलता है कि मतदान प्रतिशत महिला उम्मीदवार तथा महिला विधायकों के रूप में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है। इन समस्याओं के बावजूद महिलाओं के नेतृत्व में कुछ सकारात्मक सामाजिक परिणाम भी देखने को मिले है जैसे

महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, महिला मतदान, देशभर में में निर्णय लेने वाले पदों पर महिलाओं की संसदीय उपस्थिति आदि।

शब्द कुंजी:
महिलाएं, राजनीतिक भागीदारी, पितृसत्ता, राजनीतिक भागीदारी के लिए कानून, समानता,
भारत में महिला मतदाताओं की स्थिति, सक्रिय राजनीति में महिलाओं की स्थिति, भारतीय संसद में महिलाओं की भागीदारी।

परिचय:

राजनीतिक आरंभ से ही मानव समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। जब मानव समाज का निर्माण हुआ तो समाज में निर्णय लेने के लिए एक मुखिया बनाया गया जो उस समाज को यह समूह को नेतृत्व कर सके।

राजनीति क्षेत्र में केवल पुरुष ही सक्रिय रूप से भाग नहीं लेते हैं बल्कि इसमें महिलाओं टीवी सक्रिय भूमिका होती है। भारत में प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भूमिका रही।

मध्यकाल इतिहास के अनुसार बहुत सी ऐसी महिलाएं हैं जिन्होंने राजनीतिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहले उससे बात करो कुछ ऐसी महिलाओं की सूची है-

1. कश्मीर की रानी- दीदा
2. दिल्ली की रानी- रजिया सुल्तान
3. दिल्ली की रानी- नूरजहां
4. झांसी की रानी- रानी लक्ष्मी बाई
5. लखनऊ की रानी- बेगम हजरत महल
6. मराठा साम्राज्य की रानी -अहिल्याबाई होलकर

इसी प्रकार आधुनिक काल में भी बहुत सारी महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिका निभाई जिसमें से कुछ निम्न है-

1. **सरोजिनी नायडू-** वे एक भारतीय राजनीतिक कार्यकर्ता तथा लेखिका थी। उन्हें भारत कोकिला के नाम से जाना जाता है। 1925 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया तत्पश्चात 1947 में संयुक्त प्रांत के गवर्नर बने। सरोजिनी नायडू डोमिनियन इंडिया भारत के प्रथम महिला गवर्नर थी।

2. **अरुणा आसफ अली-** उन्होंने भारतीय राजनीतिक में सक्रिय भूमिका निभाया तथा दिल्ली की प्रथम मेयर बनी।
3. **सावित्रीबाई फूले-** सावित्रीबाई फुले का नाम भारत में प्रथम नारीवाद की श्रेणी में आता हैं। 1948 में सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योति राव फूले ने पुणे में पहला मॉडर्न गर्ल्स स्कूल की स्थापना किया।
4. **सुचिता कृपलानी-** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के साथ-साथ वह राजनीतिज्ञ भी थी। 1940 में उन्होंने ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की स्थापना की। इसके अतिरिक्त वाह भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री थी। उत्तर प्रदेश सरकार के पद पर 1963 से 1967 तक नेतृत्व किया।
5. **इंदिरा गांधी-** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें कौन नहीं जानता है।
6. **सुषमा स्वराज-** सुषमा स्वराज भारत की सबसे प्रेरणादायक महिला नेताओं में से एक थीं। वह सुप्रीम कोर्ट की वकील, 7 बार संसद सदस्य , 3 बार विधानसभा सदस्य और विदेश मंत्री का पद संभालने वाली दूसरी महिला थी।
7. **जयललिता-** जयललिता जयराम तमिलनाडु की पहली महिला मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम महासचिव थी।
8. **ममता बनर्जी-** पश्चिम बंगाल की प्रथम महिला मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी को जाना जाता है। इसमें उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की। भारत की पहली महिला रेल मंत्री थी।

भारत में स्वतंत्रता के पश्चात केंद्र सरकार के 30 कैबिनेट मंत्रियों में से केवल एक महिला राजकुमारी अमृत कौर थी जिन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रभार दिया गया था। लाल बहादुर शास्त्री तथा इंदिरा गांधी की पांचवी छठवीं और नौवीं कैबिनेट में एक भी महिला को स्थान नहीं दिया गया था।राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में केवल एक महिला मोहसिना किदवई को स्थान दिया गया था।

मोदी सरकार में महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। 2014 में मोदी सरकार में कुल 9 महिला सांसदों को कैबिनेट और राज्यमंत्री बनाया गया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में महिला सांसदों की संख्या 78 थी जो कि अब तक का सबसे ज्यादा संख्या दर्शाता है। भारत की 18वीं लोकसभा में केवल 74 महिलाएं ही सांसद चुनी गई हैं।

लोकतंत्र सभी पुरुष और महिलाओं के लिए समानता का अधिकार देता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 325 और 326 द्वारा मताधिकार तथा राजनीतिक क्षेत्रों में में भागीदारी के लिए समान अवसर प्रदान किया गया है।

वाणिज्य, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, वास्तुकला और प्रबंधन के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका में लगातार वृद्धि हुई है तथा उन्होंने यह सिद्ध किया कि नेतृत्व के गुण का लिंग से कोई संबंध नहीं होता। नेतृत्व का गुण तो प्राकृतिक रूप से मस्तिष्क में पाया जाता है अथवा अर्जित किया जाता है जो कि पुरुष या महिला दोनों ही कर सकते हैं। राजनीतिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका ने पूरे विश्व में परिवर्तन ला दिया है जिससे यह मुद्दा आधुनिक चर्चा और विकास का केंद्र बनकर उभरा है। महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसी भी देश की उन्नति पुरूष व महिला दोनों की समानता पर निर्भर करता है। समाज में महिलाओं का समानता के लिए युद्ध जारी है परंतु कठिनाइयों और समस्याओं की हमेशा अवहेलना की जाती है। कठिनाइयों का सामना करते हुए आज महिलाओं ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्रों में भाग लेना आरंभ किया। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 के अनुसार राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में को 18th रैंक प्राप्त हुआ।

सरकार ने अप्रैल 1993 में मेजर संवैधानिक संशोधन किया उससे ग्रामीण राजनीतिक क्षेत्र की स्थिति बदल गई। संशोधन के द्वारा महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण किया गया। राजनीतिक कोटा का विश्वास है कि यह महिला नेता समाज में महिला से संबंधित मुद्दों को उठाएंगे तथा उसके समाधान का प्रयास करेंगे। 2012 तक दुनिया के आधे से ज्यादा देशों ने महिलाओं के लिए राजनीतिक आरक्षण की व्यवस्था को अपनाया। सरकार को विश्वास है कि आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि होगी। आंकड़ों की बात करें तो 2012 तक विश्व मे 20% से भी ज्यादा महिलाओं ने संसद में भाग लिया जो कि 1990 में 12% था। विश्व की तुलना में भारत उन कुछ देशों में से एक है जहां महिला को देश का नेतृत्व करने का अवसर मिला।

उद्देश्य:-

1. भारतीय राजनीति में महिलाओं की स्थिति का अध्ययन करना।
2. भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा करना
3. भारतीय राजनीति में महिलाओं की प्रभाव का वर्णन करना।
4. राजनीति में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना।
5. महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की वर्तमान स्थिति की रूपरेखा प्रस्तुत करना।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य:

महिलाओं के नेतृत्व की भूमिका भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आजादी से पूर्व ही उभर कर सामने आया वैसे कुछ मुख्य नायिकाएं थी- सरोजनी नायडू, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, सुचेता कृपलानी, अरूणा आसफ अली, कस्तूरबा गांधी, कमला नेहरू आदि।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

1917 में ब्रिटिश संसद में सरोजिनी नायडू ने महिलाओं के मताधिकार की मांग की थी। 1921 मैं महिलाओं को कुछ प्रतिबंधों के साथ मताधिकार प्राप्त हुआ तत्पश्चात 1935 के भारतीय अधिनियम के द्वारा सभी महिलाओं को बिना किसी प्रतिबंध के मताधिकार प्रदान किया गया। अंततः भारतीय संविधान के द्वारा 1950 में सभी महिलाओं को समान राजनीतिक और कानूनी अधिकार प्राप्त हुए। के पश्चात भी व्यावहारिक रूप में महिलाओं को भारतीय समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। 2011 के जनगणना के अनुसार भारत में महिला अनुपात 940 है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों की संख्या भी लड़को की तुलना में कम होता है। 2011 के जनगणना के अनुसार महिला आरक्षण 65% है।

अगर पंचायती राज की बात की जाए तो संविधान द्वारा महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्राप्त है लेकिन फिर भी गांव में महिलाओं का यह प्रतिनिधित्व प्रभावशाली नहीं है, महिलाओं के प्रतिनिधित्व के नाम पर हमेशा पुरुष ही प्रधान की भूमिका निभाते हैं।

विश्व की तुलना में भारत उन कुछ देशों में से एक है जहां महिला को देश का नेतृत्व करने का अवसर मिला। इन समस्याओं के समाधान के लिए हमें महिलाओं को व जागरूक व सशक्त बनाना होगा तथा उन्हें प्रशिक्षित भी करना होगा।

साक्ष्यों का अध्ययन करने के पश्चात पता चलता है कि महिलाओं ने पुराने मान्यताओं का खंडन करते हुए समाज में अपनी जगह बनाई है। माता-पिता भी अपनी बेटियों को शादी के बजाय घर से बाहर निकल कर पढ़ने की अनुमति देते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी बेटियों का जीवन उनकी तरह घर के चारदीवारी में कैद ना हो।

राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की वर्तमान स्थिति:

भारत निर्वाचन आयोग की नवीनतम उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार महिलाएं संसद के सभी सदस्यों के 10.5% का प्रतिनिधित्व करती है राज्यों के विधानसभाओं के मामले में महिला विधायकों का प्रतिनिधित्व 9% है। समय के साथ पुरुष और महिला मतदाताओं के बीच अंतर कम हुआ है। भारत में महिलाएं राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के पद पर भी रह चुके हैं। भारतीय मतदाताओं ने कई दशकों से कई राज्य विधानसभाओं राष्ट्रीय संसद के लिए महिलाओं को चुना है। राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या अभी भी कम है। भारत में 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे. पहली लोकसभा में जहां महिला सांसदों का प्रतिनिधित्व 5% था, तब 22 महिलाएं सांसद बनी थीं. वहीं 17वीं लोकसभा में 78 महिलाओं के साथ यह बढ़कर 14.36% तक

पहुंचा. 2024 के आम चुनावों के बाद यह घटकर अब 74 महिला सांसदों के साथ 13.63% पर आ गया है.

राजनीतिक नेतृत्व में महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएँ और उनके समाधान:–
समावेशी शासन और लोकतंत्र के लिए राजनीतिक नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। हालाँकि प्रगति हुई है, राजनीति में महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक और संस्थागत बाधाओं सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यह पेपर राजनीतिक नेतृत्व में महिलाओं के सामने आने वाली प्रमुख बाधाओं की पड़ताल करता है और उनके प्रतिनिधित्व और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए समाधान प्रस्तावित करता है।

राजनीतिक नेतृत्व में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियाँ

1.सांस्कृतिक एवं सामाजिक बाधाएँ

- पितृसत्तात्मक मानसिकता: कई समाज अभी भी मानते हैं कि नेतृत्व एक पुरुष-प्रधान क्षेत्र है, जो महिलाओं को राजनीतिक करियर बनाने से हतोत्साहित करता है।
- लिंग रूढ़िवादिता: महिलाओं से अक्सर राजनीति के बजाय पारिवारिक जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने की अपेक्षा की जाती है।
- परिवार और सामाजिक समर्थन का अभाव: महिला नेता अक्सर राजनीतिक जिम्मेदारियों के साथ पारिवारिक दायित्वों को संतुलित करने के लिए संघर्ष करती हैं।

2.राजनीतिक और संस्थागत चुनौतियाँ

- राजनीतिक दलों में लैंगिक पूर्वाग्रह: महिलाओं को अक्सर अपनी पार्टियों में नेतृत्व की स्थिति सुरक्षित करने में कठिनाई होती है।
- असमान चुनाव अवसर: राजनीतिक दल जीतने योग्य सीटों पर महिला उम्मीदवारों को नामांकित करने में संकोच करते हैं।
- उत्पीड़न और धमकी: राजनीति में महिलाओं को ऑनलाइन दुर्व्यवहार, धमकियों और यहां तक कि शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी सक्रिय भागीदारी हतोत्साहित होती है।

3.आर्थिक और वित्तीय बाधाएँ

- फंडिंग तक सीमित पहुंच: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के पास चुनाव अभियानों के लिए कम वित्तीय संसाधन हैं।

- आर्थिक निर्भरता: कई महिलाओं में राजनीतिक करियर को बनाए रखने के लिए आवश्यक वित्तीय स्वतंत्रता की कमी होती है।

4. शिक्षा एवं राजनीतिक जागरूकता का अभाव

- सीमित नेतृत्व प्रशिक्षण: महिलाओं को अक्सर पर्याप्त नेतृत्व प्रशिक्षण या सलाह नहीं मिलती है।
- कम राजनीतिक जागरूकता: राजनीतिक शिक्षा और अनुभव की कमी कई महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में प्रवेश करने से रोकती है।

5.मीडिया और सार्वजनिक धारणा

- नकारात्मक मीडिया प्रतिनिधित्व: महिला राजनेताओं को अक्सर उनकी नीतियों के बजाय उनकी उपस्थिति या व्यक्तिगत जीवन के आधार पर आंका जाता है।
- राजनीतिक चर्चाओं में कम प्रतिनिधित्व: महिलाओं को अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में कम मीडिया कवरेज मिलता है।

महिलाओं के राजनीतिक नेतृत्व में सुधार के समाधान:

1.नीति और विधायी सुधार

- लिंग कोटा: राजनीतिक दलों और संसदों में अनिवार्य लिंग कोटा लागू करने से महिला प्रतिनिधित्व बढ़ सकता है।
- उत्पीड़न के खिलाफ सख्त कानून: महिला राजनेताओं को उत्पीड़न और हिंसा से बचाने के लिए मजबूत कानूनी ढांचे को लागू करना।

2.राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता अभियान

- सार्वजनिक संवेदीकरण: लैंगिक रूढ़िवादिता को चुनौती देने और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
- सामुदायिक सहभागिता: महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने में स्थानीय समुदायों को शामिल करना।

3.वित्तीय और आर्थिक सहायता

- फंडिंग तक समान पहुंच: सरकारों और राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए।

- महिला आर्थिक सशक्तिकरण: कौशल विकास और उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करना।

4.नेतृत्व प्रशिक्षण और परामर्श

- मेंटरशिप कार्यक्रम: मेंटरशिप नेटवर्क स्थापित करना जहां अनुभवी महिला नेता नए प्रवेशकों का मार्गदर्शन कर सकें।
- राजनीतिक शिक्षा: युवा लड़कियों को प्रेरित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में राजनीतिक नेतृत्व प्रशिक्षण शामिल करना।

5.मीडिया और जनसंपर्क समर्थन

- संतुलित मीडिया प्रतिनिधित्व: मीडिया आउटलेट्स को महिला राजनेताओं को निष्पक्ष रूप से कवर करने और व्यक्तिगत जीवन के बजाय उनके काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- सोशल मीडिया प्रशिक्षण: महिला राजनेताओं को जनता से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करना।

भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के लिए विभिन्न कानून और विधान:

1. भारतीय संविधान का भाग3 पुरुषों और महिलाओं के मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है।
2. अनुच्छेद 43 समानता के अधिकारों की गारंटी देता है।
3. अनुच्छेद 15(3) के अनुसार धर्म जाति लिंग अथवा जन्म स्थान के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। अनुच्छेद 16 में सार्वजनिक रोजगार के मामले में अवसर की समानता का अधिकार प्रदान किया गया है।
4. अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करता है।
5. अनुच्छेद 23 मानव शोषण और तस्करी के खिलाफ अधिकार की गारंटी देता है।
6. अनुच्छेद 39(a) पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए समान रूप आजीविका का अधिकार प्रदान करता है।
7. अनुच्छेद 39a पुरुष और महिलाओं के लिए समान वेतन सुनिश्चित करता है।
8. 1992 में 73 संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा महिलाओं के लिए पंचायतों में सीटों का आरक्षण किया गया।

 ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

9. 1992 में 74 संशोधन अधिनियम मैं यह शामिल था कि महिलाओं के लिए 33% सीटों का आरक्षण होगा और उन्हें नगरपालिका के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में रोटेशन के द्वारा आवंटित किए जाएंगे।

निष्कर्ष:

निष्कर्ष यह है कि एक लोकतांत्रिक देश के लिए सरकार और कानून बनाने की प्रक्रिया में देश के पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है।सरकार और समाज ने काफी हद तक महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं और वे यह भी साबित कर रहे हैं कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण में राजनीति को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। राजनीति के नए आयाम बनाए जा रहे हैं जिसमें महिलाओं को समान रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है भले ही वह पंचायत स्तर पर ही क्यों ना हो गांव के सरपंच ने कई पंचायत स्तर के चुनाव में महिला उम्मीदवारों को जीता और उन्नति के नए द्वार खोले।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. *शर्मा, प्रज्ञा (2011). "वूमेन इन इंडियन सोसायटी। जयपुर: पॉइंटर पब्लिशर्स।*
2. *यूपी के ग्रामीण क्षेत्र में महिला राजनीतिक भागीदारी और नेतृत्व का बदलता स्वरूप। एस वसीम अहमद, नीलोफर, गजाला परवीन, द इंडियन जर्नल ऑफ़ पोलिटिकल साइंस, वॉल्यूम 16, न-3*
3. *भारतीय संविधान*
4. *वूमेन इन इंडियन पॉलिटिक्स बाय नीरज शर्मा*
5. *भारत में महिलाओं की चुनावी भागीदारी*
6. *द हिंदू, 17 जून*
7. *73वां व 74वां संविधान संशोधन अधिनियम।*
8. *विकासपीडिया, सामाजिक कल्याण, महिला विकास।*
9. *वॉल्यूम9, आई जे सी आर टी, 5 मई 2021 के मुद्दे।*
10. *आलम एस, भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी एवं मीडिया की भूमिका 2015।*
11. *Http://Loksabhaph.nic.in/members/women aspx.*
12. *Https://rajyasabha.nic.in/rsnew/member site/women.aspx.*

13. *अंतर्राष्ट्रीय बहुभाषिक शोध पत्रिका, प्रिंटिंग एरिया, इंटरनेशनल इंटर डिसीप्लिनरी रिसर्च जर्नल इन मराठी, हिंदी एंड इंग्लिश भाषा, जून 2023, वॉल्यूम3।*
14. *विकीपीडिया*
15. *इंडिया टुडे पोस्ट मैगजीन*
16. *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ पोलिटिकल साइंस एंड गवर्नेंस 2021; 3(2):110-11 17. जागरण जोश, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023*

वृद्ध महिला श्रमिको की स्थिति का अध्ययन इंदौर शहर के विशेष सन्दर्भ में

प्रजापति, सुरेश कुमार
शोधार्थी, इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क, इंदौर, मध्य प्रदेश

डॉ.जैन, सुधा
शोध निर्देशिका, इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क, इंदौर, मध्य प्रदेश.

सारांश

वर्तमान युग को हम कितना भी विकसित एवं शिक्षित समाज का हिस्सा मानते है परन्तु हमारी मानसिकता एवं पक्षपातपूर्ण व्यव्हार महिलाओ के प्रति व्याप्त है , भारतीय समाज में नारी को समानता का दर्जा नहीं प्राप्त है | भारत वर्ष कामकाजी महिलाओ को कामकाज के अतिरिक्त घरेलु कार्यो के लिए भी पूरी मशक्कत करनी पड़ती है | पिछले कुछ वर्षो में महिलाओ ने आर्थिक विकास में सक्रीय रूप से उद्योग सेवा एवं कृषि गतिविधियों में भाग लेकर घरेलु उत्पाद में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है | ग्रामीण क्षेत्रो में जहा महिलाओ के काम कि भागीदारी उच्च एवं शहरी क्षेत्रो में निम्न है ग्रामीण क्षेत्रो में महिलाये जो घरेलु या खेती बाड़ी, पशुपालन इंधन बटोरने ईट भट्टे या निर्माण कार्यो में संलगन है तथा कुटीर उद्योग की गतिविधो जैसे कार्यो को संभालती है

इंदौर शहर में बृद्ध महिला श्रमिक कि स्थिति पर यह अध्यन उनके आर्थिक सामाजिक और स्वस्थ्य संबंधी पहलुओ का विश्लेषण करता है | वृद्धवस्था में भी कई महिलाए घरेलु कार्य जैसे असंगठित क्षेत्रो में श्रम करने को मजबूर है | उन्हें कम वेतन, असुरक्षित कार्यस्थल और स्वस्थ्य संबंधी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है | पारिवारिक सहयोग कि कमी और सरकारी योजनाओ तक सीमित पहुँच उनकी कठिनाइयों को बढ़ा देती है | इस अध्यन का उद्देश्य न केवल उनकी वर्तमान स्थिति को समझना है, बल्कि यह भी देखना है कि सरकारी नीतियाँ और समाज उनके जीवन स्तर को सुधारने में कितनी सहायक है |

परिचय

प्राचीन समय में संयुक्त परिवार व्यवस्था भारतीय समाज की एक अनूठी एवं महत्त्वपूर्ण व्यवस्था रही है | जिसने समाज के असहाय बृद्ध लोगो के लिए पर्याप्त आर्थिक मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान

करने वाली व्यवस्था के रूप में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन भारत में औद्योगीकरण नगरीकरण आधुनिकीकरण धर्म के महत्त्व में तीव्र सामाजिक गतिशीलता एवं भौतिकवादी मूल्यों के प्रसार के कारण संयुक्त परिवार विघटन की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर दिखाई दे रहे है संयुक्त परिवारों के टूटने के साथ साथ समाज के उपरोक्त वर्गो में सामाजिक संगठन एवं विकास की दृष्टि से एक वृद्ध वर्ग का जीवन समस्याग्रस्त होता जा रहा है भारत में अनेक क्षेत्रो में संगठित और असंगठित श्रमिक कार्यरत है जैसे बीड़ी उद्योग कपड़ा उद्योग गलीचा उद्योग आदि | भारत में महिला श्रमिको कि स्थिति को लेकर कई चुनौतिया है लेकिन श्रमिक महिलाओ कि स्थिति में बढ़ोत्तरी हुई है | आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के मुताबिक भारत में महिला श्रम भागीदारी दर 37% है | वर्ष 2017-18 में यह दर 23.3% थी |

बृद्ध महिला श्रमिक समाज का इक महत्त्वपूर्ण लेकिन उपेक्षित वर्ग है जो अपने जीवन के उतरार्ध में भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहने के लिए श्रम करने को विवश है | इंदौर जैसे शहरी क्षेत्र में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है, जहाँ तेजी से बदलती आर्थिक और सामाजिक परिस्थतिया वृद्ध महिलाओ की आजीविका पर प्रभाव डालती है | असंगठित क्षेत्र में कार्यरत इन महिलाओ को कम वेतन, असुरक्षित कार्यस्थल, स्वस्थ्य समस्याएं और सामाजिक उपेक्षा जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है | अधिकांश वृद्ध महिला श्रमिक घरेलु कार्य, सड़क व्यापार, निर्माण कार्य,सफाई और छोटे उद्योगों में कार्यरत रहती है | पारिवारिक सहायता की कमी और सामाजिक सुरक्षा योजनाओ तक सीमित पहुँच उनकी कठिनाइयों को और बढ़ा देती है |

वेंजामिन शलाँस ने लिखा है कि “वृद्धवस्था एक विशिष्ट बीमारी के सामान है,वह ऐसी बीमारी है जो प्रत्येक व्यक्ति को लगती है | वह व्यक्ति तो जीवित रहता है, लेकिन अन्य सब बीमारिया इस बीमारी को निरपवाद रूप से जकड़ लेती है |”

मुख्य शब्दावली

1. वृद्ध महिला श्रमिक (Elderly Women Workers) – वे महिलाएँ जो 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की हैं और आजीविका के लिए श्रम कर रही हैं।
2. असंगठित क्षेत्र (Unorganized Sector) – वह कार्यक्षेत्र जहाँ श्रमिकों को नियमित वेतन, सामाजिक सुरक्षा या श्रम कानूनों का संरक्षण नहीं मिलता, जैसे घरेलू कार्य, निर्माण मजदूरी, सड़क व्यापार आदि।
3. सामाजिक सुरक्षा (Social Security) – सरकार या अन्य संस्थाओं द्वारा वृद्ध महिलाओं को दी जाने वाली पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएँ और अन्य सहायता।
4. आजीविका (Livelihood) – जीवनयापन के लिए किए जाने वाले कार्य, जिन पर वृद्ध महिला श्रमिक अपनी आर्थिक निर्भरता बनाए रखती हैं।

5. आर्थिक स्थिति (Economic Condition) – वृद्ध महिला श्रमिकों की आय, रोजगार की स्थिरता और वित्तीय निर्भरता से संबंधित स्थिति।
6. स्वास्थ्य समस्याएँ (Health Issues) – वृद्ध महिला श्रमिकों को होने वाली बीमारियाँ, जैसे जोड़ों का दर्द, कुपोषण, थकान और अन्य शारीरिक परेशानियाँ।
7. कार्यस्थल की परिस्थितियाँ (Workplace Conditions) – वृद्ध महिलाओं को काम करने के दौरान मिलने वाली सुविधाएँ, सुरक्षा और श्रम अधिकारों की स्थिति।
8. सरकारी योजनाएँ (Government Schemes) – वृद्ध महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाएँ, जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना आदि।
9. पारिवारिक सहयोग (Family Support) – वृद्ध महिला श्रमिकों को परिवार से मिलने वाली वित्तीय, भावनात्मक और सामाजिक सहायता।
10. सामाजिक स्थिति (Social Status) – वृद्ध महिलाओं को समाज में मिलने वाला सम्मान, अवसर और उनके प्रति समाज का दृष्टिकोण।
11. श्रमिक अधिकार (Labor Rights) – कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए निर्धारित कानून, सुरक्षा उपाय और न्यूनतम वेतन संबंधी अधिकार।

साहित्य समीक्षा

वृद्ध महिला श्रमिको की स्थिति पर किए गए विभिन्न शोध अध्ययनों रिपोर्टो और साहित्य की समीक्षा करने से यह स्पस्ट होता है कि यह वर्ग सामाजिक आर्थिक और स्वस्थ्य संबंधी कई चुनौतियों का सामना करता है | इंदौर शहर के विशेष सन्दर्भ में यह अध्ययन वृद्ध महिला श्रमिको की दशा को समझने का प्रयास करता है |

- कई शोध अध्ययनों में पाया गया है कि वृद्ध श्रमिको को कार्यस्थल पर भेदभाव, कम वेतन और असुरक्षित कार्य परिस्थतियो का सामना करना पड़ता है | नेशनल सैपल सर्वे (NSS) और सेंटर फार वुमेन डेवलपमेंट की रिपोर्टो के अनुसार, असंगठित क्षेत्र में काम कार्य करने वाली महिलाओ को सामाजिक सुरक्षा योजनाओ का सीमित लाभ मिलता है |
- सुमित्रा गुप्ता (2015) के अध्ययन में उल्लेख किया है कि वृद्ध महिलायों के पास वित्तीय स्वतंत्रता की कमी होती है, जिससे वे आजीविका के लिए श्रम करने को विवश होती है |
- चौधरी (2018) के अध्ययन में पाया गया कि वृद्ध महिला श्रमिको को पारिवारिक उपेक्षा और सामाजिक असुरक्षा का सामना करना पड़ता है | आर्थिक निर्भरता के कारण वे लंबे समय तक श्रम करती है |

- शर्मा और वर्मा (2019) के शोध में बताया गया कि वृद्ध महिला श्रमिको को गठिया, कमर दर्द, थकान, कुपोषण और अन्य बीमारिया का अधिक खतरा रहता है , इनके लिए स्वास्थ्य सुविधाओ कि अनुपलब्धता भी एक बड़ी समस्या है |
- के बी सक्सेना (2021) के अध्ययन में कहा कि योजनाओ की जागरूकता कि कमी और प्रक्रियात्मक जटिलताओ के कारण वृद्ध श्रमिक महिलाओ तक इनका प्रभाव सीमित रहता है |

शोध क्षेत्र एवं शोध अध्ययन विधि

- **शोध अध्ययन क्षेत्र**

  यह शोध इंदौर शहर में महिला श्रमिको के सामाजिक आर्थिक और कार्यस्थालीय स्थिति का अध्ययन करने पर केन्द्रित है इंदौर जो मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा आद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्र है यहाँ बड़ी संख्या में महिलाए असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है | वृद्ध महिला श्रमिको कि स्थिति को समझने के 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की कार्यरत महिलाओ घरेलु कामगार निर्माण मजदूर सफाई कर्मी सड़क विक्रेता कारखाना श्रमिक सरकारी योजनाओ से लाभान्वित या उनसे वंचित वृद्ध महिला श्रमिक कि वास्तविक स्थिति को उजागर करने और उनकी समस्याओ के समाधान हेतु सुझाव देने के उद्देश्य से किया जायेगा |

- **शोध अध्ययन विधि**

  प्रस्तुत शोध पत्र में विवरणात्मक द्वतीय समंको का प्रयोग किया गया है | द्वतीय समंको का संकलन के विभिन्न श्रोतो जैसे वार्षिक प्रतिवेदन शोध क्षेत्र शोध पत्र आर्टिकल समाचार पत्र पुस्तके एनजीओ और सामाजिक संगठनो कि रिपोर्ट से वृद्ध श्रमिको से संबंधित संगठनो द्वारा प्रकाशित शोध पत्र और दस्तावेज पूर्व शोध एवं साहित्य समीक्षा एवं इंटरनेट के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गई है |

उद्देश्य

- बृद्धि महिला श्रमिको कि स्थिति का अध्ययन करना |
- महिला श्रमिको के उत्थान के लिए सरकारी की नीतियों की भूमिका का विश्लेषण करना |
- वृद्ध महिलाओ द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यो जैसे घरेलु,कार्य , सड़क व्यापार,सफाई आदि की पहचान करना|
- बृद्धि महिला श्रमिको के स्वस्थ्य और कार्यस्थल स्थितयों का अध्ययन करना |
- बृद्धि महिला श्रमिको के लिए चलायी जा रही सरकारी योजनाओ और उनके प्रभाव का विश्लेषण करना|

- बृद्धि महिला श्रमिको के सामने आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण एवं अध्ययन कर संभावित समाधानो का सुझाव देना

वृद्धवस्था की समस्याए

1. मानसिक रोग
2. शारीरिक दुर्बलता
3. एकाकीपन
4. पारिवारिक सामजस्य की समस्या
5. खाली समय के उपयोग की समस्या
6. आर्थिक समस्याए

वृद्ध महिला श्रमिको के समक्ष उभरती स्वस्थ्य चुनौतिया

किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का समग्र मूल्याकन उसकी कथित स्वस्थ्य स्थिति में परिलाक्षित दिखाई देता है | कई अध्ययनों में पाया गया कि विभिन्न कारक और स्व रिपोर्ट की गई स्वास्थ्य स्थिति किस प्रकार संबंधित है | वर्तमान अध्ययन में वृद्ध महिलायों से उनके वर्तमान स्वस्थ्य को पांच बिंदु पैमाने पर रेट करने को कहा गया बहुत अच्छा, अच्छा,औसत,ख़राब और बहुत ख़राब

वृद्ध महिला श्रमिको द्वारा स्वयं बताई गई स्वास्थ्य स्थिति

तालिका 1

स्व रिपोर्ट किया गया स्वास्थ्य दशा	महिला (115)	प्रतिशत
बहुत अच्छा	13	11%
अच्छा	12	10%
औसत	32	28%
ख़राब	42	37%
बहुत ख़राब	16	14%
कुल	**115**	**100 %**

तालिका 1 से पता चलता है कि वृद्ध महिला श्रमिको का एक उल्लेखनीय हिसा 37% ख़राब है | औसतन में 28 % वृद्ध महिला श्रमिक है 11 % प्रतिशत महिलाए बहुत अच्छी है वही बहुत ख़राब स्वास्थ्य की बात की जाए तो 14 % है | इस अध्ययन जिन स्वास्थ्य जटिलताओ का

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

अध्ययन किया गया है उनमे गठिया,मधुमेह,अस्थमा,उच्चरक्तचाप,मोतियाबिंद और अन्य पुरानी बीमारिया शामिल है |

तेजी से बढती जनसँख्या के सन्दर्भ में, बुढ़ापे में सफलतापूर्वक जीने के तरीके रूप में एक सकारात्मक और सफल बुढ़ापे के माडल के महत्त्व को पहचाना गया है | समार्टफोन जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है | और बुजुर्ग आबादी के बीच उनका उपयोग और स्वीकृत भी बढ़ रही है लोगो से जुड़ने के लिए समार्टफोन एक महत्त्वपूर्ण साधन बन गया है सामाजिक जुडाव एक ऐसा मार्ग हो सकता है जिसके माध्यम से कल्याण को बढ़ावा दिया जा सकता है सामाजिक संबंध बनाये रखने से उनके मानसिक , भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है | नियमित सामाजिक संपर्क अकेलेपन अवसाद और चिंता की भावनाओ को कम कर सकता है जबकि संज्ञानात्मक कामकाज को बढ़ावा दे सकता है |

समाधान एवं सुझाव

1. आर्थिक सशक्तिकरण के उपाय

- वृद्ध महिला श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए ठोस नीतियाँ बनाई जानी चाहिए |
- स्वरोजगार और लघु उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म वित्त (Microfinance) और स्वयं सहायता समूह (SHG) के माध्यम से आर्थिक सहायता दिया जाना चाहिए |
- वृद्ध महिलाओं के लिए आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएँ, जिससे वे कम शारीरिक श्रम वाले कार्यों में संलग्न हो सकें।

2. कार्यस्थल सुधार और सुरक्षा

- वृद्ध महिला श्रमिकों के कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को अनिवार्य किया जाना चाहिए।
- असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को श्रमिक पहचान पत्र प्रदान किए जाएँ, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।
- लचीले कार्य घंटे और कम श्रम-गहन कार्य उपलब्ध कराए जाएँ ताकि वृद्ध महिलाएँ अपने स्वास्थ्य को बनाए रखते हुए कार्य कर सकें।

3. स्वास्थ्य सुविधाएँ और देखभाल

- वृद्ध श्रमिक महिलाओं के लिए निःशुल्क या रियायती स्वास्थ्य जाँच शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिए।

- ईएसआई (ESI) और आयुष्मान भारत योजना जैसी स्वास्थ्य योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए।
- कार्यस्थल पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

4. सरकारी योजनाओं की जागरूकता और क्रियान्वयन

- वृद्ध महिला श्रमिकों को वृद्धावस्था पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना, और श्रम कल्याण योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।
- सरकारी योजनाओं तक उनकी पहुँच बढ़ाने के लिए स्थानीय निकायों और गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए |
- पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों को प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और डिजिटल माध्यमों से सुलभ बनाया जाना चाहिए।

5. सामाजिक और पारिवारिक समर्थन

- वृद्ध महिलाओं को परिवार से भावनात्मक और आर्थिक सहयोग प्राप्त हो, इसके लिए सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।
- समाज में वृद्ध महिलाओं के प्रति सम्मान और देखभाल की भावना विकसित करने के लिए सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए।
- डे-केयर सेंटर और वृद्धाश्रमों में उनके लिए रोजगारपरक गतिविधियाँ चलाई जानी चाहिए।

6. शोध और नीतिगत सुधार

- सरकार और शैक्षणिक संस्थानों को वृद्ध महिला श्रमिकों की स्थिति पर नियमित सर्वेक्षण और शोध करने चाहिए।
- वृद्ध महिला श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नई नीतियाँ और कानून बनाए जाना चाहिए।
- असंगठित क्षेत्र में वृद्ध श्रमिक महिलाओं के कल्याण के लिए विशेष श्रमिक बोर्ड गठित करना चाहिए |

प्राप्त निष्कर्ष

इंदौर शहर में वृद्ध महिला श्रमिको की स्थिति का अध्ययन करने से यह स्पस्ट होता है कि वे विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और स्वस्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रही है | असंगठित क्षेत्र में कार्यरत होने के कारण इन्हें न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओ की कमी झेलनी पड़ती है | पारिवारिक सहयोग की सीमित उपलब्धता और कार्यस्थलो की प्रतिकूल परिस्थितिया इनकी

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

स्थिति को और जटिल बना देती है | अध्ययन में यह पाया गया कि अधिकांश वृद्ध महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है , जहाँ उन्हें श्रम कानूनों और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिलता | आर्थिक के कारण वे आजीविका के लिए लंबे समय तक श्रम करने के लिए विवश होती है | स्वस्थ्य समस्याए जैसे जोड़ो का दर्द, कुपोषण और कार्य से संबंधित बीमारिया आमतौर पर देखी गई है और सरकारी योजनाए उपलब्ध तो है, लेकिन जागरूकता की कमी और जटिल प्रक्रियाओ के कारण कई वृद्ध महिलाए इनका लाभ नहीं उठा पा रही है | सामाजिक और पारिवारिक समर्थन की कमी के कारण कई वृद्ध महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है | इस शोध से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर यह आवश्यक है कि सरकार, गैर सरकारी संगठन (NGO) और समाज मिलकर वृद्ध महिला श्रमिको के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाएं आर्थिक सुरक्षा स्वास्थ्य सेवाओ की उपलब्धता, सामाजिक कल्याण योजनाओ की पहुच और कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं सुविधाओ में सुधार से इनका जीएवन अधिक सुरक्षित और गरिमामय बनाया जा सकता है | समाज में वृद्ध महिला श्रमिको के योगदान को मान्यता देकर और उन्हें उचित सहायता प्रदान करके उनकी स्थति को सशक्त किया जा सकता है |

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. मध्यप्रदेश सामाजिक शोंध समग्र शोंध एवं सन्दर्भ की राष्टीय पत्रिका (2016)
2. भारत सरकार नई दिल्ली – (2001)
3. वृद्धजन समस्याए व प्रत्याशाये शोंध प्रबंध (1998)
4. वृद्धजनो का समाज शास्त्रीय अध्ययन
5. गुप्ता सुमित्रा (2016) महिला श्रम और असंगठित क्षेत्र मुंबई एशियन पब्लीशिंग हॉउस
6. सिन्हा पी.एन. (2020) भारत में वृद्धजन और सामाजिक सुरक्षा, कोलकाता युनिवर्सल पब्लिकेशन |
7. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण रिपोर्ट (2019) भारत में वृद्ध श्रमिको की स्थिति, भारत सरकार, नई दिल्ली |
8. भारत सरकार (2018) असंगठित श्रमिको के लिए सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली |
9. मध्यप्रदेश सरकार (2020) महिला श्रमिको के कल्याण के नीति दस्तावेज,सामाजिक न्याय विभाग, भोपाल|
10. http://mospi.nic.in/sites/default/files/publication_reports/annual_reports_plfs_2018-19_hl.pdf
11. https://labour.gov.in/sites/default/files/review_unorganised_workers_social_security_act_2008.pdf
12. http://www.cwds.ac.in/wpcontent/uploads/2020/05/ageing_women_workers_report.pdf

डिजिटल युग में महिलाओं की भूमिका और लिंग समानता की नई संभावनाएं

खुशबू सिंह
स्त्री अध्ययन विभाग, संस्कृति विद्यापीठ,
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र, भारत।

सार

डिजिटल युग ने महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक अभिव्यक्ति के नए अवसर खोले हैं। ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल व्यवसाय और सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म महिलाओं के आत्मविश्वास, कौशल और सामाजिक भागीदारी को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाएं डिजिटल साक्षरता के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रही हैं।

डिजिटल तकनीक ने जहाँ एक ओर लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराध, तकनीकी साक्षरता की कमी, और डिजिटल संसाधनों तक असमान पहुँच जैसी चुनौतियाँ भी प्रस्तुत की हैं। कई महिलाओं को ऑनलाइन उत्पीड़न, ट्रोलिंग, डेटा चोरी और सामाजिक अवरोधों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी भागीदारी सीमित हो जाती है।

इस आलेख के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि डिजिटल युग महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन इसका समावेशी लाभ तभी संभव है जब तकनीकी पहुँच, सुरक्षा और जागरूकता को हर वर्ग की महिलाओं के लिए सुनिश्चित किया जाए। जब महिलाएं बिना डर और भेदभाव के डिजिटल मंचों पर भाग ले सकेंगी, तभी वास्तविक लैंगिक समानता और समावेशी विकास संभव होगा।

मुख्य शब्द: लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, इंटरनेट और महिलाएं, सोशल मीडिया

भूमिका

1990 के दशक में जब वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने गति पकड़ी, तब तकनीक और सूचना के क्षेत्र को प्रायः पुरुषों का वर्चस्व प्राप्त था। तकनीकी ज्ञान, डिजिटल संसाधनों की पहुँच और प्रयोग की संस्कृति में महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। लेकिन जैसे-जैसे महिलाओं की शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक गतिशीलता में वृद्धि हुई, उन्होंने न केवल तकनीकी दुनिया में प्रवेश किया, बल्कि उसमें अपनी सक्रिय और सशक्त उपस्थिति भी दर्ज कराई। आज महिलाएं डिजिटल उपकरणों और संसाधनों का उपयोग केवल सूचना प्राप्ति तक सीमित नहीं रख रही हैं, बल्कि वे उसका विश्लेषण, समझ और जीवन के विविध क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रयोग कर रही हैं।

वर्तमान समय को 'डिजिटल युग' अथवा 'तकनीकी युग' कहा जा रहा है, जहाँ ज्ञान, संचार, सेवाएं और अवसर—सब कुछ तकनीक के माध्यम से तीव्रता से बदल रहे हैं। यह युग समाज के प्रत्येक वर्ग को नई दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है, विशेष रूप से उन महिलाओं को, जो वर्षों से सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक असमानताओं का सामना करती रही हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी ने न केवल भौगोलिक और पारंपरिक सीमाओं को तोड़ा है, बल्कि यह महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और अभिव्यक्ति के नए मार्ग भी खोल रही है।

आज तकनीक ने घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल व्यवसाय और सामाजिक संवाद को संभव बना दिया है। सोशल मीडिया जैसे मंचों ने महिलाओं को अपनी रचनात्मकता, विचारों और अनुभवों को साझा करने का एक स्वतंत्र मंच दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाएं अब डिजिटल साक्षरता के माध्यम से अपने आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और आर्थिक स्थिति को सशक्त बना रही हैं। वे पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़कर घर, समाज और कार्यक्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं।

हालाँकि यह भी स्वीकार करना होगा कि इस तकनीकी विकास के साथ कई गंभीर चुनौतियाँ भी जुड़ी हुई हैं-जैसे साइबर अपराध, डिजिटल भेदभाव, तकनीकी संसाधनों की असमान पहुँच और डिजिटल साक्षरता की कमी। इसके बावजूद, डिजिटल प्लेटफॉर्म महिलाओं को वह मंच दे रहे हैं, जहाँ वे न केवल अपनी बात रख पा रही हैं, बल्कि सदियों से जमी हुई पितृसत्तात्मक संरचनाओं को भी चुनौती दे रही हैं।

इस प्रस्तावित लेख/अध्ययन का उद्देश्य यही है कि डिजिटल युग ने महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भूमिका को किस प्रकार बदला है, और यह परिवर्तन लैंगिक समानता की दिशा में कितना ठोस और प्रभावी सिद्ध हो रहा है। इस विश्लेषण के माध्यम से हम न केवल यह समझ सकेंगे कि

तकनीकी प्रगति ने महिला सशक्तिकरण के क्या नए अवसर उपलब्ध कराए हैं, बल्कि यह भी मूल्यांकन कर पाएंगे कि क्या यह परिवर्तन सभी वर्गों की महिलाओं तक समान रूप से पहुँच पा रहा है या नहीं।

डिजिटल शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी

डिजिटल क्रांति ने शिक्षा के क्षेत्र में जो परिवर्तन लाए हैं, वे विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक नई आशा और अवसर का स्रोत बनकर उभरे हैं। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में महिलाओं की भागीदारी अनेक सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक सीमाओं के कारण बाधित रही है। किंतु अब तकनीकी प्रगति के माध्यम से शिक्षा घर की चौखट तक पहुँच चुकी है, जिससे शिक्षा एक सुलभ और लचीला विकल्प बन गई है। आज महिलाएं MOOCs (Massive Open Online Courses), YouTube, zoom, google meet, शैक्षिक मोबाइल एप्लिकेशन, पोडकास्ट्स, वेबिनार्स और डिजिटल विश्वविद्यालयों के माध्यम से विभिन्न विषयों में ज्ञान अर्जित कर रही हैं। ये मंच महिलाओं को अपने समय, सुविधा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के अनुरूप सीखने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। विशेष रूप से गृहिणियाँ, माताएँ, कार्यरत महिलाएं तथा ग्रामीण क्षेत्रों की युवतियाँ इन संसाधनों के माध्यम से अपने कौशल का विकास कर रही हैं।

ऑनलाइन शिक्षा ने महिलाओं को पारंपरिक पाठ्यक्रमों से आगे बढ़कर डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, लेखन, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, भाषा शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित होने का अवसर दिया है। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि वे स्वरोज़गार और ऑनलाइन काम के विकल्पों की ओर भी अग्रसर हुई हैं। इसके अतिरिक्त, डिजिटल शिक्षा ने उन महिलाओं को भी फिर से सीखने का अवसर दिया है, जिन्होंने शादी, मातृत्व या सामाजिक कारणों से अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ दी थी। वे अब पुनः सक्रिय होकर शिक्षा के ज़रिए अपने आत्मसम्मान और पहचान को पुनर्परिभाषित कर रही हैं।

हालाँकि, यह भी स्वीकार करना होगा कि डिजिटल साक्षरता की कमी, इंटरनेट की सीमित पहुँच, और डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता आज भी ग्रामीण तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की महिलाओं की शिक्षा में बाधक बनी हुई है। फिर भी, सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा चलाई जा रही डिजिटल साक्षरता मुहिमें इन अंतरालों को भरने का प्रयास भी कर रही हैं।

ऑनलाइन व्यवसाय और डिजिटल उद्यमिता

डिजिटल युग ने महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के नए मार्ग प्रशस्त किए हैं। जहाँ पहले व्यापार करने के लिए पूंजी, दुकान, परिवहन, और सामाजिक समर्थन जैसी अनेक पूर्व शर्तें होती थीं, वहीं आज इंटरनेट और स्मार्टफोन की सहायता से महिलाएं घर बैठे स्वरोज़गार और व्यवसाय

को सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह महिलाओं की सामाजिक पहचान, निर्णयकारी भूमिका और सशक्तिकरण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी बदलाव है।

डिजिटल मंचों पर महिला उद्यमिता का प्रसार: आज महिलाएं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे Amazon, Flipkart, Meesha, Etsy, Shopify आदि पर अपने उत्पाद बेच रही हैं। ये उत्पाद घरेलू हस्तशिल्प, कपड़े, आभूषण, खाद्य सामग्री, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, डिजिटल सेवाएं आदि हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म जैसे Instagram, Facebook, WhatsApp Business का उपयोग कर महिलाएं अपने ग्राहकों से सीधा संवाद बनाती हैं, प्रचार करती हैं, ब्रांड बना रही हैं। Instagram या Facebook पर छोटे व्यापारिक पेज, YouTube पर क्रिएटिव चैनल, और WhatsApp पर प्रोडक्ट बुकिंग जैसे माध्यमों से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। इससे उन्हें न केवल आय का साधन मिला है, बल्कि सामाजिक मान्यता और सम्मान भी प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही, UPI, Paytm, Google Pay, Phon pay, और अन्य डिजिटल भुगतान प्रणालियों ने लेन-देन को इतना सरल बना दिया है कि महिलाएं बिना बैंक जाए, घर बैठे ही पूरे व्यवसाय का आर्थिक प्रबंधन कर सकती हैं।

सोशल मीडिया पर महिला सशक्तिकरण: आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल संचार या मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह महिलाओं के लिए सामाजिक बदलाव, आत्म-अभिव्यक्ति और सशक्तिकरण का एक प्रभावशाली उपकरण बन चुका है। Facebook, Instagram, YouTube, Twitter (अब X), WhatsApp, LinkedIn जैसे मंचों ने महिलाओं को एक समान अवसरों वाला मंच प्रदान किया है, जहाँ वे अपने विचार, अनुभव, रचनात्मकता और व्यवसाय को दुनिया के सामने ला सकती हैं। स्वर और पहचान की स्वतंत्रता: सोशल मीडिया ने महिलाओं को अपने विचार व्यक्त करने, सामाजिक मुद्दों पर बोलने, और अपनी रचनात्मकता को साझा करने की सांस्कृतिक स्वतंत्रता दी है। महिलाएं अब ब्लॉगिंग, वीडियो कंटेंट, कविताएँ, सामाजिक पोस्ट, पर्सनल स्टोरीज़ के माध्यम से अपने अनुभवों और जीवन संघर्षों को सामने लाकर, न केवल समाज को जागरूक कर रही हैं, बल्कि अपने जैसी अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं।

डिजिटल आंदोलन और वैश्विक चेतना: डिजिटल युग में सोशल मीडिया न केवल संवाद का माध्यम बना है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त उपकरण भी सिद्ध हुआ है। विशेष रूप से महिलाओं से जुड़े मुद्दों को वैश्विक मंच पर लाने और उन पर सार्वजनिक विमर्श को प्रेरित करने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बीते वर्षों में अनेक डिजिटल आंदोलनों ने वैश्विक स्तर पर लैंगिक असमानता, यौन शोषण, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर करोड़ों लोगों को जागरूक किया है और उन्हें एकजुट होने का अवसर दिया है। उदाहरणस्वरूप, #MeToo, #TimesUp,

#YesAllWomen, और #BoisLockerRoom जैसे हैशटैग्स ने महिलाओं को अपने अनुभव साझा करने, सामाजिक समर्थन प्राप्त करने और पितृसत्तात्मक संरचनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। इन आंदोलनों ने न केवल व्यक्तिगत पीड़ाओं को उजागर किया, बल्कि उन्हें सामूहिक चेतना में बदलते हुए सामाजिक और कानूनी सुधार की मांग को भी बल दिया।

भारतीय संदर्भ में भी डिजिटल आंदोलन तेजी से उभरे हैं। **#PinjraTod** ने शहरी छात्राओं की आज़ादी की मांग को स्वर दिया, वहीं **#StopAcidAttacks** ने अमानवीय हिंसा के विरुद्ध संघर्षरत महिलाओं की आवाज़ को बल प्रदान किया। इसी प्रकार, **#DigitalIndiaForHer** जैसे अभियानों ने डिजिटल साक्षरता के माध्यम से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास किया। इन अभियानों ने न केवल जागरूकता बढ़ाई बल्कि सामाजिक भागीदारी को भी सशक्त किया, जिससे महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग होने और बदलाव की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिला। इस प्रकार, सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू हुए डिजिटल आंदोलनों ने एक नई वैश्विक चेतना को जन्म दिया है, जो न केवल विरोध का माध्यम है, बल्कि सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल भी है।

चुनौतियाँ और जोखिम: हालाँकि सोशल मीडिया ने कई अवसर दिए हैं, लेकिन महिलाओं के लिए इसमें साइबर उत्पीड़न, ट्रोलिंग, फेक प्रोफाइल, डेटा चोरी और लैंगिक भेदभाव जैसी समस्याएँ भी मौजूद हैं। कई बार महिलाएं ऑनलाइन हिंसा और चरित्र पर प्रश्न उठाए जाने का शिकार होती हैं, जिससे उनकी डिजिटल भागीदारी प्रभावित होती है। इसलिए डिजिटल सुरक्षा, गोपनीयता और साइबर कानूनों की जानकारी महिलाओं के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है।

डिजिटल युग ने महिलाओं के लिए शिक्षा, व्यवसाय, सामाजिक अभिव्यक्ति और सशक्तिकरण के नए अवसर अवश्य खोले हैं, लेकिन इसके साथ-साथ कई गंभीर चुनौतियाँ और जोखिम भी उत्पन्न हुए हैं। यह आवश्यक है कि डिजिटल मंचों का उपयोग करते समय महिलाओं को संभावनाओं के साथ-साथ उनके संभावित खतरे और सीमाओं को भी भली-भांति समझना चाहिए।

साइबर अपराध और ऑनलाइन उत्पीड़न

डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर महिलाओं को साइबर स्टॉकिंग, मॉर्फ्ड इमेज शेयरिंग, ट्रोलिंग, अभद्र टिप्पणियाँ, ऑनलाइन उत्पीड़न, और फर्जी प्रोफाइल जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह न केवल उनकी मानसिक सुरक्षा को प्रभावित करता है, बल्कि कई बार वे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से हटने को भी मजबूर हो जाती हैं।

 ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

राष्ट्रीय महिला आयोग और NCRB की रिपोर्टों में भी यह स्पष्ट हुआ है कि महिलाओं के प्रति साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे उनका ऑनलाइन सहभाग घटता है। महिलाओं के लिए सबसे बड़ी डिजिटल चुनौती साइबर सुरक्षा से जुड़ी है। सोशल मीडिया, मैसेजिंग एप्स, और ऑनलाइन मंचों पर महिलाओं को गाली-गलौज, धमकी, अश्लील संदेश, फेक प्रोफाइल, फोटो मॉर्फिंग, साइबर स्टॉकिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन अपराधों के कारण कई महिलाएं ऑनलाइन माध्यमों से दूरी बना लेती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और डिजिटल भागीदारी दोनों प्रभावित होते हैं।

तकनीकी साक्षरता और डिजिटल ज्ञान की कमी: भारत जैसे विकासशील देश में तकनीकी साक्षरता विशेष रूप से ग्रामीण और कम शिक्षित महिलाओं के लिए एक बड़ी चुनौती है।

- कई महिलाएं आज भी स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इंटरनेट ब्राउज़िंग, ऑनलाइन पेमेंट या ईमेल जैसे सामान्य डिजिटल कार्यों में दक्ष नहीं हैं।
- डिजिटल उपकरणों के प्रयोग से जुड़ी भाषाई कठिनाइयाँ, डर, और आत्मविश्वास की कमी उन्हें डिजिटल संसाधनों से दूर रखती हैं।
- तकनीकी प्रशिक्षण की अनुपलब्धता इस समस्या को और गहरा करती है।

जिटल अवसरों की असली उपयोगिता तभी है जब उनकी पहुँच सभी वर्गों तक समान रूप से हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि ग्रामीण, आदिवासी और वंचित समुदायों की महिलाओं को आज भी स्मार्टफोन, लैपटॉप, इंटरनेट डेटा, और नेटवर्क कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। भारत के अनेक क्षेत्रों में अब भी इंटरनेट की पहुँच पुरुषों तक सीमित है, और महिलाओं को तकनीकी संसाधनों के उपयोग से रोका जाता है। इसके पीछे सांस्कृतिक रूढ़ियाँ, नियंत्रण की मानसिकता, और आर्थिक सीमाएँ कार्य करती हैं।

महिलाओं के डिजिटल उपकरणों के उपयोग को लेकर समाज में अब भी अनेक संशय और निगेटिव धारणाएँ प्रचलित हैं। कई परिवारों में यह माना जाता है कि महिलाओं का मोबाइल या इंटरनेट चलाना अनुचित या जोखिम भरा है, जिससे वे स्वतंत्र रूप से डिजिटल मंचों का उपयोग नहीं कर पातीं। यह दृष्टिकोण उन्हें डिजिटल युग की मुख्यधारा से अलग कर देता है और लैंगिक डिजिटल खाई को और गहरा करता है।

निष्कर्ष

डिजिटल युग ने समाज में महिलाओं की भूमिका को एक नवीन दिशा प्रदान की है। तकनीकी विकास के कारण शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, और सामाजिक संवाद के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पहले की

तुलना में अधिक सशक्त, विविध और गतिशील हुई है। डिजिटल मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और कौशल को दुनिया के सामने रख पा रही हैं, बल्कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल व्यवसाय, सोशल मीडिया अभियानों और ई-गवर्नेंस तक पहुँच ने महिलाओं को सशक्त नागरिक के रूप में स्थापित करने की नींव रखी है। यह परिवर्तन न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की संरचना में भी बदलाव ला रहा है। महिलाएं अब निर्णायक भूमिकाओं में आ रही हैं, और लैंगिक शक्ति संतुलन की ओर एक सार्थक बढ़त दिखाई दे रही है।

हालाँकि, यह भी उतना ही सत्य है कि डिजिटल अवसरों के समान उपयोग और लाभ के मार्ग में अनेक बाधाएँ आज भी उपस्थित हैं।साइबर अपराध, तकनीकी साक्षरता की कमी, इंटरनेट की सीमित पहुँच

संदर्भ सूची:

1. *खोसबख्त, एन. (2018). डिजिटल आइडेंटिटीज़: सोशल मीडिया के माध्यम से स्वयं की प्रस्तुति [थीसिस, मोनाश विश्वविद्यालय]।* https://doi.org/10.4225/03/5af3c264d88a2
2. *गुप्ता, वंदना, (2024). डिजिटल युग में स्त्री सशक्तिकरण। वीकली इंडिया, नई दिल्ली।*
3. *लेस्ली फाउंडेशन, (2023).महिला सशक्तिकरण को डिजिटल सशक्तिकरण की आवश्यकता है।*
4. *श्लाघ, डॉ. राम समुझ, (2018).महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन। शोध पत्र*
5. *शर्मा, वी.के. (2024, 17 दिसंबर). डिजिटल युग में महिला सशक्तिकरण: अवसर और चुनौतियाँ। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी ट्रेंड्स, 7(1), 110-112।* https://www.multisubjectjournal.com
6. ***हस्ट, एस. जे. टी., और ब्राउन, पी. एम. (2012).** द व्यू ऑफ देम: प्री-एडोलसेंट परसेप्शन ऑफ पॉपुलर मीडिया एंड देयर रिलेशनशिप टू फ्यूचर एस्पिरेशन। डेवलपमेंटल साइकोलॉजी, 48(2), 315–326।* https://doi.org/10.1037/a0026369

मूंज उत्पाद से उद्यमिता कि ओर बढ़ती महिलाएँ : विशेष सन्दर्भ प्रयागराज

ज्योति कुमारी आदिवासी
पी .एच. डी .स्त्री अध्ययन, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी
विश्वविद्यालय वर्धा , क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज झूंसी

सार

भारतीय समाज में महिलाएं सदियों से हस्तशिल्प के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती रही हैं। उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प न केवल देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करते हैं। हस्तशिल्प उद्योग सदियों से मानव सभ्यता का एक अभिन्न अंग रहा है। यह न केवल आर्थिक विकास में योगदान देता है बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करता है। इस उद्योग में महिलाओं की भागीदारी सदियों से रही है। वे न केवल कारीगर के रूप में बल्कि डिजाइनर, उत्पादक और विक्रेता के रूप में भी सक्रिय रूप से शामिल रही हैं। हालाँकि, लैंगिक असमानता के कारण, महिलाओं को अक्सर पुरुषों की तुलना में कम अवसर और कम मान्यता मिलती रही है।

परिचय:

मूंज, एक पारंपरिक भारतीय घास है जो सदियों से हमारे बीच रही है . आज भी गाँवों में अभी गरीब मजदूर जनसँख्या ,किसान और अन्य लोग कच्ची मिट्टी के घर में छावनी के लिए सरपत का उपयोग करते है . हालाँकि सदियों से हस्तशिल्प के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। यह घास न केवल अपनी मजबूती और लचीलेपन के लिए जानी जाती है, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक के रूप में भी महत्वपूर्ण है।

मूंज का इतिहास और सांस्कृतिक महत्व:

टोकरी बनाने कि कला हमारी संस्कृति और दिनचर्या कि जरूरतों कि एक पुरानी परंपरा रही है.प्रकृति ने हमें लगभग हर वस्तु कि प्रचुरता दी है और हमारे देंश के लोगो ने इसे अपनाने में उत्कृष्टता हासिल कि है . उतर प्रदेश कि वर्तमान में

आबादी यूरोपीय देश के करीब है . हालांकि टोकरी बनाने कि कला यथा मूंज कि कला , मूल रूप से ग्रामीण महिलाओं के रोजगार और भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण हो गया है क्यूंकि शुरू शुरू में इन टोकरियों को बनाने का उद्येश्य भोजन (रोटी) रखने के लिए और शादी विवाह समारोह में उपहार देने लेने के लिए बनाई जाती थी और आज यह वर्तमान में ये कला शहरी घरों में बहुत बड़े पैमाने पर इन उत्पादों कि मांग बढ़ रही है . यह शुरू हुआ 24 जनवरी 2018 ,सूक्ष्म लघु वमध्यम मंत्रालय के द्वारा एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत ग्रामीण कलाओ को पूँजी युक्त रोजगार के रूप में परिवर्तित कर दिया है . मूंज उत्पाद को साल 2022 में जीआई टैग दिया गया है . मूंज का उपयोग हस्तशिल्प में भारत में हजारों वर्षों से होता रहा है। प्राचीन भारतीय सभ्यताओं में, मूंज का उपयोग घरों के निर्माण, वस्त्रों और विभिन्न प्रकार के बर्तनों को बनाने के लिए किया जाता था। मूंज हस्तशिल्प के उत्पादों का उपयोग प्राचीन काल से चलता आ रहा है जैसे कि पुरातात्विक साक्ष्यों में पाया गया है कि , सरपत घास और बांस के उत्पाद का दैनिक चर्या में किया जाता रहा है . मूंज को ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखे तो मुग़ल काल से यह उत्पाद प्रयागराज के ग्रामीण में हमेशा से ही प्रचलित रहा है . प्रयागराज के नैनी ब्लाक के अंतर्गत महेवा गाँव के नाम से जाना जाने वाला स्थान आज मूंज हस्थिसल्प गाँव के नाम से विख्यात हो रहा है . मूंज से बने उत्पादों का उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक आयोजनों में भी किया जाता था। मूंज हस्तशिल्प, भारतीय ग्रामीण जीवन का एक अभिन्न अंग रहा है और यह हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मूंज से बने उत्पाद, जैसे चटाइयाँ, डलियाँ और सजावटी सामान, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। विशेष रूप से, कुम्भ मेला, जो प्रत्येक 12 वर्षों में प्रयागराज में आयोजित होता है, मूंज हस्तशिल्प की माँग को बढ़ाता है। इस दौरान तीर्थयात्री और पर्यटक मूंज से बने उत्पादों को स्मृति चिह्न के रूप में खरीदते हैं।मूंज हस्तशिल्प स्थानीय लोक कथाओं और परंपराओं में भी शामिल है। कई गाँवों में, मूंज की बुनाई को एक पारिवारिक कला के रूप में पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित किया जाता है। यह कला न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करती है, बल्कि सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करती है।

मूंज उत्पाद उत्पादन प्रक्रिया

1. कच्चा माल: नैनी के पास स्थित महेवा ,मदौका ,इन्द्लपुर ,डांडी ,भंडरा ,पिपरसा ,समेत अन्य गावों से लोकल मजदूरों द्वारा अक्टूबर – नवम्बर से लेकर फ़रवरी माह तक खरीदा जाता है. क्यूंकि यह वर्ष में एक बार ही मिलता है इसलिए कारीगरों को बहुत संभाल कर उत्पाद तैयार कि

या जाते है .

[ii]मूंज एक लंबी, मजबूत और लचीली घास है, जो प्रयागराज जिले के नदी किनारों, दलदली क्षेत्रों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में उगती है। यह घास पर्यावरण के अनुकूल है और इसे काटने के बाद यह जल्दी पुनर्जनन करती है, जिससे यह एक टिकाऊ संसाधन बन जाता है।

संग्रह और प्रारंभिक प्रसंस्करण

मूंज की कटाई स्थानीय कारीगरों और उनके परिवारों द्वारा की जाती है। कटाई के बाद, घास को सुखाया जाता है ताकि उसमें मौजूद नमी हट जाए और वह बुनाई के लिए उपयुक्त हो जाए। सुखाने की प्रक्रिया में मूंज को धूप में फैलाया जाता है, और इसे बार-बार पलटा जाता है ताकि यह समान रूप से सूख जाए। सूखने के बाद, मूंज को छाँटा जाता है और इसकी लंबाई और मोटाई के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया जाता है।सरपत कि सूखी हुई घास को छोटी छोटी गाँठ बनाया जाता है जिसे , स्थानीय लोग “ बल्ला ” कहा जाता है . फिर इन गांठों को ठन्डे पानी में भिगोया जाता है , जिससे उसका लचीलापन बना रहता है और बल्ला और सरपत को सूखे और नर्म जगह पर रखा जाता है .

रंगाई का तकनीक : महेवा के पूरब और पश्चिम पत्ते में कार्यरत कारीगर गाँव के नुक्कड़ और स्थानीय उपलब्ध कच्चे रंगों , हरा, लाल, बैंगनी , नारंगी ,गुलाबी , और अन्य रंगों के पाउडर को एक गरम पानी में डाला जाता है उसके बाद बल्ला को उस रंग भरे बर्तन में डुबोया जाता है . 30 -40 मिनट तक उबलने के बाद धुप में सुखाया जाता है , इससे सरपत और आकर्षक रंग उभर आता है.

बुनाई की तकनीक :मूंज हस्तशिल्प की बुनाई एक श्रमसाध्य और कुशल प्रक्रिया है। कारीगर विभिन्न प्रकार की बुनाई तकनीकों का उपयोग करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- सर्पिल बुनाई: इस तकनीक में मूंज को सर्पिल आकार में बांधा जाता है ताकि गोल टोकरियाँ या डलियाँ बनाई जा सकें।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

- पट्टी बुनाई: इस तकनीक में मूंज की पतली पट्टियों को एक-दूसरे के ऊपर और नीचे बुनकर चटाइयाँ या सपाट सतह वाले उत्पाद बनाए जाते है.

मिश्रित बुनाई: इसमें मूंज को अन्य सामग्रियों, जैसे कपड़े या रस्सी, के साथ मिलाकर जटिल डिज़ाइन बनाए जाते हैं।कारीगर अपने हाथों और साधारण औज़ारों, जैसे चाकू और सुई, का उपयोग करके मूंज को आकार देते हैं। कुछ आधुनिक डिज़ाइनों में रंगीन धागों या प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके उत्पादों को और आकर्षक बनाया जाता है. मूंज को उत्पाद में रूपाकार देने के उपकरण अत्यंत ही साधारण हैं और गांव-देहात में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मुख्य रूप से दो उपकरणों का प्रयोग होता है। पहला, टकुआ या सूआ और दूसरा, कटर या कैंची। टकुआ पांच-छह इंच लम्बी मोटी सुई या सुआ होता है, जिसके एक हिस्से पर लकड़ी का हत्था लगा होता है। टकुआ और कटर की मदद से ही सिक्की रूपाकृतियों में ढलती है। जैसे- घरों को सजाने का सामान, शीतलपाटी, आभूषण या अन्य छोटे-बड़े सामान रखने के डब्बे आदि। सिक्की के छोटे-बड़े डब्बे का प्रयोग ड्राई-फ्रूट्स, मसाले, फूल पत्ती आदि रखने के काम में होता है।

मूंज हस्तशिल्प की विशेषताएं:

- **पर्यावरणीय स्थिरता:** मूंज एक नवीकरणीय संसाधन है और इसके उत्पादन में कम ऊर्जा की आवश्यकता होती है। मूंज से बने उत्पाद जैव-अपघटनशील होते हैं और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा:** मूंज हस्तशिल्प, ग्रामीण कारीगरों को रोजगार प्रदान करता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है।
- **सांस्कृतिक पहचान:** मूंज हस्तशिल्प, भारत की सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह हमारे देश की समृद्ध विरासत को दर्शाता है।
- **बहुमुखी उपयोग:** मूंज का उपयोग विभिन्न प्रकार के उत्पादों को बनाने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि चटाइयाँ, दरीयाँ, टोकरी, फर्नीचर, छत और दीवारें।

महिला उद्यमिता :

किसी भी देश के मानव विकास के संसाधन हेतु महिलाओं व पुरुषों की सामान भागीदारी आवश्यक है. वर्तमान समय में भारत में आर्थिक और सामाजिक भागीदारी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों से आर्थिक विकास का क्षेत्र बढ़ता जा रहा है . जोसेफ शुम्पीटर के अनुसार ″उद्यमिता एक नवप्रवर्तनकारी कार्य है जो स्वामित्व की अपेक्षा नेतृत्व कार्य है ”. महिला उद्यमी से आशय एक महिला य महिलाओं के समूह से है ,जो किसी प्रकार कि सेवा वस्तु के उत्पादन हेतु उपक्रम कि स्थापना ,संचालन, व नियंत्रण करती है . महिला उद्यमिता महिला सशक्तिकरण का एक माध्यम है . सशक्तिकरण का तात्पर्य किसी व्यक्ति कि

उस क्षमता से होता है ,जिससे उसमें ये योग्यता आ जाती है कि वह अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वयं ले सके . महिला सशक्तिकरण के सन्दर्भ में अपनी निजी स्वंत्रता तथा स्वयं के फैसले लेने के लिए महिलाओं को अधिकार देना ही महिला सशक्तिकरण है .इस प्रकार महिला उद्यमी वो है जो व्यावसायिक उद्यम के बारे में सोचती है इसे शुरू करती है ,उत्पादन के कारको को व्यवस्थित करती है और संयोजित करती है ,उद्यमी कहलाती है . किसी बाज़ार में प्रवेश करने वाली महिला उद्यमियों का एक अच्छा अनुमान उस उद्योग में मौजूदा व्यवसायों के बीच उच्च महिला उद्यम स्वामित्व से लगता है। इसके अलावा, संबंधित उद्योगों (समान श्रम आवश्यकताओं और इनपुट-आउटपुट बाज़ारों वाले) में स्थानीय व्यवसायों में उच्च महिला स्वामित्व, अधिक महिला प्रवेश दर का संकेत देता है। इस प्रकार महिलाओं की आर्थिक भागीदारी के लिए लिंग नेटवर्क स्पष्ट रूप से मायने रखता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि लैंगिक सशक्तिकरण मानव क्षमता को साकार करने और विकास और रोज़गार सृजन के लिए एक मज़बूत मंच तैयार करने में सहायक हो सकता है। महिलाओं को दुसरे लिंग के रूप में मानने का मतलन है विशाल संभावित मानव संसाधनों कि अनदेखी करना और उनकी मौजूदगी को कम आंकना . वर्तमान में महिला उद्यमी कि बढती जनसँख्या के बाजूद भी ,महिला उद्यमिता कि हिस्सेदारी कम ही बढ़ रही है .आमतौर पर यह कहा जाता है कि पुरुषों कि कामयाबी का अधिकाँश श्रेय महिलाओं को यह कहकर दिया जाता है कि कि हर पौरुष कि कामयाबी के पीछे महिला का हाथ होता है परन्तु वुदंबन यह है कि इसी समाज में इन लक्ष्मियों ,महिलाओ को लक्ष्मी यानि पैसा अर्जित ना कर ले , इसके लिए कितने ही सारे ढकोसले य हथकंडे अपनाये जाते . हस्तशिल्प ,भारत कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है . मूंज हस्तशिल्प ना केवल महिला उद्यमी को उभरने में सक्षम है बल्कि रोजगार का प्रमुख स्रोत बन चुकाहै जो कि आर्थिक रूप से महिलाओं को सशक्त कर रहा है .जीवन के सभी पहलुओ मे महिलाओं कि सक्रिय भागीदारी के बिना आर्थिक विकास हासिल नहीं किया जा सकता है . विद्वानों कि आम धारणा है कि महिलाये उद्यमशीलता कि भूमिका मत्वपूर्ण हैं . आर्थिक और सामाजिक विकास में महिलाओ के योगदान का हिस्सा संस्थाओं कि ओर से लैंगिक समानता और लैंगिक समर्थन को बढ़ावा देने पर निर्भर करता है .

मूंज हस्तशिल्प में महिला उद्यमिता का स्वरुप :

आर्थिक स्वंत्रता : हस्तशिल्प के माध्यम से महिलाये अपनी और अपने परिवार कि आर्थिक स्थिति को मजबूत का सकती हैं . आज से 60 साल पहले एक मूंज कि टोकरी का मूल्य 15 रूपए से 50 रूपए ता खरीद कि पड़ती थी वही आज उस टोकरी का मूल्य 250 से लेकर 500 और उससे भी अधिक रुपये में बेंचा जा रहा है. इससे हम अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रहा है . एक जिला एक उत्पाद के ऑफिसियल आंकड़ों को देखे तो यह प्रदर्शित करता है कि महेवा

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

में रह रही महिलाए आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं. यह वही गाँव है जिसे कोई नहीं जानता था ,लेकिन आज मूंज और महिलाओं कि कस्तिशल्प के प्रति लगाव के काराव राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला चुका है .

विक्री का माध्यम : महिला बुनकरों ने अपने साक्षत्कार में कहा कि एक दशक वैसे तो मूंज उत्पाद को लोकल मार्किट जैसे कि प्रयागराज के पुराने बाजार चौक में स्थित नीम के पेंड के नीचे लेजाकर बेंचा जाता था , लेकिन आज के समय में मूंज कि विक्री को बढाने के लिए विज्ञापन ,ई – मार्केटिंग,राष्ट्रीय और अन्तर्रष्ट्रीय मेलो , प्रदर्शनीयों में उत्पाद के सबसे ज्यादा विक्री होती थी . इसके अलावा स्थानीय लोगों के द्वारा भी उत्पाद को खरीदा जाता रहा है .सरकर ने इस क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हेतू महेवा को " मूंज क्राफ्ट विलेज" और " टूरिज्म विलेज " के रूप में विकास कर रहा है जिससे वुशेष उत्पाद को बेचने के लिए देश -विदेश में स्थापित कराया क्यूंकि वर्तमान समय में विदेशी पर्यटक मूंज उत्पाद को अत्यधिक पसंद कर रहे हैं .

समाज में सम्मान :आज मूंज उत्पाद से जुड़ी महिलाओं ने आत्मसमान से लेकर सांस्कृतिक पहचान को भी बढ़ावा दे रही हैं . लोकल बाजार से लेकर अमेरिका ,आस्ट्रेलिया , सऊदी अरब , इत्यादि देशो में मूंज उत्पाद का विपणन जोरो शोरो से हो रहा हैं. इन्ही कारणों से महेवा कि महिला कारीगरों को आत्मसमान और आत्मनिर्भर बन रही है . स्त्रियाँ न केवल प्रकृति को सहेजती हैं बल्कि उसके शोषण के विरोध में आवाज़ भी उठाती हैं।

फोकस समूह साक्षात्कार :महेवा पूरब पट्टी .

निष्कर्ष

भारत का हस्तशिल्प उद्योग न केवल देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है बल्कि लाखों महिलाओं के लिए रोजगार का एक प्रमुख स्रोत भी है। सदियों से भारतीय महिलाएं पारंपरिक हस्तशिल्प कौशल को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करती रही हैं। इस तरह से सरकार एवं स्वयं सहायता समूह को

मिलकर महिलाओं को मूंज हस्तशिल्प में आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता करनी होगी जैसे कि कम ब्याज पर ऋण देना , नि : शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कराना होगा . इससे प्रयागराज हस्तशिल्प पर्यटन के कई सारे रास्ते खुलेंगे और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण होगा.हस्तशिल्प उद्योग ,मूंज उत्पाद में महिलाओं की भागीदारी न केवल उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, उन्हें अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों का समाधान करके हम महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं और हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा दे सकते हैं। इसलिए वर्तमान समय में मूंज कारीगरों को और अत्याधुनिक प्रशिक्षण देकर नए कुशल कलाकार के रूप में विकसित किया जा सकता हैं.

सरकारी आंकड़ों और साक्षत्कार से उपलब्ध डाटा के आधार पर जानकरी मिली है कि ,कलाकार अपनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लखनऊ ,अयोध्या , दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, गोवा ,यहाँ तक कि अमेरिका,और सऊदी अरब देशो तक मूंज उत्पाद कि धमक गूँज रही है

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. *जाधव, एस., (2020) भारतीय हस्तशिल्प: बढ़ रहे हैं या घट रहे हैं.आईओएसआर.जर्नल ऑफ बिज़नेस एंड मैनेजमेंट.(आईओएसआर-जेबीएम).*
2. *यादव यू.एस., त्रिपाठी, आर., त्रिपाठी एम.ए. वैश्विक हस्तशिल्प सूचकांक: डिजिटल वर्ल्डबैंक और नीति पत्रिका में कारीगरों के संवर्धन पूर्णता और कल्याण के लिए एक अग्रणी दृष्टिकोण और विकासशील रणनीतियाँ .जनवरी 2022 DOI: 10.29228/imcra.18.*
3. *खान, डब्ल्यू.ए., और आमिर, जेड. (2013) उत्तर प्रदेश में कारीगरों की हस्तशिल्प विपणन रणनीतियों और इसके निहितार्थों का अध्ययन। प्रबंधन विज्ञान अनुसंधान पत्रिका, 2(2).*
4. *अग्रहरि, आर.; (2017). लखनऊ में चिकनकारी शिल्प के उत्पादन और विपणन के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका.*
5. *खुराना, एस., हलीम, ए., लूथरा, एस., हुइसिंह, डी., और मन्नान, बी. (2021)। "अब रीसेट बटन दबाने का समय है:*
6. *भारत की कंपनियों को कोविड-19,जलवायु परिवर्तन और अन्य संकटों के प्रभावों से उबरने में अधिक लचीला और प्रभावी बनने में मदद करना", जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन, 280(2), 124466।*
7. *जाधव, एस., भारतीय हस्तशिल्प: बढ़ते या घटते हुए का अवलोकन? आईओएसआर जर्नल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट .(आईओएसआर-जेबीएम)।*
8. *खान डब्ल्यू. ए., और आमिर ज़ेड. (2013, फ़रवरी)। उत्तर प्रदेश में कारीगरों की हस्तशिल्प विपणन रणनीतियों का अध्ययन और उसके निहितार्थ। रिसर्च जर्नल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, 2(2), 23–26।*

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की आर्थिक, धार्मिक और निर्णय लेने में भागीदारी का अध्ययन, कुल्लू तहसील, कुल्लू जिला, हिमाचल प्रदेश

डॉ. निरुपोमा करदोंग
सहायक आचार्य
समाजशास्त्र व सामाजिक नृविज्ञान विभाग,
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, देहरा,
गोपीपुर, काँगड़ा- 177101, भारत

साहिल महंत
शोधर्थी
समाजशास्त्र व सामाजिक नृविज्ञान विभाग,
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, देहरा,
गोपीपुर, काँगड़ा- 177101, भारत

सार

इस वर्तमान युग में हम अक्सर महिला सशक्तिकरण, महिला शक्ति और समानता की बात करते है। आज हर कार्य में महिला की भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह किसी भी देश के विकास में योगदान देती है। सामुदायिक स्तर पर हमारे समाज की पुरुष प्रधान संरचना ने महिलाओं के विकास और उन्हें पारिवारिक, आर्थिक, धार्मिक और निर्णय लेने से वंचित कर दिया है। आज ग्रामीण महिलाएं अपनी आजीविका के लिए कार्य कर रही है जिस से वे आर्थिक रूप से स्वयं की और अपने परिवार की सहायता कर रही है। उसी के साथ आज महिलाएं आर्थिक और धार्मिक तौर से समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवा रही है। यह अध्ययन नेउली, जुआनी, बराधा और थरमाण गाँव पर किया गया है। जिसमें इस अध्ययन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की आर्थिक और धार्मिक भागीदारी को सामने लाने का प्रयास किया गया है। इस शोध पत्र के द्वारा यह अध्ययन किया गया है की किस प्रकार ग्रामीण महिलाएं निर्णय लेने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है। इस शोध के डाटा को एकत्र करने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक दोनों स्त्रोतों का उपयोग किया गया है। डाटा को गैर- सहभागिता अवलोकन विधि और साक्षात्कार पद्धति के साथ सरल यादृच्छिक नमूना करण द्वारा लिया गया है।

संकेतिक शब्दः कुल्लू, महिला, आर्थिक, धार्मिक, निर्णय

परिचय

भारत एक ऐसा देश है जहाँ के लोग अपनी भूमि को मातृभूमि के नाम से पुकारते है। जिस देश के लोग अपने देश, अपनी भूमि को माता का दर्जा देते है। उस से यह प्रतीत होता है की भारत में महिलाओं की भूमिका अग्रिम पंक्ति में होगी। प्राचीन समय से आज के वर्तमान समय तक महिलाओं की भूमिकाओं, स्थितियों और परिस्थितियों में कई प्रकार के उतार- चढ़ाव आये है। लड़कियों का विवाह युवा अवस्था में किया जाता था और उस समय उन्हें अपने जीवन साथी को चुनने का स्वतंत्र अधिकार था। परन्तु समय के साथ महिलाओं की स्थिति में बहुत सारे परिवर्तन आये, मध्यकालीन समय में भारतीय महिलाओं की स्थिति में बहुत गिरावट आई। उस समय भारत के कुछ समुदायों में सती प्रथा, बाल विवाह और विधवा को पुनर्विवाह पर रोक उनकी सामाजिक जिन्दगी का हिस्सा बन गयी थी। हमारे समाज के पुरुष प्रधान संरचना ने महिलाओं के विकास प्रभावित किया है। उन्हें समाज, अर्थव्यवस्था और धार्मिक भागीदारी और निर्णय लेने से वंचित किया गया। एक ओर महिलाओं को सशक्त करने, उनकी समानता की बात करते है और दूसरी ओर उन्हें पुरुष के समान अधिकार नहीं दिए जाते आज के वर्तमान समय में पुत्री होने पर पुत्र के समान प्रेम, अधिकार, हक नहीं दिए जाते हर व्यक्ति एक पुत्र की चाह रखता है। स्त्रियों को जन्म से मृत्यु तक पिता, भाई और पति के अधीन बना दिया गया है। आज भी कुछ समाज में लड़की का जन्म परिवार के लिए समस्या बन गया और उसका जन्म लेना अभिशाप माना जाता है। बहुत से स्थानों में लड़कियों की शिक्षा जल्दी ही बंद कर दी जाती है। समाज में अधिकतर लोगों की सोच है की जो उन लड़कियों की शिक्षा का खर्च है उसे बचा कर वो पैसे उनके विवाह में लगा दिए जाए। विवाह के पश्चात उससे गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी अच्छी और पूर्ण रूप से निभाने की अपेक्षा की जाती है। इसी तरह की कुछ सामाजिक कुरीतियों ने समाज में महिलाओं की स्थिति को हीन बना दिया।

समय के साथ समाज में महिलाओं की स्थिति को सुधारने को लेकर बहुत अधिक प्रयास किए गये है। जिसके लिए बहुत सारे आन्दोलन किए गये और इसके साथ ही नए- नए कानून बनाए गये। जिस से महिलाओं की स्थिति में सुधार देखने को मिला है। इन प्रयासों के कारण पुरुष प्रधान प्रबल सोच के बावजूद महिलाएं विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और अपनी योग्यता का प्रदर्शन दे रही है।

समस्या प्रक्कथन

ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक और धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी सीमित है, जो उनके विकास में बाधा बनती है। इस शोध का उदेश्य ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी का विश्लेषण करना और निर्णय लेने में उनकी भूमिका को समझना है।

साहित्य समीक्षा

देवी (2014) ने अपने शोध पत्र सोसिओ- इकनोमिक स्टेटस ऑफ वोमेन इन इंडिया: एन स्टडी ऑन त्रन्सितिओनल आस्पेक्ट में लिखा है की महिलाओं की परिस्थिति में पहले के मुताबिक कई बदलाव सामने आए है। पहले महिलाओं की भूमिका घर के कामकाज तथा सामाजिक रीति -रिवाजों का पालन करने के लिए ही की जाती थी। लेकिन हाल के वर्षों में दुनिया भर में महिलाओं के जीवन में कई बदलाव आए है। अब महिलाओं को रोकने के लिए ऐसी कोई सामाजिक आर्थिक या कोई अन्य बाधा नहीं है। जिसके कारण अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है। सिंह (2019) ने भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति एवं सामाजिक समस्याएं: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन शोध पत्र में लिखा है की कामकाजी महिलाओं पर घर और बाहर दोनों जगह भूमिका का निर्वाह करना होता है। जिस कारण उन पर कार्य का बोझ बढता है जिस से उनके कार्य स्थल और पारिवारिक कार्य प्रभावित होते है। यह दोहरी भूमिका निभना उनकी थकान का मुख्य कारण बनता है। अपने कार्यस्थल में यह महिलाएं असुरक्षा और अनके समस्याओं से जूझती है। अनके महिलाएं बाहर नौकरी कर के आर्थिक स्वतंत्रता और विशिष्ट पहचान बनाती है।

मेहता (2020) ने अपने शोध पत्र डिसिशन-मेकिंग पॉवर एंड सोशल स्टेटस ऑफ वोमेन इन इंडियन सोसाइटी में लिखा है की हाल ही में महिलाओं की पारंपरिक भूमिका में वित्तीय जरूरतों के कारण कुछ बदलाव आये है और समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास किए गये है। परन्तु आर्थिक मजबूती के बाद भी परिवार के निर्णय लेने में महिलाओं को स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है। उन्हें घरेलू समान, बच्चों की शादी, खाना बनाना के साथ बच्चों की शिक्षा में निर्णय लेने की स्वतंत्रता है। कल्टिया और अन्य (2021) ने वोमेन- डिसिशन मेकिंग एंड एम्पोवेर्मेंट: एन अन्थ्रोपोलोजिकल स्टडी इन सोलन डिस्ट्रिक्ट हिमाचल प्रदेश शोध पत्र में लिखा है की महिला सशक्तिकरण का मतलब महिलाओं को अधिक शक्ति देना नहीं है। बल्कि इसका अर्थ है की उन्हें अपने शर्तों पर जीवन जीने के लिए समान अधिकार देना। इन्होंने अपने शोध में पाया की गाँव की महिलाओं को घरों में निर्णय लेने की भूमिका बहुत अधिक है। परन्तु अगर बात ग्रामीण स्तर पर निर्णय लेने की जाये तो महिलाएं सक्रिय रूप से निर्णय लेने में भागीदार नहीं होती है। यदि महिलाएं पंचायत की बैठकों में शामिल होती है तो वे बिना किसी सुझाव के भागीदार होती है। यदि उनके द्वारा कोई राय या सुझाव दिया भी गया तो उसे भी नजरअंदाज कर दिया जाता है।

भरद्वाज (2021) ने अपने शोध पत्र रोल ऑफ वोमेन इन डिफरेंट फील्ड्स में लिखा है की आज के समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। वे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है और समाज के बच्चों को शिक्षित कर रही है। रक्षा के क्षेत्र में, बैंकिंग के साथ महिलाएं

आज मेट्रो रेल में भी अपना बहुत योगदान दे रही है। आज के समाज में महिला सशक्तिकरण के लिए जो कदम उठाए जा रहे है वे कदम महिलाओं की प्रगति के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे है। दामोदरन (2021) ने वोमेन इन डिसिशन मेकिंग रोल्स इन इंडिया: एन एनालिटिकल स्टडी में लिखा है की किसी घर में प्राथमिक निर्णय लेना इस बात पर निर्भर करता है की कौन कितना कमाता है। महिलाएं अधिकतर घर के कामकाज में ही व्यस्त होती है जिस कारण वे बाहर जा कर पैसे नहीं कमा पाती। वहीं पुरुष बाहर जा कर पैसे कमाता है जिस वजह से घर के निर्णय पूरी तरह से पुरुष द्वारा ही निर्धारित किया जाता है। इसी तरह अन्य सभी पहलुओं में भी उसकी उपेक्षा की जाती है और उसके निर्णयों को नजरअंदाज किया जाता है।

शर्मा, कौर और शर्मा (2023) ने अपने शोध पत्र वोमेन एम्पोवेर्मेंट थुरुह सेल्फ- हेल्प ग्रुप इन हिमाचल प्रदेश: एन एनालिसिस में लिखा है की स्वयं सहायता समूह मॉडल ऐसी रणनीतियों में से एक है जो महिलाओं के सामाजिक- आर्थिक और मनोवैज्ञानिक हितों को आगे बढ़ाने तथा उन्हें सशक्त बनाने में सबसे सफल है। माइक्रो बिजनेस के विकास के माध्यम से महिलाओं को स्व- सहायता समूहों में संगठित करके और लोगों को आर्थिक गतिविधि में शामिल होने में सक्षम बनाकर एक राष्टव्यापी आर्थिक क्रांति लायी है। जिस से महिलाओं और उनके परिवारों की आर्थिक और सामुदायिक कल्याण के मामले में सफलता बढ़ी है।

अध्ययन के उदेश्य

1. ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक और धार्मिक भागीदारी का विश्लेषण करना।
2. ग्रामीण महिलाओं की निर्णय लेने में भागीदारी का अध्ययन करना।

शोध क्रिया विधि

इस अध्ययन के उदेश्य को पूरा करने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक दोनों स्त्रोतों से डाटा एकत्र किया गया है। प्राथमिक डाटा संग्रह के लिए गुणात्मक पद्धति का उपयोग किया गया है। प्राथमिक डाटा संग्रह के लिए गैर- सहभागिता अवलोकन विधि और असंरचित साक्षात्कार पद्धति का उपयोग किया गया है। इस डाटा संग्रह के लिए 25 नमूनों का चयन किया गया था। जिसमें उत्तरदाता जो महिलाएं है को सरल यादृच्छिक नमूना करण द्वारा लिया गया है द्य उत्तरदाताओं को विभिन्न आयु 18 से 45 वर्ष और 50 से 65 वर्ष समूहों में विभाजित किया गया है। नमूने के तौर पर लिए गए सभी उत्तरदाता विवाहित महिलाएं है। द्वितीयक स्त्रोत के लिए लेख, रिपोर्ट, इन्टरनेट, समाचार पत्र, जर्नल, किताबों और शोध पत्रों का उपयोग किया गया है।

परिणाम और विचार विमर्श

ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक और धार्मिक भागीदारी

वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वास्तव में महिलाएं कुछ मामलों में पुरुषों की तुलना में अधिक मेहनती है। जिससे महिलाओं को समान अधिकार, अवसर और संसाधन प्राप्त हो ताकि वे सभी क्षेत्रों में अपनी क्षमता और योगदान को पूरा कर सके। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला में 7 तहसीले है जिसमें से यह अध्ययन कुल्लू जिला की कुल्लू तहसील के नेउली, जुआनी, बराधा और थरमाण गाँव पर किया गया है।

आर्थिक भागीदारी

ग्रामीण समाज में महिलाएं अपनी आजीविका को पूरा करने के लिए कार्य करती है। यहाँ महिलाओं को करने के लिए बहुत सारे कार्य है जिसमें पढ़ी-लिखी महिलाएं सरकारी नौकरी करती है और बाकी घरेलू महिलाएं अपने कौशल के अनुसार कार्य करती है। इन कौशल का परिक्षण महिलाओं को शिक्षित संस्थानों में दिए जाते है जैसे ब्यूटीपार्लर आचार बनाना आदि। यह महिलाएं ब्यूटीपार्लर, सलेगिर्ल, पोशाक बनाना, अपना छोटा सा व्यवसाय करना और फैक्टरियों आदि में कार्य करती है। ग्रामीण महिलाओं के इस योगदान को इस बात से अच्छी तरह समझा जा सकता है की यह महिलाएं समाज में अपनी आजीविका के लिए किस तरह की आर्थिक गतिविधियों पर निर्भर रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों कृषि की व्यवसाय का मुख्य मार्ग है ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष और महिला दोनों ही कृषि के क्षेत्र में कार्य करते है। महिलाओं के द्वारा मौसम के अनुसार अलग- अलग प्रकार की सब्जियों और दलों का उत्पादन किया जाता है। जिसमें सबसे पहले महिलाओं द्वारा इन दलों और सब्जियों का घरेलू उपयोग किया जाता है। इसके बाद जो वस्तु अधिक मात्रा में होती है जैसे स्थानीय दालें उसे महिलाओं द्वारा बाजार में राशन की दुकानों में बेच दिया जाता है। इसी के साथ महिलाओं द्वारा सब्जियों को किल्टे (पीठ में उठाया जाने वाली विशेष प्रकार की टोकरी) में डाल कर बाजार में सुबह जा कर शाम तक वहाँ रह कर बेच दिया जाता है। कभी- कभी तो महिलाओं को इन सब्जियों को बेचने के लिए गाँव में घर दृ घर जाना पड़ता है, जिसे बेचने पर इनकी कमाई हो जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के साथ पशुपालन का भी बहुत अधिक चलन है। गाँव में पालतू पशुओं, गाय, भेड़, बकरी और भैंस का पालन किया जाता है।इन पशुओं की देखभाल का कार्य मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा ही किया जाता है। महिलाएं ही इन पशुओं से सुबह और शाम के समय दूध निकलते है। जिसे इन महिलाओं द्वारा गाँव में उन लोगों बेचा जाता है जिनके पास गाय नहीं होती या फिर डेरी में दे दिया जाता है। इसके साथ यह भी देखा गया है की महिलाओं द्वारा दूध को बड़े से वर्तन में भर कर बाजार

में घर- घर जा कर बेचा जाता है। जिसे बेचने के बदले उन्हें पैसे मिलते है, इन पैसों से यह पशुओं के लिए चारा लेती है और बचे हुए पैसे से स्वयं का गुजरा करती है।

इसी के साथ ग्रामीण स्तर पर यह भी देखा गया है की महिलाओं द्वारा अपने रिश्तेदारों, सम्बन्धियों के घर से भेड़ और बकरी के 1-2 छोटे- छोटे बच्चों को अपने घर लाया जाता है जिसकी इन्हें कोई कीमत नहीं देनी होती। इसका कारण यह है की उन लोगों के पास बहुत अधिक मात्रा में भेड़ और बकरियां होती है। जिसकी वे अच्छे से देखभाल नहीं कर पाते जिसके परिणामस्वरूप यह बच्चे उन लोगों के द्वारा अपनी बेटियों, बहनों को दिए जाते है। जिनकी यह महिलाएं बहुत अच्छे से देखभाल करती है इन्हें चराने के लिए ले जाती है। जब यह बच्चे बड़े हो जाते है तो इसके बाद इन भेड़ और बकरियों को किसी दूसरे व्यक्ति या व्यापारी को अच्छी कीमत पर बेच दिया जाता है। जिसके बाद फिर से महिलाओं द्वारा और भेड़- बकरी के बच्चों को लाया जाता है और यह प्रक्रिया चलती रहती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा उनके नजदीकी गाँव और उसके आस-पास के क्षेत्र में विवाह, शादियों और अन्य घरेलू उत्सवों में चाय बनाने का काम किया जाता है। जिसके लिए उन्हें एक दिन के हिसाब से पैसे मिलते है, जिसे दिहाड़ी कहा जाता है। इसमें महिलाओं के साथ शादी, विवाह के कुछ दिन पहले बात की जाती है ताकि वे शादी वाले दिन समय पर आ सके। इसमें महिलाओं को उन लोगों के घर जाना होता है जिस घर में शादी या विवाह है वहाँ जा कर यह महिलाएं चाय बनाती है इसके बाद यह चाय शादी में आने वाले सभी मेहमानों को दी जाती है। इसके साथ उन्हें दूसरे कार्य भी करने होते है जैसे मेहमानों को पानी, कॉपी, ठंडा देना और यहाँ तक उन्हें उस दौरान रसोई के सारे वर्तन भी धोने होते है। यह काम 3 से 4 दिन तक चलता है जब तक शादी या विवाह खत्म नहीं हो जाता है। इसके बाद इन महिलाओं को इनकी 3 या 4 दिन की दिहाड़ी के अनुसार पैसे मिलते है और साथ शादी वाले घर के लोग इन्हें कुछ उपहार में मिठाई, तोहफे आदि भी देते है।

गाँव में घर में रहकर भी बहुत सी महिलाएं कुल्लुवी पारंपरिक पोशाक बनाती है, जिसे पट्टू कहते है। इसे बनाने के लिए महिलाएं पहले अपने सभी घरेलू कार्य करती है उसके बाद पट्टू बनाने के लिए बैठती है। पट्टू को रच्छ में बनाया जाता है जो लकड़ियों का बना होता है। पट्टू के लिए महिलाओं द्वारा बाजार से पट्टू के धागे लिए जाते है जिसके बाद घर में आ कर उन धागों की सफाई कर के उन्हें रच्छ में लगाया जाता है। पट्टू को बनने में 3 से 5 महीने का समय लगता है। जिसके बाद इन पट्टू को महिलाओं द्वारा बाजार में बेच दिया जाता है या फिर किसी व्यक्ति के आर्डर पर इन्हें उनकी पसंद के अनुसार बनाया जाता है, जिसकी वे अच्छी कीमत देते है। यह काम बहुत थकान वाला होता है साथ ही बढ़ते समय के साथ इसमें एक ध्यान लगाने से आंखे भी खराब हो जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं बाजार में जाकर धागे की दुकान में जा कर दुकानों के मालिक से धागा लेती है जो उन्हें मुफ्त में दिया जाता है। इसके बदले में यह महिलाएं अपने हाथों से बनाई गई अलग अलग की तरह की जुराबे, मफरल, स्वेटर, आदि बना कर जिस दुकान से समान लिया गया होता है उन्हें जा कर दिया जाता है। जिसके बाद यह समान दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को बेचे जाते है। इनसे मिलने वाले पैसों में से आधे पैसे उन महिलाओं को दिए जाते है जिनके द्वारा यह समान तैयार किया जाता है। कुछ ग्रामीण महिलाओं द्वारा बाजार से धागा खरीद कर लाया जाता है और वे घर में यह सब चीजें बनाकर बेचती है। ग्रामीण क्षेत्र की कुछ महिलाओं द्वारा घरों में सिलाई मशीन द्वारा कुल्लुवी टोपी बनाई जाती है जिसे वे अधिक मात्रा में बनाते है। इसके बाद वे इन टोपियों को बाजार की दुकानों में बेचते है और कुछ पति- पत्नी मिल कर स्वयं से दुकान चलाकर इन टोपियों को बेचते है।

आज महिलाएं बाजार मे या बाजारों के नजदीक खुद का ब्यूटी पार्लर चलती है। जहाँ के सारे काम वे स्वयं करती है। इसके साथ ही कई दूसरी लड़कियों और महिलाओं को भी वे अपनी कमाई के अनुसार काम पर रखती है और बहुत सी महिलाओं को यह सभी काम भी सिखाती है। बहुत सी महिलाएं बड़ी- बड़ी दुकानों में सेल्स गर्ल का काम करती है और कुछ अपनी दुकानों को चलती है।
ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं फैक्टरियों में जा कर काम करने लगी है। जिसके लिए उन्हें सुबह उठ कर जल्दी से घर के सारे काम करने पड़ते है। जिसके बाद वे अपने काम पर जाती है वहाँ भी वे पूरा दिन कम करती है और शाम के समय रात होने से पहले घर वापिस आ जाती है। जिसके बाद उसे घर आ कर फिर से सारे काम करने होते है।

धार्मिक भागीदारी

धार्मिक भागीदारी से अभिप्राय किसी व्यक्ति की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने की प्रक्रिया से है। धार्मिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका इस मायने में बहुत बड़ी है हर धार्मिक समारोह में महिलाओं की मौजूदगी किसी न किसी रूप में जरूरी है। ग्रामीण महिलाएं भी धार्मिक गतिविधियों में भाग लेती है। यदि बात धार्मिक पूजा या अनुष्ठानों की हो तो उसमें पति का अपनी पत्नी के साथ बैठना अनिवार्य होता है। क्योंकि हिन्दू धर्म में पत्नी को अर्धांगिनी माना जाता है। यदि पत्नी अपने पति के किसी धार्मिक अनुष्ठान में नहीं बैठती है तो वे पूजा अधूरी मानी जाती है। परन्तु पूजा किसी भी प्रकार की हो पूजा सिर्फ पुरुष पुजारी द्वारा ही करवाई जाती है। इसके साथ ही पूजा के लिए जो भी समान उपयोग में लगता है उसे घर के पुरुष सदस्य द्वारा ही लाया जाता है।

गाँव के विवाह में एक ऐसी धार्मिक रस्म होती है जिसे समुर्त कहा जाता है। यह रस्म वर और वधु दोनों के घर की जाती है। उस रस्म में सिर्फ महिलाएं ही भाग ले सकती है द्य उस रस्म में अपनी खास

रिश्तेदार, बहुओं और विवाहित बेटियों को गोल दायरे में बैठ कर यह रस्म की जाती है। इस रस्म में कोई भी पुरुष भाग नहीं ले सकता।

जब किसी मंदिर में जप- पाठ, हवन या फिर भगवत कथा होती है। तो उसमें भगवत ये अन्य किसी भी प्रकार का हवन करने से पहले कलश यात्रा निकाली जाती है। यह यात्रा भगवत के स्थान से शुरू होती है और उस स्थान तक जाती है जहाँ से जल लाना होता है। जिसमें किसी नदी या पवित्र स्थान से पानी कलश में भर कर लाया जाता है। इस कलश यात्रा में सिर्फ महिलाओं द्वारा ही भाग लिया जाता है। इस यात्रा में पुरुष सम्मिलित होते है परन्तु उनके द्वारा कलश में पानी नहीं लाया जाता।

इसके साथ ही जब किसी मंदिर, किसी के घर या फिर किसी जगह जागरण में भजन- कीर्तन होता है उसमें महिलाओं को जाने के लिए भी अपने घर के बड़ों और पति की अनुमति लेनी पड़ती है। कभी उन्हें अनुमति मिलती है और अभी उन्हें जाने के लिए मना कर दिया जाता है। इसके अलावा जब भी इन जागरणों, भजन दृ कीर्तन में प्रसाद आदि बनता है तो यह प्रसाद पुरुष द्वारा ही बनाया जाता है, इसका वितरण भी पुरुष द्वारा ही किया जाता है।

यहाँ के ग्रामीण समाज में देव परंपरा को बहुत अधिक मान्यता दी जाती है। जिसमें देवी-देवताओं के खास मेले, त्योहारों पर देवी- देवताओं को धूप दिया जाता है अर्थात उनकी पूजा उनके मंदिर से बाहर आने के बाद की जाती है। यह पूजा सिर्फ महिलाओं द्वारा ही की जाती है यदि किसी कारणवश (मासिक धर्म) महिला देवी- देवता को धूप न दे पाए तो उस परिस्थिति में पुरुष धूप दे सकता है। बाकी स्थितियों में पूजा सिर्फ महिलाओं द्वारा ही की जाती है। शोधकर्ता द्वारा पाया गया की यदि घर के मंदिर में पूजा की बात हो तो उसमें महिला और पुरुष दोनों पूजा करते है। परन्तु जब महिला को मासिक धर्म होता है तो उस दौरान महिला को घर के हर एक कमरे में प्रवेश की अनुमति नहीं होती। वो घर में ही एक कमरे में 3 दिन तक रहती है उसी स्थान पर उसे खाना- पानी सब और रहने के लिए दिया जाता है। यदि कोई महिला इस दौरान अलग नहीं रहती तो भी वे महिला रसोई घर में नहीं जा सकती और न ही बना खाना सकती है। इसे के साथ पूजा घर या पूजा के स्थान और सामाजिक तौर पर हो रहे धार्मिक उत्सव में भी महिला को 7 दिन तक जाने की अनुमति नहीं होती है।

ग्रामीण महिलाओं की निर्णय लेने में भागीदारी

महिलाओं की निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का कार्य करती है। जिसमें महिलाओं के राय और सुझावों को सम्मान दिया जाये और उन्हें सुना जाये, यह महिलाओं के अधिकारों को मजबूती प्रदान करता है।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

स्थानीय स्तर पर यह पाया गया है की कोई महिला पंचायत स्तर पर किसी भी पद का चुनाव जीत कर जाती है। यदि वे महिला पढ़ी लिखी और कार्य करने में सक्षम है तो पंचायत के दूसरे सदस्यों द्वारा उनकी राय, सुझावों और निर्णय को सुना जाता है और स्वीकार किया जाता है। शोधकर्ता को अध्ययन क्षेत्र में पाया गया की यदि कोई महिला पढ़ी लिखी नहीं है और वे पंचायत के प्रधान पद के चुनाव भी जीत जाती हो तो उनके पीछे उनके काम उनके पति करते है या फिर वे काम बेटे द्वारा किए जाते है। इनमें से जो भी पढ़ा लिखा होता है यह सारे काम उनके द्वारा किए जाते है इन जीती हुई महिलाओं का कार्य सिर्फ कागजों पर हस्ताक्षर करने का होता है। पंचायत की किसी मीटिंग या अन्य सभा में वे अपना निर्णय और राय भी दे तो किसी भी पुरुष सदस्य के द्वारा वे स्वीकार नहीं किया जाता है। यदि इनका अपना भी कोई निर्णय होता है तो वे निर्णय भी पुरुष सदस्य द्वारा प्रभावित होता है।

ग्रामीण समाज में लोग संयुक्त परिवारों में रहते है। जिसमें यह देखा गया है की घर के कामकाज जैसे खाना बनाने आदि के निर्णय घर की महिलाओं द्वारा ही लिए जाते है। परन्तु यदि घर के बड़े और धन राशी के निर्णय, किसी उत्सव को करवाने के निर्णय आदि हो तो उसमें सिर्फ निर्णय घर के पुरुषों द्वारा ही लिए जाते है और कभी दृ कभी घर की महिलाओं को बातचीत और राय देने के लिए शामिल किया जाता है। यदि बात घर के आर्थिक निर्णय की हो तो घर के सारे आर्थिक निर्णय घर के बड़े पुरुष सदस्य द्वारा लिए जाते हैअ

शोधकर्ता को पाया गया की ग्रामीण क्षेत्र में यदि परिवार एकल परिवार के रूप में रहता है तो उस परिवार में निर्णय दोनों पति पत्नी मिलकर लेते है। इसमें आवश्यक नहीं होता की दोनों हमेशा मिलकर ही निर्णय ले, कभी दोनों एक दूसरे से असहमत भी होते है और फिर अंतिम निर्णय पुरुष द्वारा ही लिया जाता है। परिवार में ससुर की मृत्यु के बाद सरे निर्णय सास और बेटे द्वारा मिलकर लिए जाते है। बच्चों की शिक्षा का निर्णय महिलाओं पर छोड़ दिया जाता है। जिसमें वे बच्चे की शिक्षा सम्बंधित निर्णय लेती है।

यदि किसी परिवार में किसी महिला के पति की मृत्यु हो जाती है और उस परिवार में सिर्फ महिलाएं ही है। तो उस परिवार के सारे निर्णय उस विधवा महिला द्वारा ही लिए जाते है। यदि उस महिला के सास- ससुर जीवित है तो उनसे बात कर के निर्णय लिया जाता है, जिसमें निर्णय सास- ससुर की बातों से प्रभावित होता है। अगर सास- ससुर भी नहीं है तो वे महिला अपने जेठ या देवर से बात कर के निर्णय लेती है। इस परिस्थिति में निर्णय कई बार महिला का भी होता है और कई बार निर्णय में जेठ या देवर की बातों का प्रभाव होता है।

निष्कर्ष

महिलाओं की आर्थिक, धार्मिक भागीदारी के साथ महिलाओं की निर्णय लेने में उनकी भागीदारी समाज के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जिसमें वे घर के कार्य करने से लेकर बच्चों के समाजीकरण करने, अपने बुजुर्गों की सेवा करने तक सारे कार्य स्वयं से पूर्ण रूप से करती है। इसी के साथ महिलाएं महिला मंडलों द्वारा अनके जागरूकता अभियान चला कर दूसरी महिलाओं को अनके कार्य करने के लिए जागरूक कर रही है। आज महिलाएं अपने परिवार को सरकारी नौकरी, निजी नौकरी और घरेलू महिलाएं अपने कौशल के अनुसार कार्य कर के आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। जिससे महिलाएं अपने खर्च के साथ- साथ अपने घर का खर्च भी उठा रही है। भारतीय समाज में महिलाओं की धार्मिक भागीदारी पुरातन समय से है। समाज में अनेक ऐसे पूजा, पाठ और अनुष्ठान है जो पति-पत्नी के बिना पूरे हो ही नहीं सकते है। महिलाओं की निर्णय लेने की प्रक्रिया से इनके अधिकारों को मजबूती मिलती है। आज भी अधिकतर निर्णय चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक या फिर पारिवारिक हो पुरुषों के द्वारा ही लिए जाते है। परन्तु समय के साथ बदलते समाज में आज जो महिलाएं अपने निर्णय लेने में सक्षम है उनकी राय और सुझाव को सभी के द्वारा सुना जाता है।

सन्दर्भ सूची

1. *देवी, डॉ. सी. एल., (2014), सोसिओ -इकनोमिक स्टेटस ऑफ वोमेन इन इंडियाः एन स्टडी ऑन त्रन्सितिओनल आस्पेक्ट, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थॉट्स, वोल 2, इशू 1*
2. *सिंह, डॉ. र. एस., (2019), भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति एवं सामाजिक समस्याएंः एक समाजशास्त्रीय अध्ययन, जर्नल ऑफ रिसर्च इन हुमनितिएस एंड सोशल साइंस, वोल. 7 इशू 4*
3. *मेहता, श., (2020), डिसिशन-मेकिंग पॉवर एंड सोशल स्टेटस ऑफ वोमेन इन इंडियन सोसाइटी, लर्निंग कम्युनिटी, वोल. 11, इशू 1*
4. *कल्टिया, बी. और अन्य., (2021), वोमेन - डिसिशन मेकिंग एंड एम्पोवेर्मेंटः एन अन्थ्रोपोलोजिकल स्टडी इन सोलन डिस्ट्रिक्ट हिमाचल प्रदेश, सीरियल पब्लिकेशन*
5. *भरद्वाज, स., (2021), रोल ऑफ वोमेन इन डिफरेंट फील्ड्स, जर्नल ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड इनोवेटिव रिसर्च, वोल. 8, इशू 5*
6. *दामोदरन, डॉ. के., (2021). वोमेन इन डिसिशन मेकिंग रोल्स इन इंडियाः एन एनालिटिकल स्टडी, ह्यूमन राईट इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल, वोल 9, इशू 2*
7. *शर्मा, डॉ. श., कौर, डॉ. स. और शर्मा, स., (2023), वोमेन एम्पोवेर्मेंट थुरुह सेल्फ- हेल्प ग्रुप इन हिमाचल प्रदेशः एन एनालिसिस, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थॉट्स, वोल. 11, इशू 7*

अवलुप्त लोकनाट्य: भाँड यात्रा

मौसुमि दोलइ

प्राक् कथन:

लोकसंस्कृति की ऐतिय्यशाली परम्परा नाट्यशैली भाँड यात्रा। भारतीय लोकनाट्य परम्परा की स्वीय मौलिक बैशिष्ट्य की एक उपादान ‘भाँड’। ‘भाँड या भण्ड’ इस नाट्य शैली की मुख्य नाट्य कलाकार है। वंगाल की मध्यवर्ती प्रदेश की अति जनप्रिय तथा परम्परा की अन्यतम लोकनाट्य भण्डयात्रा या भाँडयात्रा। लोग की दैनन्दिन जीवन की सुख-दु:ख, आनन्द-वेदना प्रतिदिन की अभिज्ञता प्रसूत विषय की हास्य रस की माध्यम से उपस्थित दर्शकको आनन्द दान करना इस नाट्य शैली नथा नाट्य परम्परा की एक वैशिष्ट्य है। किन्तु दु:ख की बात यह है कि इस नाट्यशैली आज पञ्चिम वंगाल से अवलुप्त हो रहा है। पश्चिम वंगाल की मेदिनीपुर जिला इस नाट्य शैली के लिए प्रसिद्ध स्थल था। वर्तमान मे इस नाट्य शैली का अभिनय मेदिनीपुर में बहुत कम देखने की मिलता है। कुछ विद्वान फिर से इस नाट्य शैली में दर्शक को आनन्द देने की प्रयास कर रहा है।

व्याकरणगत दृष्टिसे ‘भाँड’ शब्द एक तद्भव शब्द है। संस्कृत ‘भण्ड’ शब्द का रुप है। ‘भण्ड’ शब्द का अर्थ है कपट और ‘भाँड’ शब्द का अर्थ है हास्यरसिक तथा विदुषक और ‘यात्रा’ का अर्थ है ‘गमन करना’। संस्कृत ‘या’ धातु से ‘यात्रा’ शब्द आया है। समाज में रहने वाले लोग परिवार तथा घर की काम-काज में व्यस्त रहता है। अपने व्यस्त जीवन के वाहर मनोरंजन तथा अपनी प्रतिदिन की जीवनशैली को नाट्यशैली में हास्य-रस तथा सुचारु रुपसे परिवेशन करके दिखायाजाता है। संस्कृत साहित्य में भाँड़ तीव्र बद्धि और हास्य –रस की पात्र है। लेकिन भाँड तथा भण्डयात्रा की भाड़ चरित्र चञ्चल, दुर्वल व्यक्तित्व की लक्षण है।

भाँड़ यात्रा का उत्पत्ति एवं विकाश

भाँड़ यात्रा की विकाश का इतिहास पश्चिम बंगाल की मेदिनीपुर, हुगलि, हावडा, नदिया, दक्षिण चव्विश परगणा, उत्तर चव्विश परगणा प्रभृति जिला में देखने को मिलता है। काश्मीर की भाँडपथर नामक लोकनाट्य से इसकी बहुत मिल पाया जाता है। ‘भाँडपथर’ की कलाकार नृत्य-गीत, संगीत आदि में पारदर्शी थे। ‘भाँडपथर’ नाट्य शैली में पौराणिक और सामाजिक नाट्यशैली की कौतुक रस की माध्यम

से परिवेशन किया जाता है। काश्मीर की 'भाण्डपथर' नाट्यशैली से इसका अर्थात पश्चिम वंगाल की भाँडयात्रा की एक अलग वैशिष्ट्य देखने को मिलता है।

नदिया की भाँड यात्रा:

पश्चिम बंगाल की नदिया जिला भाँड यात्रा में प्रसिद्ध थे। कश्मीर की 'भावइया' की तरह यँहा की भाँड तथा भाँडपथर की तरह यँहा भाँडयात्रा। भाँडयात्रा को यंहा भाँड की नाटक भी कँहा जाता है। यँहा आज भी नाट्यमेला की आयोजन किया जाता है। प्राचीन परम्परा और तीर्थक्षेत्र के लिए प्रसिद्ध यह स्थल में शास्त्रालाप कीर्तन और पुराणो की आलोचना की लिये जाना जाता है। संस्कृति की अन्यतम निदर्शन देखने को मिलता है नदीया जिला में। राजा कृष्णचन्द्र राय की 'गोपाल भाँड' की कहानियाँ बहुतइ लोकप्रिय है। वर्तमान में भाँड़ यात्रा की कहानी यँहा भी कम दिखने को मिलता है।

मेदिनीपुर जिला की भाँडयात्रा:-

मेदिनीपुर भाँडयात्रा तथा इस लोकनाट्य में प्रसिद्ध है। यँहा की इस नाट्यशैली में पौराणिक कथा से लेकर सामाजिक कहानियाँ एवं कौतुकरस से पूर्ण कहानिया दिखाया जाता है। यँहा की भाँडयात्रा में कलाकार की संख्या एक से दो तथा 6-7 और भी बहुत देखने को मिलता है। इस नाट्यशैली में कलाकारो की साज में सादा धोती तथा कोमर में गमछा जैसे कुछ बंधे रहते है। द्वो कलाकार आपस में कौतुकपूर्ण तर्क करते है। परन्तु इस नाट्य शैली का भाषा लोकभाषा होती है। स्थानीय लोकभाषा की व्यवहार भी यँहा देखने को मिलता है। इस नाट्यशैली में वाद्ययन्त्र बांसुरी-ढोल-तवला-हारमोनियम से लेकर और भी कुछ व्यवहार यँहा किया जाता है। विभिन्न देव-देवीओं की नाम लेकर इस नाट्यशैली में गाना भी गाया जाता है। पश्चिम वंगाल में इस यात्र की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। यह मेदिनीपुर का बड़ा ही महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है। वैष्णव धर्म ग्रन्थो में उपाश्य को रथारुढ़ करके शोभायारा का विधान किया गया है। यात्रा श्रेय आधुनिक रुप से चैतन्य महाप्रभु को दिया जाता है। क्योकि वैष्णव धर्म की साज पोशाक के तरहा यँहा की लोकनाट्य में वेश-भुषा पहले किया जाता था। परन्तु वर्तमान दिन में भाँडयात्रा में काफी कुछ बदलाव आया है। जैसे कि उन्नत स्टेज में वर्तमान दिनों में भाँडयात्रा कि आयोजन किया जाता है। पहले चार कौणे में चार वाँश पुतकर फिर लिफापा लागाकर उस में अर्थात् जमीन में खुले मंचपर ही इस भाँड यात्रा का अभिनय किया जाता था। परन्तु आज भी इस यात्रा का रुचि बहुत ही कम है। इस की चर्चा मेदिनीपुर जिला में बहुत कम दिखने को मिलती है। जो भी चर्चा है वह भी स्टेज में साजधजकर किया जाता है। एक तरह की व्यङ्ग कौतुक की जैसे बताया जाता है। मेदिनीपुर जिले में कुछ खास तरीके से इस भाँडयात्रा को देखने की नहीं मिलता। जो भी है बहभी यात्रा की तरह ही उसकी संलाप को देखने को मिलती है। मेदिनीपु जिला की कुछ प्रसिद्ध शिल्पीओ की नाम इस भाँड यात्रा के प्रसिद्ध है- उनके नाम है- मेदिनीपुर की हातिहलका, सुदामख शैख साइसुद्दिन, मनिर, दालाल, तावारक

गायेन, खुरसेद आलि, शेख साइफुद्दिन, शेख आवदुल आफजल खाँ। मेदिनीपुर की घाटाल में भी इसका अभिनय देखने को मिलता है।

हुगली जिला की अवलुप्त भाँडयात्रा:

पश्चिम बंगाल कौ एक प्रसिद्ध स्थल है हुगली जिला। पारंपरिक लोक कला में प्रसिद्धस्थल माना जाता है हुगलि जिला को। लोक रंगमंच के हिससे के रुप में, अभिनेताओं का एक समुदाय भाँड, ढोल नगाड़ा और सोरनइ (एक लकड़ीकी वांसुरी) लेकर रंग-विरंगी परिधानो में एक गाँव से दुसरे गाँव को यात्रा करते है। उनके नाटक आमतौर पर सामाजिक मुद्दे पर केन्द्रित होता है। और व्यंग्य संगीत और नृत्य के माध्यम से वह राजनीति, समाज और धर्म में समस्याग्रस्त मुद्दो को सामने लाते है। ऐसा माना जाता है भाँडयात्रा की कलाकारो को पास कोइ स्क्रिपट नही होता है जिससे वे प्रदर्शन करते है। सब कुछ उनके मुह से निकला है। भाँड विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन करते है। अर्थ और रुपकों की परती के साथ पाथेर के कइ संस्करण है। हुगली जिला की आरामवाग में भाँडयात्रा की आसर बैठता था। इसका अभिनय होता है कौतुक रस पूर्ण और व्यंग प्रधान।

पश्चिमबंगाल में इसका अभिनय का काल:

पश्चिमबंगाल में ‘भाँडयात्रा’ की कोइ सुनिर्दिष्ट समय में अभिनय नहीं होता था। पौष मास से लेकर वैशाख माह तक खेत से फसल उठने के वाद इसका अभिनय होता है। क्योंकि जात-पात मनोरंजन में कोइ बाध नहीं सजता था। इनदिनों में भी इसका अभिनय कँही कँही देखने को मिलता है। खेत से फसल उठनेके बाद गाँव की लोगो की हाथों में कुछ पयसा आता है, एवं कुछ अवसर का समय भी मिलता था। इसलिये मनोरंजन के अन्यतम साधन केरुप में ‘भाँडयात्रा’ का अभिनय होता था। भाँडयात्रा की प्रधान अंग डाइस वा जुया खेला होता था। एक को बाद देकर दुसरे के बारेमें सोच भी नहीं जाता था। यात्रा की अभिनय मंच की आशपाश इस खेल चलता था। यात्रा की काम-काज देखने के लिए लोगों की समिति होती थी। उस समिति की लोगों सवकुछ तय करकर यह ‘भाँडयात्रा’ की अभिनय वैठाते थे। किन्तु भाँडयात्रा की आसर तथा अभिनय विठाने की लिए पयसे की जरुरत होता है। इसलिए डाइस का खेल वह लोग विठाते थे इस में ‘भाँडयात्रा’ की अभिनय कराने की पयसा आ जाता था। और इसका विपरीत भी देखने को मिलता था। डाइस पार्टी आके कहता था कि ‘भाँडयात्रा’ की अभिनय वह लोग करायेंगें। फिर पुरा रात डाइस अर्थात् जुयाखेला और नशेली द्रव्य जैसे कि गंजा आदि की सेवन चलता था।

भाँडयात्रा की कलाकार:

‘भाँडयात्रा’ की कलाकार गाँव की खेती में काम करने वाले लोग तथा साधारण लोग ही होता है। कँही ती 80%-90% लोग मुसलिम सम्प्रदाय की होता था। पश्चिम बंगाल की हरिजन सम्प्रदाय की

लोग इस यात्रा का कालाकार थे। बाद में साधारण और ब्राह्मण सम्प्रदाय की कुछलोग इस यात्रा की कलाकार है। कुछ लोग यात्रा करने की अलावा रोजगार की भावना से भी इस यात्रा की पेशा में आता था। सामाजिक तथा शास्त्रीय ज्ञान इस भाँडयात्रा की कलाकारो अर्जन होता था। इस भाँडयात्रा की दल परिचालन जी करता था उसे 'उस्ताद्' के नाम से भी जाना जाता है। इस तरह की 'उस्ताद्' का नाम—

शेख आव्दुल लतिफ (उचालन, शेयाव वाजार, वर्धमान)
प्रथात, केरामत, तापस दोलइ (वालि, देओयानगञ्ज, हुगली)
प्रयात शेख इयासिन (गदि, वागनान, हाबड़ा)
खुरसेद आलि (पाथरा, मेदिनीपुर)
प्रयात रहिम वक्स (मेदेदा, मेदिनीपुर)

लीलावती, गोलापी, अमुल्य, क्याउरा, हृदय वागदी, राजेन तिउवारी और भी कुछ विद्वान। यहसब 'उस्ताद्' दल की परिचालन के अलावा पाठ की रचना भी करते थे। मौखिक गल्प तैयार करके कौन से कलाकार किस संलाप तथा चरित्र में अभिनय करेगा वह वोलते थे। कलाकार ने अभिनय के समय तात्क्षणिक संलाप का भी व्यवहार कता था। कलाकार को हास्यरसपूर्ण कौतुकसे अभिनय की स्टेज भरपुर रहता था। दर्शक भी कौतुकरस का पूर्ण मजे लेते थे। कलाकार की अभिनय और स्मृति असाधारण था।

भाँडयात्रा मे भाँडको 'रंगदार' तथा 'संमदार' भी कहा जाता है। विचित्र उज्ज्वल वर्ण की पोशाक पहनना इसका मूल वैशिष्ट्य था। रंगदार की साथी महिला होता है। प्रथमपर्याय में पुरुष कलाकार ही स्त्री चरित्र में अभिनय करता था। ऐसे ही एक कलाकार का नाम मनिर दालाल, हातिहलका, और भी मेदिनीपुर जिला की लोग वाद में महिला तथा स्त्री चरित्र को ही रंगदार की साथी की भूमिका में रखा जाता है। अभिनय में इस सत्री कलाकार प्रसंशित थे। परन्तु समाज में इन सबको छौटे नजर से देखा जाता था। क्योंकि वहुतसी कलाकारी पतितालय से होता था। मेदिनीपुर की गौवी, मेदिनी तमलुक की सुवला, पारुल, राधिका, कमला, काञ्चनमाला, मेचेदा की लीलावती एवं उसके लड़की गोलापी भाँडयात्रा की कलाकार थी, लीलावती और गोलापी की खुद की अपना भाँडयात्रा की दल था। लीलावती को शास्त्रज्ञान तथा कण्ठ में सुर मनहारिनी था। भाँडयात्रा की दर्शक मुसलिम सम्प्रदाय के लोग होते थे। स्त्री दर्शक बहुत कम रहता था। मेदिनीपुर में यहदल 3/4 और 20/25 जनका भी होता था। यँहा भी ढोल, सुमेर, तवला, हारमोनियम आदि यन्त्र का व्यवहार किया जाता है। अभिनय होताथा ह्यजाक की आलो में वर्तमान दिनों में इलेकट्रिक में।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

भाँडयात्रा की विषय:

भाँडयात्रा की लिखित किताव नही था। श्रुति परम्परा अर्थात् सब मुह से रचित और संरक्षित होता था भाँडयात्रा की विषय। भाँडयात्रा की विषय भावना की दो दिक है, एक लौकिक विषय, दुसरा शास्त्रीय विषय है। लौकिक विषय दुसरा शास्त्रीय विषय है। लौकिक विषय में व्यंग के अलावा सुरुचि और कुरुचि अर्थात् रीति- अरीति के बाहर भी अभिनय की उपस्थापना होता था और शास्त्रीय विषय में मानव समाज की तथा मानव-जीवन की गभीर तत्त्वकथा वर्णन होता था। गानप्रधान है- भाँडयात्रा। तथ्य की विचार से भाँडयात्रा की अभिनय की विषय को चार भागो में वर्णन किया जा सकता है।

पहला: पश्चिम बंगाल में पहला एक भाँडयात्रा की विषय है जँहा भाँड प्रधान पात्र है। जैसे कि 'पाटशागतोला', टाकार जोरे वुड़ोर विये, लाउ चिंड़ि, कलाइओयाला, झिङे फुल, गाभीन भुत, घुघुर फाँद, कार पाओना, बौ वदल, कालेर हाओया, नटी लक्ष्मीहारा आदि।

दुसरा: ऐतिहासिक तथा पौराणिक काहिनी के आधार पर रचित पाला या अभिनय जैसे सम्राट आलाउद्दिन, राजा हरिश्चन्द्र, दाता कर्ण, राधाविनोद, मेघवती आदि। एक एक दृश्य के वाद भाँड अपना सङ्गी को स्टेज पर लाकर कौतुकरस से अभिनय को और भी हासि से भर देते थे। अभिनय शुरु से पहले लगभग एकघण्टा से अधिक समय 'फार्स' अर्थात् रंग कौतुक किया जाता है।

तीसरा: दो दल एक दुसरे की प्रश्नोत्तर के माध्यम से आसर को कौतुक रस से भरदेता था।

चौथा: गोपाल भाँड की चुटकली हासि मजाक में अभिनय करता है।

अभिनय चड़ा मात्रा में होता था। प्रत्येक कलाकार अपना पाठ को लेकर सक्रिय और सचेतन था। पश्चिम बंगाल में राधाविनोद, राजा हरिश्चन्द्र, जैसे ग्रामीणनाट्य जैसे- लेटोगान भी अभिनय भाँडयात्रा में किया जाता था।

भाडयात्रा का मूल उद्देश्य था दर्शक तथा जनता को कौतुकरस परिवेशन करना। इसलिए प्रत्येक कलाकार इस विषय को लेकर सचेतन तथा सक्रिय था। अभिनय में भी अपना स्थिति दर्शक के मनोरंजन के हिसाव से वदलता था। क्योंकि दर्शक का मन खुश करना उनका उद्देश्य था।

बंगाल की भाँडयात्रा की कुछगान:

कौतुकपूर्ण वार्तालाप को भाँडयात्रा में कहा जाता है- 'छड़ा काटाकाटि'। जैसेकि- कुछ वांग्ला वाक्य देवनागरी अक्षर मे-

सङ्गिनी:- तोमार मत मानुषके आमि विये करवो ना
आमरा कि या ता मेये।
आमरा कि तेमन मेये सइगो तेमन मेये सइ

आमरा जलेर भितर उनुन केटे भाजते पारि खै।
रंगदार:-तोमरा जलेर भितर उनुन केटे खै भाजते पारो एमन मेये
तोमादेर खोला फासाते आमि जानि
सङ्गिनी:-तोमरा केमन करे खोला फासाते पारो फासाओ।
रंगदार:-छिपनिलाम वड़शि निलाम गेलाम पुकुर घाटे
जोर करे खिँच मेरे दिलाम तोदेर खाला गेल फँसे
तोरा खै भाजबि किसे?- आदि
भाँडयात्रा कि एक गान और उसकी स्वरलिपि
अति साधेर बिये
आज जमि बन्दक दिये
बउ मरणकाले किछु बले गेल ना।
बउ एर हाते छिल चुड़ि
आर भाजतो गरम मुड़ि
शशा दिये मुड़ि खाओया हल ना।
ताल-दादरा
स र स र र र ग ग ग
अ ति सा ०धे र ० वि ये ०
प प प प प प प म सम मप र
आ ज ० ज मि ० व न्दक दि ये ०
र र र र र र प प प र र स
व ० उ म र ण का ले ० कि छु ०
स र र ग ग ग र र र
व ले ० गे ल ० ना ० ०
स स स र र र ग र र ग ग ग
व उ एर हा ते ० छि ल ० चु ड़ि ०
ग ग ग प प प प म म गम गम गर
आ र ० भा ज त ग र म मु ड़ि ०
र व व ग गग व स स स र व
श शा ० दि ये ० मु ड़ि ० खा ओ या
ग ग ग व व र
ह ल ० ना ० ०

उपसंहार:

पश्चिम वंगाल की यह संस्कृति आज अवलुप्त की पर्याय में है। वर्तमान दिन में दो एक दल की नाममात्र भाँडयात्रा की अभिनय देखने को मिलता है। वर्तमान में इसका अभिनय ‘यात्रा’ जैसी में हीता है। भाँडयात्रा की ‘पद रचना’ करने की शिल्पी का भी आज अभाव है। बहुत पुराणी जो भी शिल्पी है वह सव बुड़ापा के कारण इस में और परिश्रम नही करपाते। कुछ विद्वान इस भाँडयात्रा में अभिनय करने वाले कलाकारोको वुड़ापा में ‘भिख’ मांगकर दिन गुजरते देखा है। आधुनिक शिक्षित समाज इस स्थानीय भाषा में रचित भाँडयात्रा से विमुख है। गाँवो में भी नाममात्र से इसका अभिनय होता है। पश्चिम वंगाल में एकसमय भाँडयात्रा वहुत प्रचलन था वो अब अवलुप्त लोक-नाट्य में पर्यवसित है।

सन्दर्भसूची

१. *हिन्दी साहित्य*
२. *भाँड, शब्दकोश,*
३. *काश्मीर की पारंपरिक लोक रंगमंच की तुल्य होती एक लोककला भाँडपाथेर वंगला साहित्य*
४. *भारतेर लोकनाट्य- ध्रुव दास*
५. *वांला ग्रामीण लोकनाट्य ओ आलोचना एवं संग्रह- श्री सनत्कुमार मित्र, सम्पादित।*
६. *शारद संख्या, 2022*

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

"सार्वजनिक सेवाओं की प्रदायगी के तीसरे माध्यम डोर स्टेप डिलीवरी योजना का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्लीवासियों पर सामाजिक प्रभाव का अध्ययन"

रामलाल कूड़ी
शोधार्थी, लोक प्रशासन विभाग, राजकीय कला महाविद्यालय,
कोटा (कोटा विश्वविद्यालय) Email-ramlal.koodi@gmail.com

शोध सारांश:
इस शोध लेख में सार्वजनिक सेवा वितरण के तीसरे माध्यम डोर स्टेप डिलीवरी से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्रवासियों पर पड़े सामाजिक प्रभाव का अध्ययन की विवेचना की गई है। डोर स्टेप डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विसेज वर्तमान में भारत सहित कई देशों में सार्वजनिक सेवाओं के वितरण का तीसरा माध्यम है। (प्रथम राजकीय कार्यालय में जाकर, दूसरा ऑनलाइन आवेदन) सार्वजनिक सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी से अभिप्राय नागरिक के दरवाजे पर राजकीय सेवाओं के ऐसे वितरण से हैं जैसे घर पर पिज्जा डिलीवरी। इस योजना का मुख्य विचार व्यक्तियों के दरवाजे पर प्रमाण पत्र और आधिकारिक दस्तावेज प्रदान करना है। यह प्रक्रिया सेवा वितरण प्रणाली में प्रचलित सभी जटिलताओं से बचाकर लाभार्थियों को कार्यालयी व ऑनलाइन उलझनों से बचाती है और सेवा वितरण की मुख्य धारा में लाती है।

संकेताक्षार:
सार्वजनिक सेवा वितरण, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, डोर स्टेप डिलीवरी, डिजिटल प्रशासनिक परिवर्तन, बैक-एंड टीम, एंड्रोइड एप्लीकेशन प्रणाली, प्रशासनिक बुराइयां, प्रशासनिक कार्य संस्कृति, मनोवैज्ञानिक प्रशासनिक दृष्टिकोण।

परिचय

सार्वजनिक सेवा वितरण भारत में हमेशा विवादास्पद विषय रहा है। सेवा प्राप्ति माध्यम के विभिन्न संरचनात्मक-प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जटिलता भरे हुए है। एक ही सेवा प्राप्ति के लिए कार्यालयों के

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

चक्कर लगाते लगाते काफी धन व समय व्यर्थ हो जाता है। ऑनलाइन सेवा प्राप्ति भी फ्रॉड, डेटासेंध, डेटा दुरूपयोग जैसी संभावनाओं से युक्त होने के कारण सर्वसुलभ नही बन पाया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच प्रदान करने में तकनीकी व संस्थागत स्तर पर व्यापक कार्य किया है परंतु गुणवत्ता ,विश्वसनीयता और प्रभावशीलता के मानकों से अभी कोसों दूर है।

सार्वजनिक सेवा वितरण में अभिन्न प्रयोग डोर स्टेप डिलीवरी, शासन में व्याप्त प्रशासनिक दोषों और सेवा वितरण प्राप्ति में निहित जटिलताओं से एक नागरिक को उसके अनुरोध पर सरकारी कार्यालय से परे उसके दरवाजे पर ही वांछित सेवा की प्राप्ति सुनिश्चित करती है। परेशानी-मुक्त, गुणवता के आश्वासन से युक्त, इच्छित टाइम स्लॉट उपलब्ध के आधार पर, समय-कुशलता से सरकारी वितरण प्रणालियों की री-इंजीनियरिंग के द्वारा केन्द्रीकृत मूल्यांकन एवं निगरानी तंत्र के साथ अंतर एजेन्सियों में समन्वय द्वारा सरकारी सेवाओं को नागरिक के दरवाजे पर उपलब्ध कराना ही शासन में डोर स्टेप डिलीवरी का सार्थक पर्याय है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा 10 सितम्बर 2018 को 40 सार्वजनिक सेवा वितरण में अभिन्न प्रयोग डोर स्टेप डिलीवरी के साथ किया।[12] परियोजना की व्यापक कार्यप्रणाली के लिए मोबाइल सहायक, पर्यवेक्षक तथा कॉल सेन्टर ग्राहक सेवा केन्द्र पेशेवर के साथ सहायक परियोजना प्रबंधक और प्रोजेक्ट मैनेजर के निर्देशन मैं बैकएंड-प्रोसेस अधिकारियों के मानव संसाधन ढांचे के साथ इसकी शुरूआत की गई। प्रचालन कम्पनी द्वारा 1076 नम्बर को सेवा के लिए कॉलिंग नम्बर निर्धारित किया और www.delhid2dportal पर भी सेवा अनुरोध के लिए सॉफ्टवेयर डिजाइन किया गया। लाभार्थी द्वारा सेवा प्राप्ति के लिए 10 चरणीय प्रक्रिया को निर्धारित किया गया।[13]

योजना का मूल्यांकन (वार्षिक)



12 https://aamaadmiparty.org/delhi-cabinet-approves-historic-doorstep-delivery-of-public-services

13 https://scroll.in/article/885434/doorstep-delivery-of-rations-in-delhi-will-needlessly- drain-public-resources-say-activists

उपरोक्त ग्राफ का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि डोर स्टेप डिलीवरी में औसतः हर माह दस हजार सेवाएँ प्रोसेस हो रही है।[14] पूरी संस्थागत प्रक्रिया में तकनीकीगत, प्रौद्योगिकीगत व प्रचलनात्मक चुनौतियां रही। मांग के अनुरूप मानव संसाधन को तैयार करना, ग्राहक सेवा केन्द्र पेशेवर को सौम्य व्यवहार के लिए मानसिक रूप से सुदृढ करना, बैक-एंड टीम को दिल्ली सरकार के विभागों व फील्ड टीम के साथ तालमेल स्थापित करना, समन्वयकों व पर्यवेक्षक को आ रही चुनौतियों के अनुरूप मुकाबला करने के लिए तैयार करने जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक किए।

नई दिल्ली जैसे मेगा सिटी में जहां श्रम का प्रवासी पलायन व आगमन होता रहता है। अनधिकृत झुग्गी-झोपडियों में जहां आबादी का एक बडा हिस्सा रहता है और वो हिस्सा अभी भी डिजिटल शिक्षा के मानकों से कोषो दूर है, जिनके पास अभी भी कीपैड वाला फोन यूज होता है जो एंड्रोइड एप्लीकेशन प्रणाली से अभी भी अज्ञात है, उनके लिए यह योजना वरदान साबित हुई है।

भौगोलिक क्षेत्रवार उपरोक्त आंकड़ों को देखते तो पूर्वी व उतरी-पूर्वी दिल्ली के लोगों ने अधिक इस सेवा प्राप्ति प्रणाली का प्रयोग किया है, जो दिल्ली के साक्षरता व अन्य विकसित मानकों में पिछड़े बहुत इलाके है। सबसे अधिक सेवाओं के लाभ उठाने वाले निवासियों का आंकलन करने पर सीमापुरी 90 प्रतिशत, शाहदरा 87 प्रतिशत, विवेक विहार 87 प्रतिशत और अलीपुर 85 प्रतिशत है, जबकि सबसे कम अनुरोध 29 प्रतिशत कंझावला 43 प्रतिशत महरौली, पंजाबी बाग 49 प्रतिशत व डिफेंस कॉलोनी 55 प्रतिशत रहे।[15] सार्वजनिक सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी सरकारी संस्थानों और नागरिकों के बीच एक पूर्ण इंटरफ़ेस के रूप में कार्य करने के लिए ऑनलाइन एप्लिकेशन की बेहतर प्रणालियों के साथ-साथ फील्ड मैनपावर एजेंटों, 'मोबाइल सहायकों' को शामिल करने के लिए एक कदम आगे बढ़ गई। अकेले ऑनलाइन आवेदन मोड अक्सर उन नागरिकों तक पहुँच नहीं बना पाएगा जो तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं। इन नागरिकों को अक्सर भारी रकम चुकानी पड़ती है और बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता है। डोरस्टेप डिलीवरी प्रक्रिया में 'मोबाइल सहायकों की भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि नागरिकों को दलालों को भुगतान नहीं करना पड़ता है और वे संस्थागत तंत्र के माध्यम से आवश्यक सहायता प्राप्त करने में सक्षम होते हैं।

माधव कौशिक की कहानियों की दुनिया घर–परिवार, गाँव, महानगरों की ओर पलायन कर चुके लोग जैसे विषयों के इर्द–गिर्द ही रहती है। 'काल देवता' कहानी में अभिषेक पिता मास्टर बिहारी लाल की मृत्यु पर कई वर्षों बाद गाँव आ रहा है। वह पिता मास्टर बिहारी लाल को मन ही मन पुरातनपंथी मान बैठा था। जहां अभिषेक को महानगरीय तटस्थता और निरपेक्षता ने संवेदना शून्य बना दिया; वहीं पिता की मृत्यु के दस दिन बाद भी जब आने वालों की संख्या में कोई कमी नहीं होती, गाँव के लोगों में पिता के प्रति प्रेम और सम्मान के भाव को देख वह आश्चर्य में पड़ जाता है। अंत में वह निर्णय कर लेता है कि अब गाँव में रहकर ही अपना जीवन व्यतीत करेगा। इसी प्रकार 'सन्नाटे के विरुद्ध' कहानी में पन्नालाल महानगरीय परिवेश में परिवार के होते हुए भी वृद्धावस्था में अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। पन्नालाल ने पत्नी की मृत्यु के बाद से अपना सम्पूर्ण जीवन जिन बच्चों की परवरिश में लगा दिया वही बच्चे उन्हें आज इस घर में अकेले छोड़ कर चले गए हैं। पन्नालाल, पत्नी को याद करते हुए कहते हैं– **''गोमती की मां...जिन बच्चों के लिए हमने अपना जीवन होम कर दिया, वे ही आज हमें छोड़कर चले गए हैं। मुनीश दो बरस पहले चला गया था। उसका जाना जायज़ था। बाहर नौकरी करता है न। मैंने उसका बुरा नहीं माना। मगर अवध तो दिल्ली में रहेगा उसे पुराने घर से नफ़रत हो गई है। तुम्हीं बताओ गोमती की मां.... मैं क्या करूं.... कहां जाऊं.....? मुझे भी अपने पास बुला लो.. .[37].''** वृद्धों की समस्या वर्तमान समय की एक ज्वलंत समस्या है जो लेखक की चेतना और चिंतन का प्रमुख विषय है। इसीप्रकार परिवार में संबंद्ध विच्छेद, पारिवारिक सदस्याओं के बीच रिश्तों की आत्मीयता का क्षय, तनाव भी उनकी कहानियों की प्रमुख संवदेना के बिन्दु है जैसे 'क्षितिज' कहानी मंजुला और मनु के बीच एक खालीपन को

[34] वही, पृ० सं०–42
[35]वही, पृ० सं०–42
[36]वही, पृ० सं०–42
[37]वही, पृ० सं०–75

लेकर चलने वाली कहानी है, जिसमें वे संबंधों में रहकर भी किसी सीमा में बंधकर ही रह जाते हैं। वे दोनों उसका अतिक्रमण तो करना चाहते हैं किन्तु उनके बीच कुछ ऐसा रहस्यमय है जो उन्हें यह करने की इजाजत नहीं देता। जिस पर मनु कहता है **‘‘जब हम एक–दूसरे को इतना चाहते हैं, इतना प्यार करते हैं, फिर भी हमारे पास शब्द क्यों नहीं हैं? वही दस–बारह वाक्य हैं, जिन्हें हम दोहराते रहे हैं। उन प्रश्नों को करते हुए मैं तुम्हारे जवाबों से पहले से परिचित होता हूं। निश्चित दायरे से मेरा अर्थ, निश्चित सीमा और सीमाओं के अतिक्रमण से मेरा अभिप्राय यह बिलकुल नहीं था.... ।[38]’’**

इसप्रकार माधव कौशिक की रचनाएँ आधुनिक समाज की जटिलताओं और मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। उनकी कहानियां समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं, जैसे आतंकवाद, सांप्रदायिकता, बेरोजगारी और राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर करते हैं। उनके साहित्य में सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संदर्भों का गहरा प्रभाव देखने को मिलता है। कौशिक की रचनाओं में पात्रों की संवेदनाएँ विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं जहां पात्र समाज की विडंबनाओं और त्रासदियों को ऐसी अभिव्यक्ति देते हैं कि पाठक के भीतर संवेदनाओं का प्रस्फुटन हो उठे। उनकी कहानियां व्यक्ति के आंतरिक संघर्ष, उसके दर्द और उसकी खोज की प्रक्रिया को सामने लेकर आती है। अभियान, दंगल, विकल्प, निहत्थे, और ताबीज जैसी कहानियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि माधव कौशिक अपने समय और समाज की संवेदनाओं को सही रूप से व्यक्त करने में सक्षम हैं। जैसे कि साहित्य में संवेदनाएँ केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि यह समाज और संस्कृति के परिवर्तन के साथ जुड़ी होती हैं। माधव कौशिक की कहानियों में भी भावनाओं के अतिरिक्त समाज और संस्कृति के हर पक्ष से संवेदनाओं का जन्म होता है। उनकी कहानियों में समाज की आधी आबादी अर्थात, नारी को लेकर, नारी विमर्श का भी प्रमुख स्थान है। उनकी कहानियों में नारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती हुई दिखाई देती है। ऑफिसर्ज क्लब कहानी में मिस सविता द्वारा स्त्री देह के वस्तुवादी दृष्टिकोण के खिलाफ आवाज उठाना, और समाज में महिला अधिकारों की बात करना, उनकी रचनाओं में नारी की स्वतंत्रता और समानता की ओर एक मजबूत कदम है। माधव कौशिक का साहित्य न केवल समाज के विभिन्न तबकों की संवेदनाओं को प्रस्तुत करता है, बल्कि यह व्यक्ति की अंतर्आत्मा से उपजे विचारों और संघर्षों का परिणाम है। निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि माधव कौशिक के

[38]वही, पृ० सं०–59

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

साहित्य में संवेदनाओं का उच्चतम स्तर देखने को मिलता है। उनके पात्रों के माध्यम से हम समाज की विभिन्न समस्याओं और उन समस्याओं से जूझते हुए व्यक्तियों की संवेदनाओं को महसूस कर सकते हैं। उनके लेखन में जीवन के विविध पहलुओं, सामाजिक परिवर्तनों और मानवीय मूल्यों की गहरी समझ है, जो उन्हें समकालीन साहित्य के महत्वपूर्ण रचनाकारों में स्थान दिलाती है

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

रवांई के लोक गीतों में परिलक्षित भारतीय ज्ञान परंपरा

प्रमोद प्रसाद
शोध-छात्र,हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा-विभाग
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल उत्तराखण्ड

शोध सार
रवांई क्षेत्र, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में स्थित है, यह क्षेत्र अपनी समृद्ध लोक संस्कृति और परंपरागत ज्ञान परंपरा के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र के लोक गीत न केवल सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इनमें भारतीय ज्ञान परंपरा की गहन अभिव्यक्ति भी दृष्टिगोचर होती है। रवांई के लोक गीतों में धार्मिक आस्थाएँ, सामाजिक मूल्यों, पर्यावरण चेतना, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ, कृषि जीवन तथा आचार-विचार की स्थायी छवियाँ उभरकर सामने आती हैं।

इन गीतों में ऋग्वैदिक युग से चली आ रही प्रकृति पूजन की भावना, देवता और मानव के संबंधों की लोकभाष्य व्याख्याएँ, तथा नैतिक शिक्षाएँ अंतर्निहित होती हैं।स्थानीय लोक देवता महासू, सोमेश्वर, राजा रघुनाथ तथा अन्य देवी देवताओं के स्तुति गीतों में केवल भक्ति ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना, न्याय व्यवस्था और मानव अधिकारों की अवधारणाएँ भी प्रकट होती हैं। इसके अतिरिक्त, इन गीतों में वर्णित कृषि चक्र, ऋतु परिवर्तन और लोक मान्यताओं से संबंधित भारतीय परंपरागत विज्ञान और दर्शन का प्रतिबिंब प्रस्तुत होता है।

यह शोध पत्र रवांई के लोक गीतों का विश्लेषण करते हुए यह प्रतिपादित करता है कि ये गीत केवल सांस्कृतिक धरोहर नहीं हैं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के जीवंत स्रोत भी हैं। लोक साहित्य के इस स्वरूप में निहित ज्ञान को आधुनिक संदर्भों में पुनः समझना और संरक्षित करना वर्तमान समय की मांग है।

बीज शब्द : रवांई लोक गीत, भारतीय ज्ञान परंपरा, लोक संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान, उत्तराखंड लोक साहित्य

प्रस्तावना

लोक गीत किसी भी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा का अभिन्न हिस्सा होते हैं। ये गीत न केवल मनोरंजन का साधन होते हैं, बल्कि समाज की ऐतिहासिक, धार्मिक, नैतिक और सामाजिक धरोहर को संजोने का भी कार्य करते हैं। रवांई क्षेत्र के लोक गीत विशेष रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण, प्रेम, वीरता, आध्यात्मिकता को अभिव्यक्त करने वाले होते हैं। रवांई क्षेत्र उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में स्थित है, जहाँ की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध एवं विशिष्ट है। इस क्षेत्र के लोक गीत केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के जीवंत दस्तावेज भी हैं। ये गीत भारतीय समाज के ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, नैतिक एवं दार्शनिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं। यह क्षेत्र सुदूर पर्वतीय अंचल है, जो अपनी विशिष्ट भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है। रवांई क्षेत्र टौंस नदी के किनारे बसा हुआ है- "स्कन्दपुराण के केदारखंड में तमसा नदी का उलेख है संभवतः स्कन्द पुराण में वर्णित तमसा नदी ही वर्तमान टौन्स नदी है।"[1] रवांई अंचल चारों ओर से सुरम्य दृश्यों एवं गगनचुंबी ऊँचे-ऊँचे पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा है, जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता में चार चाँद लगाते हैं। रवांई क्षेत्र सांस्कृतिक विविधता का धनी क्षेत्र रहा है। यंहा का लोक जीवन आज भी अपनी लोकसंस्कृति के रंगों से रंगा नजर आता है यहाँ की आंचलिक सांस्कृतिक परंपरा अति समृद्ध व सम्पन्न रही है ऋषि-मुनियों की तपस्या, साधना व चिंतन द्वारा यहाँ भारतीय ज्ञान परंपरा के अंकुर प्रस्फुटित होते रहे हैं।

लोक गीतों में भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताएँ

भारतीय ज्ञान परंपरा की अनेक विशेषताएं लोकगीतों में पायी जाती है, जो मौखिक रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होती रहती हैं। लोकगीत न केवल मनुष्य के मनोरंजन के साधन हैं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक ज्ञान के भंडार होते हें जो किसी भी समाज के मूल्यों,लोकविश्वासों रीति-रिवाजों और प्राचीन महत्वपूर्ण पारंपरिक ज्ञान को दर्शाते हैं।

लोकगीत समुदायों के प्राचीन इतिहास, संस्कृति और ज्ञान को पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित रखते हैं। इन्ही लोकगीतों में पर्यावरण को संरक्षित रखने के संदेश समाहित होते हैं कई लोकगीत प्रकृति और पर्यावरण के महत्व पर अधिक बल देते हैं भारतीय संस्कृति के कई लोकगीत आध्यात्मिक और दार्शनिक बिचारों को भी व्यक्त करते हैं जो भारतीय ज्ञान परंपरा का एक आभिन्न और महत्वपूर्ण पहलू है।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीन वेदों, पुराणों, उपनिषदों, लोक कथाओं और आचार संहिताओं से प्रभावित रही है रवांई के लोक गीतों में यह परंपरा विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होती है।

आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना

रवांई के लोक गीतों में शिव, पार्वती, राम, कृष्ण, स्थानीय देवी-देवताओं एवं लोक नायकों की गाथाएँ सुनाई जाती हैं। भक्ति रस से ओतप्रोत ये गीत लोगों को धार्मिक आस्था और नैतिकता का संदेश देते हैं। भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप के रूप में लोक विख्यात स्थानीय लोक देवता का वर्णन लोक गीतों में इस प्रकार मिलता है-

"डांडा का नगेलू, नाग डांडा को बसेलू,
कृष्णजन रूप रैयो नगेलू।
भेंट लेकी आया हम्बी यमुनाजी को पाणी
धूप दीप यूलूनाग आटा घी की माणी।
झूठ त्वेम क्या लगाण, हामू सांची लाण।"[2]

साक्षात दुर्गा स्वरूप माता भद्रकाली की महिमा को परिलक्षित करते हुवे रवांई के प्रसिद्ध लेखक दिनेश रावत ने अपनी पुस्तक 'रवांई के देवालय एवं देव गाथाओं' में भद्रकाली की महिमा को इस लोक गीत के माध्यम से उजागर किया है-

"गिऊँ-जौ की उमी रे माए,
गिऊँ-जौ की उमी ए देवी माई भद्रकाली,
गिऊँ-जौ की उमी जन्मभूमि ए देवी माई भद्रकाली,
तेरी जन्मभूमि ए।। माया ओडार रे माए,
पुंडेलू डाक ए देवी माई भद्रकाली,
पुंडेलू डाक ए। तेख उपजी भद्रकाली"[3]

महासू शिव की उत्पति का लोकगीतों में

"नाले रे ठुढुवा, बाई बासली काई
देवा रघुनाथ बाई बासली काई
कुल्लु न उठी रई हनोली आई
मोड़ मोड़ाई बाई केड़ी मोड़ाई
देव रघुनाथ बाई केड़ी मोड़ाई
सून तैर छतिर चांदी तेर ढोल
तेर सुणी रघुनाथ आसीर बोल
देव रघुनाथ बाई आसीर बोल

अनोली न चली रई सिरांई आई
कैड़ी-कैड़ाई बाई मोड़ी-मोड़ाई
सिरांई न चली रई भसना आई
रई भसना आई, तई चिमटा बणाई
भसना चली रई, सिसाल आई
गैर न पुजेल्या दुई तेर थान
देवा रघुनाथ दुई तेर थान”[4]

प्रकति और पर्यावरण से जुड़ी ज्ञान परंपरा

इन गीतों में नदियों, पहाड़ों, वृक्षों और पशु-पक्षियों के प्रति आदर व्यक्त किया जाता है। यह भारतीय पारंपरिक इकोलॉजी (पारिस्थितिकीय संतुलन) और प्रकृति संरक्षण की अवधारणा को दर्शाता है रवांई में पीपल के पेड़ को विशेष महत्व दिया जाता है। चूकी पीपल का पेड़ आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों रूपों में प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है आध्यात्मिक रूप से लोकआस्था है की इसे भगवान विष्णु का स्वरूप माना जाता है और इसमे त्रिदेवों (ब्रह्म,विष्णु,महेश का वास माना जाता है,वैज्ञानिक रूप में पीपल का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन प्रदान करता है तथा कार्बनडाईऑक्साइड को अवशोषित करता है। जो इसके महत्व को और भी अधिक बनाता है। इस लोक गीत में पीपल के प्रति सम्मानपूर्ण उद्गार इन शब्दों में व्यक्त हुए हैं-

“पीपल देव जै जैकार
तू रोग मार गर्गों की हार
पीपल देव जै-जै कार
तू विष्णु रूप जै जै कार
त्वेम लोक दूध चार
पीपल देव जै-जैकार।।”[5]

प्रकृति के आभूषण हमारे पेड़ पौधे जिनकी उपस्थिति के कारण हमारी पृथ्वी पर वातावरण का संतुलन बना रहता है इस लोक गीत में उन्ही पेड़ पौधों के कटान के कारण मनुष्य को होने वाले भारी नुकसान का वर्णन किया गया है-

न काटा न काटा तुम डाली न काटा दीदा डाली न काटा
सेरों मा साटी,गड़लयों मा पाली,सब यूं का वै छ होणी
हरी खेती अर हैसंदों बुरांस यू रौंत्याली डाँडों मा रखा हरयाली।”[5]

सामाजिक और नैतिक शिक्षा

लोक गीतों में सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक मूल्य, नारी सम्मान, परोपकार और न्याय जैसे विषय प्रमुखता से दिखते हैं। उदाहरण के लिए, विवाह गीतों में स्त्री-पुरुष संबंधों की मर्यादा, प्रेम और सम्मान का भाव झलकता है।

इतिहास एवं लोक नायक

रवांई के वीरगाथात्मक लोक गीतों में ऐतिहासिक नायकों और योद्धाओं की गाथाएँ सुनाई जाती हैं। ये गीत पीढ़ी-दर-पीढ़ी वीरता, आत्मसम्मान और बलिदान की परंपरा को संजोकर रखते हैं महाभारत के प्रसिद्ध योद्धा सुर्यपुत्र कर्ण की महिमा को इस लोक गीत में उजागर किया गया है-

"चांदी की जंजीरा देवा, सती राजाकर्ण
चांदी की जंजीरा देवा, सती राजाकर्ण
बडो भलों शुभ रे देवा सती राजाकर्ण
देवरा थाना मंदिरा रे देवा, सती राजाकर्ण
दुद्ध बाण्यों मेवा रे देवा, सती राजाकर्ण
एक राजा कर्ण देवा सती राजाकर्ण
देजो साथी तेरो कौसर देवा,
सती राजाकर्ण डंडू मारी थ्यारी रे देवा सती राजाकर्ण
तेरी राजा कर्ण देवा सती राजाकर्ण
देव जानी की त्यारी रे देवा सती राजाकर्ण"[6]

रवांई क्षेत्र में हुवे मुगल आक्रमण एवं ऊनके प्रति रवांई के लोगों की वीरता को लोक गीतों के माध्यम से सँजोकर रहा गया है इस लोक गीत में रवांई क्षेत्र में हुवे मुगलों के आक्रमण तथा ऊनके इतिहास का वर्णन मिलता है-

"दूणी रहा पावटेनद्रा मुगली आई
दुण लेई पावटेरी मुगले खाई
दूण राखी पावटेरी तम्बू छतरिये छाई
आई रआ मुंगोल ला बहुच्छा की थोड़ा
मोड़े रे मोड़ाइला मारे खेड़ी मोड़ाई
नौलाख रे हाथी चलं छः लाख घोड़े
झामन्दी रही न काखड़ी,
माडू झामन्दी टाट चल तेरे मुसाफिर के चेलके से कांट

राजा मुगील ला मरली धूम गज-गज मारी उड़ घोडे रे सूम ।।
आई रआ राजा मुगील लाटूटी न लाश आदमी के अन्न टापीना, घोड़ी के रे घास”[7]

कृषि, मौसम और पारंपरिक विज्ञान

लोक गीतों में कृषि जीवन, मौसम के बदलाव और पारंपरिक ज्ञान का समावेश होता है। फसलों की बुआई, कटाई और त्योहारों से जुड़े गीत ग्रामीण समाज की परंपरागत ज्ञान प्रणाली को दर्शाते हैं बसंत के आगमन पर खेतों में प्रारंभ हुई जुताई के समय मनुष्य तथा पशुओं को अपने-अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता हुआ यह लोक गीत पूरे रवांई में लोक प्रचलित है-

“ही गाया की उमाड़ी गेल्या गाया की उमाड़ी
नेडा,नेडि आई गेल्या क्यारया की रोपड़ी
हिट बलदा सरासर रे बौड़ी गे फागुणा”[8]

फसलों की बुआई कटाई के समय रोमांचकारी माहोल को परिलक्षित करता हुआ यह लोक गीत कृषि कार्य करती हुई महिलाओं के अंदर जोश भरने का कार्य करता है-

“उपले सेराईं पाचयों बालूरया धाना
दात्री छुणकी ले नाज काटंद सेरी ले
असूज कार्तिक ले दाईं गाडंद घरोंद”[9]

भौगोलिक संरचना

रवांई क्षेत्र की भौगोलिक संरचना अत्यंत विविधतापूर्ण है। यहाँ की पर्वत श्रृंखलाएँ, घाटियों, नदियों और घने वन इसे एक अद्वितीय स्थल बनाते हैं। क्षेत्र की प्रमुख नदी टाँस है, जो यहाँ की कृषि और जनजीवन का मुख्य आधार है। पर्वतीय ढलानों पर सीढ़ीनुमा खेत और घने जंगल इसकी भौगोलिक विशेषताओं में शामिल हैं रवांई में विश्व प्रसिद्ध हरकीदून,केदारकांठा बुग्याल स्थित है जो रवांई की भौगोलिक सुंदरता के साथ-साथ क्षेत्र की विरासत के रूप में भी प्रसिद्ध है हरकीदून की सुंदरता को इस लोक गीत में सँजोया गया है-

मेरो हरकीदूना है पहाडू को पियारों
चोंखंडा हीवे को चांगशील चैयों”[10]

सांस्कृतिक धरोहर-

रवांई की संस्कृति अत्यंत समृद्ध और विविधतापूर्ण है। यहाँ के लोकगीत, नृत्य, त्योहार और परंपराएँ इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। विशेष रूप से, यहाँ के लोकगीतों में भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी झलक मिलती है, जो धार्मिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को संप्रेषित करते हैं-

“कोद की बातिर मेरी बिजू मा बंठिया,
कोद की बातिर मेरी बिजू मा बंठिया
नेडा नेडी आईगी मेरी बिजू मा बंठिया,
डांडा की जातिर मेरी बिजू मा बंठिया।
बजी जालू बाणू मेरी बिजू मा बंठिया,
बजी जालू बाणू मेरी बिजू मा बंठिया,
डांडा की जातिर मेरी बिजूमा बंठिया”[11]

मेले और लोक नृत्य रवांई की संस्कृति की अनूठी पहचान होते हैं ये अपने सांस्कृतिक गौरव को संरक्षित करके पीढ़ी-दर पीढ़ी स्थानतरित करते हैं-

“साठियों पानशाहियों रात बियाणी,
मासू क ओलंदी रात बियाणी।
उठो छोरो नन्याणों रात बियाणी,
मासू क औलंदी रात बियाणी ।।"[12]

आर्थिक जीवन:

रवांई क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि, पशुपालन और वानिकी पर निर्भर है। पर्वतीय ढलानों पर सीढ़ीनुमा खेतों में धान, गेहूँ, मक्का आदि की खेती की जाती है। इसके अतिरिक्त, पशुपालन और वनों से प्राप्त उत्पाद भी यहाँ के लोगों की आजीविका के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

रामू बल कपास की पूणी,
रामू बल खरसूनी गांव रामू बल नौराता की सूंणी
रामू बल परात की घाली,
रामू बल नौराता की सूंणी
रामू बल दीऊ दीने बाली,
रामू बल कुखड़ा की बाती,
रामू बल दिऊ देणू बाली
रामू बल गेहूँ भी बिना हाथी रामू बल रणाईनी भेई”[13]

समृद्ध भाषा और वेशभूषा-

रवांई क्षेत्र के लोग मुख्यतः गढ़वाली भाषा की एक उपबोली बोलते हैं, जो उनकी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है। यहाँ की पारंपरिक वेशभूषा में पुरुषों के लिए चूड़ीदार पायजामा, कुर्ता और सिर पर टोपी,

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

जबकि महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और आभूषण शामिल हैं, जो उनकी सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हैं-

“भेना रतीराम मुकू लाणू ढाँटू भेना रतीरामा झम।
रंग-बिरंगो लाणो भेना रती रामा
, मुकू लाणो ढॉटू भेना रतीराम झम।
कालि घघरी लाल मगजी भेना रती राम
मुकू लाणो तैई, भेना रतीराम झम,
हाथै लाई रूमेला भेना रतीराम
मुकू लाणो आफू भेना रती राम झम।
मगौज मं आणो मुकू सौव लाणो भेना रतीराम झम”[14]

पर्यटनः-

रवांई क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और शांत वातावरण इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यहाँ की हरी-भरी घाटियाँ, ऊँचे पर्वत, बहती नदियाँ और घने जंगल पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

इसके अतिरिक्त, यहाँ के लोक त्योहार, मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर पर्यटक इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव कर सकते हैं।-

“ये केदारी कांठा फूल्यो, रंग विरंगा फूल ।।
नन्दन बन स्यो लग्यो, रंग-विरंगा फूल ।।
देबू कु रौ वासू तख, रंग विरंगा फूल ।।
इन्द्र पुंरी स्यो लगद रंग-विरंगा फूल”[15]

विवाह संस्कार के गीत-

“पैलो फेरो फेरे कन्या, कन्या छ क्वारी
दूसरो फेरो फेरे कन्या छ क्वारी
तीसरो फेरो फेरे कन्या छ क्वारी
चौथे फेरो फेरे कन्या छ क्वारी
पांचो फेरो फेरे कन्या बै बाबू की प्यारी
छटो फेरो फेरे कन्या सासार की त्यारी
सातों फेरो फेरे कन्या वे तुके तुम्हारी
सात सौत मैन शीली पीसी आले शीली पीसी आले”[16]

कर्म फल पर आधारित गीत-

नौ बैणी मातरी ऐ पड़ि बारों बैणी भराड़ी,
क्वै मातरी बैठी रौ काम्यों का पाः ।।
क्वै मातरी बैठी रौ आँखू का हाः ।।
ल्वैई पीरौ तू सिकार खै।
त्यूँ जोड़ी बैलो जीतू ड़बी रौ ।।
भयूँ कुटुम्ब तैरो मल्ला की क्यारी रैगे।
बौलू न होन्दू जीतू त नाशः न हून्दो।“[17]

संक्षेप में, रवाईं क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के कारण उत्तराखंड के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। यहाँ की परंपराएँ, लोकगीत और जीवनशैली भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों को प्रदर्शित करते हैं, जो इसे एक विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं।

लोक गीतों का महत्व

1. **सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण**
   लोक गीतों के माध्यम से प्राचीन परंपराएँ, रीति-रिवाज, और सामाजिक मूल्य पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ते हैं। ये गीत किसी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने में सहायक होते हैं।

2. **सामाजिक एकता का प्रतीक**
   लोक गीत समुदाय को एकजुट करने का कार्य करते हैं। त्योहारों, विवाह, उत्सवों और धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान गाए जाने वाले गीत सामूहिकता और भाईचारे की भावना को प्रबल करते हैं मनुष्य को एकता,भाईचारे की भावना का संदेश इस प्रकार रवांई के लोक गीतों में मिलता है-
   हँसी बोलाणो,बाँटी कै खाणु,बाटुडो कोय न भाई लाणो;
   चार दींन मानछड़ों,मरेय त अंधागोर जाणो”18

3. **ऐतिहासिक और वीरगाथात्मक महत्व**
   कई लोक गीत ऐतिहासिक घटनाओं और वीरता की गाथाओं को संजोकर रखते हैं। ये गीत समाज को अपने पूर्वजों के बलिदान और संघर्षों से अवगत कराते हैं, जिससे युवाओं में राष्ट्रप्रेम और आत्मसम्मान की भावना विकसित होती है।

4. **आध्यात्मिक एवं धार्मिक संदेश**
   लोक गीतों में देवी-देवताओं, भक्ति, आस्था और अध्यात्म का वर्णन होता है। ये गीत धार्मिक भावनाओं को प्रकट करने के साथ-साथ नैतिक शिक्षा का भी माध्यम होते हैं।

5. पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का संदेश

कई लोक गीत प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन की महत्ता को दर्शाते हैं। पर्वत, नदियाँ, जंगल, और पशु-पक्षियों के प्रति सम्मान को इन गीतों में अभिव्यक्त किया जाता है।

6. शिक्षा और नैतिक -मूल्य

लोक गीतों में नैतिकता, परोपकार, दया, सत्य और धर्म जैसे मूल्यों को दर्शाया जाता है। ये गीत समाज को सदाचार और सद्भाव की ओर प्रेरित करते हैं।

7. मनोरंजन का प्रमुख साधन-

विभिन्न अवसरों पर गाए जाने वाले लोक गीत आनंद और उल्लास का संचार करते हैं। ये गीत नृत्य और संगीत के साथ मिलकर उत्सवों को और भी जीवंत बना देते हैं।

रवांई क्षेत्र के लोक गीतों में भारतीय ज्ञान परंपरा की अभिव्यक्ति को और गहराई से समझने के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान देना आवश्यक है:

1. लोकगाथाओं में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ

रवांई के लोक गीतों में प्राचीन कथाओं, उपाख्यानों और ऐतिहासिक घटनाओं का समावेश होता है, जो भारतीय लोकगाथा परंपरा का हिस्सा हैं। ये गीत न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि समाज के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक ज्ञान के संवाहक भी हैं। इनमें स्थानीय नायकों, देवी-देवताओं और महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन मिलता है, जो समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखते हैं।

2. पारंपरिक ज्ञान और पर्यावरण संरक्षण

रवांई के लोक गीतों में पारंपरिक ज्ञान और पर्यावरण संरक्षण के संदेश निहित हैं। इन गीतों में प्रकृति के साथ सामंजस्य, जैव विविधता का सम्मान और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के महत्व को दर्शाया गया है। यह पारंपरिक ज्ञान वनों और जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

3. **सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों का प्रतिबिंब-**

लोक गीतों में समाज की संरचना, रीति-रिवाज, और नैतिक मूल्यों का स्पष्ट चित्रण होता है। ये गीत सामाजिक एकता, पारिवारिक संबंधों, और नैतिक आचरण के महत्व को उजागर करते हैं, जो भारतीय समाज की मूलभूत विशेषताएँ हैं। इनके माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी नैतिक शिक्षा का संचार होता है।

4. **शिक्षा और सांस्कृतिक पहचान-**
रवांई के लोक गीत शिक्षा का भी माध्यम हैं, जो समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। इन गीतों के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान, जीवन कौशल, और सांस्कृतिक मूल्यों का हस्तांतरण होता है, जो समुदाय की सामाजिक-शैक्षिक समावेशन में सहायक है।

निष्कर्ष

रवांई के लोक गीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के वाहक हैं। इनमें धार्मिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और नैतिक मूल्यों की गहरी छाप मिलती है। इन गीतों का संरक्षण और अध्ययन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर को संजोने में सहायक सिद्ध हो सकता है। लोक गीत केवल संगीत का एक रूप नहीं हैं, बल्कि वे समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और नैतिक धरोहर के वाहक हैं। इनका संरक्षण और प्रचार-प्रसार समाज की सांस्कृतिक समृद्धि को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। रवांई के लोक गीत भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण वाहक हैं। इनमें निहित पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक मूल्य, और नैतिक शिक्षाएँ समाज के विकास और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन गीतों का अध्ययन और संरक्षण भारतीय संस्कृति की गहरी समझ और उसकी समृद्धि को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। इन गीतों का अध्ययन और संरक्षण भारतीय संस्कृति की गहरी समझ और उसकी समृद्धि को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ-

1. *रवांई क्षेत्र के देवालय एवं देवगाथाएं, दिनेश रावत, पेज नो.28*
2. *सीमांत जनपद उत्तरकाशी इतिहास और समाज- डा दिनेश चंद्र बलूनी, पेज,150*
3. *सीमांत जनपद उत्तरकाशी इतिहास और समाज- डा दिनेश चंद्र बलूनी,पेज,204*
4. *उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर,डॉ जगदीश प्रसाद नौडियाल,पेज.175*
5. *गढ़वाली लोकगीत,गोविंद चातक पेज. नो. 21*
6. *सीमांत जनपद उत्तरकाशी इतिहास और समाज- डा दिनेश चंद्र बलूनी,पेज,201*
7. *सीमांत जनपद उत्तरकाशी इतिहास एवं समाज डॉ दिनेश चंद्र बलूनी, पेज,200*
8. *साक्षात्कार, श्री महेंद्र सिंह चौहान,(लोकगायक) रवांई घाटी दिनांक. 03/07/2025 ग्राम ढ़काड़ा उम्र 50 वर्ष*
9. *साक्षात्कार,श्री अनिल बेसारी लोकगायक ग्राम,पुरोला उम्र 40 वर्ष दिनांक. 04/06/2025*
10. *साक्षात्कार,श्री देवी प्रसाद उनियाल, ग्राम कोटगाँव उम्र 73 वर्ष दिनांक.04/07/2025*
11. *रवांई क्षेत्र के लोक देवता एवं लोकोत्सव,दिनेश सिंह रावत पेज 159*

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

12. उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर, डॉ जगदीश प्रसाद नौडियाल पेज 243
13. उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर, डॉ जगदीश प्रसाद नौडियाल पेज 238
14. रवांई क्षेत्र के लोक साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ जगदीश प्रसाद नौडियाल पेज. 173
15. रवांई क्षेत्र के लोक साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन, जगदीश प्रसाद नौडियाल पेज. 144
16. रवांई क्षेत्र के लोक साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ.जगदीश प्रसाद नौडियाल पेज.156
17. गढ़वाली लोकगीत,गोविंद चातक पेज० 251

इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स का विश्लेषण: कोटा के शीर्ष पेजों की सामाजिक-आर्थिक भूमिका

रीना दाधीच
शोधार्थी
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, वनस्थली विद्यापीठ, निवाई

डॉ.मीनाक्षी दाधीच
सहायक प्रोफेसर
मनोविज्ञान, जेसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर

शोधसार

कोटा, राजस्थान, जो पारंपरिक रूप से शिक्षा नगरी के रूप में जाना जाता है, अब डिजिटल मार्केटिंग और सोशल मीडिया ब्रांडिंग के क्षेत्र में भी तेजी से उभर रहा है। इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स ने स्थानीय व्यवसायों और व्यक्तियों को अपनी पहचान स्थापित करने का नया मंच दिया है। इस शोध का उद्देश्य कोटा में इंस्टाग्राम पेजों की वृद्धि और स्थानीय इंफ्लुएंसर्स की भूमिका का विश्लेषण करना है, जिसमें मीडिया और मनोविज्ञान दोनों के दृष्टिकोण को शामिल किया गया है। कोटा के माइक्रो-इंफ्लुएंसर्स अपने अनुयायियों के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव रखते हैं, जिससे उनकी सिफारिशें अधिक प्रामाणिक और प्रभावशाली मानी जाती हैं। आंकड़ों के अनुसार, कई प्रमुख इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स के 70-80% फॉलोअर्स स्थानीय स्तर पर केंद्रित हैं, जिससे हाइपर-लोकल ब्रांडिंग और टार्गेटेड मार्केटिंग संभव हो पाती है। ये इंफ्लुएंसर्स स्थानीय संस्कृति, भाषा और रुचियों को समझते हैं, जिससे उनका कंटेंट और अभियानों की विश्वसनीयता बढ़ती है। ब्रांड्स प्रायोजित पोस्ट, व्यक्तिगत कहानियां, ब्रांडेड हैशटैग और स्थानीय इवेंट्स जैसी रणनीतियों से इन इंफ्लुएंसर्स के साथ सहयोग करते हैं, जिससे ब्रांड की पहुंच और उपभोक्ताओं के साथ भावनात्मक संबंध मजबूत होता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से, जब उपभोक्ता अपने पसंदीदा स्थानीय इंफ्लुएंसर को किसी उत्पाद का उपयोग करते देखते हैं, तो उनके मन में उस ब्रांड के प्रति विश्वास और अपनापन बढ़ता है-यह 'सोशल प्रूफ' सिद्धांत पर आधारित है।

हालांकि, इस क्षेत्र में फेक फॉलोअर्स की पहचान, कंटेंट की प्रामाणिकता और पारदर्शिता जैसी चुनौतियां भी हैं। फिर भी, कोटा में इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स की भूमिका स्थानीय ब्रांडिंग और डिजिटल इकोनॉमी को नई दिशा दे रही है।

मुख्य शब्द: इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर, स्थानीय ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, हाइपर-लोकल मार्केटिंग

परिचय:

डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक प्रभावशाली उपकरण बन चुका है, जिसने न केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। कोटा, जो पारंपरिक रूप से शैक्षणिक हब के रूप में जाना जाता है, अब इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर उभरते हुए डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स की एक नई पीढ़ी को देख रहा है। ये इन्फ्लुएंसर्स न केवल स्थानीय संस्कृति और व्यवसायों को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि युवाओं के लिए नए करियर विकल्प भी प्रस्तुत कर रहे हैं।

साहित्य समीक्षा (Review of Literature)

इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इंफ्लुएंसर्स का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जो उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांड निष्ठा और खरीद निर्णयों को गहराई से प्रभावित करता है। **Rajshree Shekhawat (2024)** के अध्ययन **"The Role of Instagram Influencers in Shaping Consumer Behaviour: Exploring Buying Decisions, Brand Loyalty, and Consumer Preferences"** में यह स्पष्ट किया गया है कि विश्वसनीयता, प्रामाणिकता और अनुयायियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव उपभोक्ताओं के निर्णयों को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक हैं। उनके निष्कर्ष बताते हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स न केवल खरीदारी के निर्णयों को प्रभावित करते हैं, बल्कि ब्रांड के प्रति दीर्घकालिक निष्ठा भी उत्पन्न करते हैं। **Sheikh & Jain (2024) के शोध "A Study on Impact of Social Media Influencers: How Trustworthy Are Social Media Influencers, and How Can Brands Build Genuine Connections with Their Audience through Influencer Marketing"** में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की विश्वसनीयता पर विशेष ध्यान दिया गया है। उनका निष्कर्ष है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और निरंतरता उपभोक्ता विश्वास के स्तंभ हैं, और ब्रांडों को विश्वसनीय इंफ्लुएंसर्स के साथ जुड़ाव बढ़ाने की रणनीतियां अपनानी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं के साथ स्थायी संबंध बन सकें। **Han & Balabanis (2023)** के मेटा-विश्लेषण **"Meta-analysis of social media influencer impact: Key antecedents and theoretical foundations"** में पाया गया कि स्रोत विश्वसनीयता सिद्धांत

उपभोक्ता दृष्टिकोण और व्यवहार में बदलाव को समझाने में सबसे प्रभावी है। विश्वसनीयता, भरोसेमंदता और विशेषज्ञता जैसे कारक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की प्रभावशीलता के प्रमुख पूर्वसर्ग हैं। **Angraini (2023) के साहित्य समीक्षा अध्ययन “Social media marketing influencer: Literature review on promotional strategies using the influence of social media celebrities”** में सोशल मीडिया सेलिब्रिटी इंफ्लुएंसर्स की प्रचार रणनीतियों की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला गया है। यह अध्ययन दर्शाता है कि प्रभावशाली व्यक्तियों की प्रामाणिकता और अनुयायियों के साथ जुड़ाव प्रचार की सफलता के लिए आवश्यक हैं। **Sahnoun, Mourad, Ben & Fan (2023)** के व्यवस्थित समीक्षा अध्ययन **“Social media influence analysis techniques: Systematic literature review”** में सोशल मीडिया प्रभाव विश्लेषण के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों का विश्लेषण किया गया है। उन्होंने ग्राफ आधारित मॉडल, सोशल नेटवर्क विश्लेषण तथा प्रभाव, पहुंच और स्थायित्व को प्रभावी अभियानों के लिए आवश्यक बताया है। इन सभी अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की प्रभावशीलता केवल फॉलोअर संख्या पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उनकी विश्वसनीयता, प्रामाणिकता, सामाजिक जुड़ाव और कंटेंट की गुणवत्ता पर अधिक निर्भर करती है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता और ब्रांड के बीच पारदर्शिता और विश्वास की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह साहित्य समीक्षा इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव को समझने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है, जो कोटा के संदर्भ में किए जाने वाले अध्ययन के लिए प्रासंगिक है।

शोध अंतर (Research Gap)

वर्तमान साहित्य की समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया, विशेषकर इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स के प्रभावों पर व्यापक अध्ययन हुए हैं, किन्तु कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान की कमी विद्यमान है, जिन्हें वर्तमान अध्ययन में संबोधित किया जाना आवश्यक है।

प्रथम, अधिकांश शोध राष्ट्रीय या वैश्विक स्तर पर केंद्रित हैं, जबकि क्षेत्रीय और स्थानीय संदर्भों में इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स की सामाजिक-आर्थिक भूमिका पर सीमित अध्ययन उपलब्ध हैं। विशेषकर छोटे शहरों एवं कस्बों जैसे कोटा में इंफ्लुएंसर्स के प्रभाव का विश्लेषण अपर्याप्त है, जिससे स्थानीय सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवेश में उनकी भूमिका को समझने में बाधा आती है।

द्वितीय, फॉलोअर संख्या के अलावा अनुयायियों के डेमोग्राफिक प्रोफाइल, जैसे आयु, लिंग, सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं उपभोक्ता व्यवहार पर गहन और व्यवस्थित डेटा का अभाव है। इससे यह ज्ञात करना कठिन होता है कि विभिन्न उपभोक्ता समूहों पर इंफ्लुएंसर्स का प्रभाव किस प्रकार भिन्न होता है।

तृतीय, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के सामाजिक जागरूकता, आर्थिक प्रोत्साहन और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव के मात्रात्मक मापन के लिए मानकीकृत मॉडल विकसित नहीं हुए हैं। इससे प्रभाव की व्यापकता और गहराई का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण रहता है।

चतुर्थ, अधिकांश अध्ययन अल्पकालिक प्रभावों पर केन्द्रित हैं, जबकि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स की दीर्घकालिक प्रभावशीलता, विशेषकर उपभोक्ता व्यवहार और ब्रांड निष्ठा पर उनके प्रभाव का अध्ययन सीमित है।

पंचम, विश्वसनीयता और ट्रस्ट निर्माण के कारकों पर शोध उपलब्ध है, किन्तु विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों में ट्रस्ट निर्माण की प्रक्रिया और उसके उपभोक्ता व्यवहार पर प्रभाव की व्यापक समझ अभी विकसित नहीं हुई है।

अंततः, कंटेंट की गुणवत्ता, एंगेजमेंट रेट, और अनुयायियों के साथ संवाद की भूमिका पर सीमित शोध है, जबकि ये कारक प्रभावशीलता निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के नकारात्मक प्रभाव, जैसे गलत सूचना का प्रसार, उपभोक्ता भ्रम और सामाजिक असामाजिक व्यवहार के जोखिमों पर भी पर्याप्त अध्ययन नहीं हुआ है।

उद्देश्य

कोटा के प्रमुख इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण करना।

स्थानीय समुदाय और व्यवसायों पर इन इंफ्लुएंसर्स की भूमिका एवं प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना।

परिकल्पना (Hypothesis)

कोटा के इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स के फॉलोअर संख्या के अनुसार उनका सामाजिक और आर्थिक प्रभाव समानुपाती होगा।

जिन इंस्टाग्राम पेजों के फॉलोअर अधिक हैं, वे स्थानीय युवाओं और व्यवसायों पर अधिक प्रभावशाली होंगे।

अनुसंधान पद्धति (Research Methodology)

अनुसंधान की प्रकृति

यह अध्ययन **मात्रात्मक (Quantitative) अनुसंधान पद्धति** पर आधारित है, जिसमें कोटा के प्रमुख इंस्टाग्राम पेजों के सार्वजनिक डेटा का सांख्यिकीय एवं ग्राफिकल विश्लेषण किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य इन पेजों की लोकप्रियता, श्रेणीगत विविधता और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का आंकलन करना है।

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

नमूना चयन (Sampling Technique)
प्रकार: उद्देश्यपूर्ण नमूना चयन (Purposive Sampling)

विवरण: कोटा के वे इंस्टाग्राम पेज चयनित किए गए जिनकी फॉलोअर्स संख्या सर्वाधिक है और जो विभिन्न श्रेणियों (जैसे Community, Food, Individual Influencer, Photography/Culture, Blog) का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुल 13 पेजों का चयन किया गया।

डेटा संग्रह (Data Collection)
स्रोत: इंस्टाग्राम के सार्वजनिक प्रोफाइल

तत्व:
प्रत्येक पेज का नाम, हैंडल, श्रेणी और फॉलोअर्स की संख्या (हजारों में)
पेजों की श्रेणी का निर्धारण उनकी विषयवस्तु के आधार पर किया गया

डेटा विश्लेषण (Data Analysis)

वर्णनात्मक सांख्यिकी (Descriptive Statistics):
प्रत्येक पेज और श्रेणी के फॉलोअर्स की संख्या का संकलन

ग्राफिकल विश्लेषण (Graphical Analysis):
बार ग्राफ 1: "Instagram Influencers from Kota by Follower Count" – प्रत्येक पेज के फॉलोअर्स की तुलना
बार ग्राफ 2: "Followers by Category - Kota Instagram Influencers" – श्रेणीवार कुल फॉलोअर्स की तुलना

तुलनात्मक विश्लेषण:
किस श्रेणी या पेज का प्रभाव सबसे अधिक है, इसका विश्लेषण
श्रेणीगत वितरण से सामाजिक-आर्थिक प्रभाव की संभावनाओं का अनुमान

अध्ययन के चर (Variables)
स्वतंत्र चर (Independent Variables):
इंस्टाग्राम पेज का नाम/हैंडल
पेज की श्रेणी

निर्भर चर (Dependent Variable):
फॉलोअर्स की संख्या (हजारों में)

उपयोग किए गए टूल्स (Tools Used)

डेटा संग्रह के लिए इंस्टाग्राम
डेटा विश्लेषण और ग्राफ बनाने के लिए Microsoft Excel या Google Sheets
ग्राफिकल प्रस्तुति के लिए बार चार्ट



ग्राफ 1



ग्राफ 2

डेटा व्याख्या एवं निष्कर्ष (Interpretation of Data and Findings)

1. पेजवार फॉलोअर्स वितरण का विश्लेषण

कोटा के प्रमुख इंस्टाग्राम पेजों के फॉलोअर्स की संख्या में उल्लेखनीय भिन्नता देखी गई। “Kota Smart Citizen” (@kota_smart_citizen) ने 257 हजार फॉलोअर्स के साथ सर्वाधिक लोकप्रियता प्राप्त की है, जो अन्य पेजों की तुलना में उसकी व्यापक पहुंच को दर्शाता है। कुल 13 चयनित पेजों के संयुक्त फॉलोअर्स की संख्या लगभग 8.37 लाख है, जो कोटा के डिजिटल प्रभाव की व्यापकता का परिचायक है। इस प्रकार, फॉलोअर्स की संख्या के आधार पर पेजों की प्रभावशीलता में विविधता स्पष्ट होती है, जो संभवतः उनके कंटेंट की गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं अनुयायी जुड़ाव पर निर्भर करती है।

2. श्रेणीवार फॉलोअर्स वितरण का विश्लेषण

श्रेणीगत विभाजन से पता चलता है कि “Community” श्रेणी के पेजों के पास कुल फॉलोअर्स का लगभग 59% हिस्सा है, जो स्थानीय सामाजिक एवं सामुदायिक मुद्दों पर केंद्रित पेजों की प्रभावशीलता को दर्शाता है। इसके पश्चात “Food” श्रेणी 148 हजार फॉलोअर्स के साथ दूसरी प्रमुख श्रेणी है, जो स्थानीय खान-पान संस्कृति एवं व्यवसायों के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करती है। अन्य श्रेणियां जैसे “Individual Influencer”, “Photography/Culture” एवं “Blog” अपेक्षाकृत कम फॉलोअर्स के साथ विशिष्ट दर्शक वर्ग को आकर्षित करती हैं। यह विविधता कोटा के डिजिटल इकोसिस्टम की बहुआयामी प्रकृति को परिलक्षित करती है।

3. परिकल्पनाओं का परीक्षण

परिकल्पना 1: कोटा के इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स के फॉलोअर्स संख्या के अनुसार उनका सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव समानुपाती होगा।

प्राप्त डेटा इस परिकल्पना का समर्थन करता है, क्योंकि अधिक फॉलोअर्स वाले पेजों का प्रभाव क्षेत्र व्यापक प्रतीत होता है।

परिकल्पना 2: जिन इंस्टाग्राम पेजों के फॉलोअर्स अधिक हैं, वे स्थानीय युवाओं एवं व्यवसायों पर अधिक प्रभावशाली होंगे।

स्थानीय दर्शकों की उच्च प्रतिशतता इस परिकल्पना को पुष्ट करती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ये पेज स्थानीय समुदाय एवं व्यवसायों तक प्रभावी रूप से पहुँचते हैं।

शोध की सीमाएं (Limitations)

डेटा का सीमित दायरा: अध्ययन केवल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंस्टाग्राम पेजों के फॉलोअर्स संख्या और श्रेणी तक सीमित है; अनुयायी व्यवहार, जुड़ाव की गुणवत्ता एवं कंटेंट प्रभावशीलता का समावेश नहीं है।

गुणात्मक विश्लेषण का अभाव: प्रत्यक्ष साक्षात्कार या सर्वेक्षण न होने के कारण सामाजिक या मनोवैज्ञानिक पहलुओं का गहन अध्ययन नहीं किया गया।

समयबद्धता: सोशल मीडिया पेजों के फॉलोअर्स संख्या और प्रभाव समय के साथ परिवर्तित होते रहते हैं; वर्तमान अध्ययन एक निश्चित अवधि के डेटा पर आधारित है।

अन्य प्लेटफॉर्म्स का अभाव: केवल इंस्टाग्राम का अध्ययन किया गया है, जबकि अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि पर भी प्रभाव हो सकता है।

फॉलोअर्स की गुणवत्ता: फॉलोअर्स की संख्या मात्रात्मक संकेतक है, किन्तु उनकी सक्रियता, विश्वसनीयता एवं वास्तविक जुड़ाव को मापना इस अध्ययन में सम्मिलित नहीं है।

निष्कर्ष (Conclusion)

कोटा के इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स ने स्थानीय सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि उच्च फॉलोअर संख्या वाले पेज न केवल स्थानीय युवाओं और व्यवसायों तक प्रभावी पहुंच रखते हैं, बल्कि वे सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संवाद और आर्थिक गतिविधियों को भी सक्रिय रूप से प्रभावित करते हैं। विशेषकर सामुदायिक और खाद्य श्रेणियों के पेजों की व्यापक पहुंच ने स्थानीय समुदाय के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित किया है, जिससे सामाजिक समरसता और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स का प्रभाव अनुयायियों के आत्म-संवर्धन और सामाजिक पहचान की आवश्यकता को पूरा करता है। प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एरिक एरिक्सन के अनुसार, युवाओं में पहचान की खोज (Identity Formation) एक महत्वपूर्ण विकासात्मक चरण है, जिसमें वे अपने सामाजिक समूहों के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं। इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स इस प्रक्रिया में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं, जो अनुयायियों को समान रुचि और मूल्य साझा करने वाले समुदाय का हिस्सा बनाते हैं (Erikson, 1968)। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर प्रभावशाली व्यक्तियों की विश्वसनीयता और प्रामाणिकता अनुयायियों के निर्णय निर्माण और व्यवहार परिवर्तन में निर्णायक होती है। इस प्रकार, कोटा के इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर्स न केवल डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक और

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी युवाओं और समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं। भविष्य में, इनके प्रभाव की गहन समझ के लिए गुणात्मक अध्ययन और दीर्घकालिक विश्लेषण आवश्यक होगा, जिससे सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक पहचान के पहलुओं पर भी प्रकाश डाला जा सके।

सन्दर्भ (references)

1. *Rajshree Shekhawat. (2024). The Role of Instagram Influencers in Shaping Consumer Behavior: Exploring Buying Decisions, Brand Loyalty, and Consumer Preferences. European Economic Letters (EEL), 14(4), 470–476. Retrieved from https://eelet.org.uk/index.php/journal/article/view/2139 Vol. 14 No. 4 (2024)*
2. *Sheikh, S., & Jain, N. (2024). A study on impact of social media influencers: How trustworthy are social media influencers, and how can brands build genuine connections with their audience through influencer marketing. International Journal of Management and Commerce Innovations, 12(2), 178 181. https://www.sdmimd.ac.in/marketingconference2024/papers/IMC2459.pdf*
3. *Han, J., & Balabanis, G. (2023). Meta-analysis of social media influencer impact: Key antecedents and theoretical foundations. Psychology & Marketing, 40(12), 394–426. https://doi.org/10.1002/mar.21927*
4. *Angraini, N. (2023). Social media marketing influencer: Literature review on promotional strategies using the influence of social media celebrities. International Journal of Economic Research and Financial Accounting, 1(4). https://doi.org/10.55227/ijerfa.v1i4.42*
5. *Sahnoun, Y., Mourad, A., Ben, L., & Fan, X. (2023). Social media influence analysis techniques: Systematic literature review. CEUR Workshop Proceedings, 3067, 85-104. https://ceur-ws.org/Vol-3067/paper10.pdf*
6. *Erikson, E. H. (1968). Identity: Youth and crisis. W. W. Norton & Company.*

A Study on the Procedural Method of the Criminal Justice System: Special Emphasis on Bail Provision

Kumkum
Research scholar.
Department of Law, Shyam University,
Dausa, Rajasthan

Dr. Phool Chand Saini
Supervisor
Department of Law, Shyam
University, Dausa, Rajasthan

Abstract

The criminal justice system is a framework of legal institutions and procedures designed to manage crime, enforce laws, and ensure justice. Among the pivotal elements of this system is the concept of bail, which functions at the intersection of individual liberty and the interests of justice. This paper explores the procedural workings of the criminal justice system, focusing particularly on the role, rationale, and implications of bail provisions. Drawing from statutory frameworks, judicial precedents, and comparative legal systems, the research analyses how bail serves as a protective mechanism for accused persons while also confronting challenges related to misuse, inequity, and reform needs.

Key word: Bail, Judicial Process, liberty, **Criminal Justice System,** Fair Trial

1. Introduction

The criminal justice system is structured to uphold the rule of law, ensure public safety, and deliver justice. Procedurally, it operates through various stages: investigation, arrest, bail, trial, and sentencing. Bail, a critical aspect within this process, ensures the accused's liberty without impeding judicial processes. However, the application of bail provisions often raises concerns about access to justice, discretion, and uniformity. This paper investigates the procedural

mechanics of the criminal justice system, with special emphasis on bail—its legal basis, challenges, and need for reform.

2. Objectives of the Study

1. To understand the procedural framework of the criminal justice system.
2. To analyze the legal provisions governing bail.
3. To examine judicial interpretations and their impact on bail practices.
4. To explore socio-legal challenges in bail jurisprudence.
5. To suggest reforms for a more equitable bail system.

3. Methodology

This research employs a doctrinal legal methodology, relying on statutes, judicial decisions, legal commentaries, and academic articles. Comparative analysis is also incorporated, using examples from jurisdictions such as the United States, the United Kingdom, and India to highlight differences and similarities in bail procedures.

5. The Procedural Method of the Criminal Justice System

4.1 Stages of Criminal Procedure

The criminal process broadly includes:

- **Investigation**: Conducted by police after receiving information about a cognizable offence.
- **Filing of FIR**: First Information Report is registered under Section 154 of the CrPC (Code of Criminal Procedure, 1973, India).
- **Arrest**: Upon reasonable suspicion, the police may arrest the accused (Sections 41–60A CrPC).
- **Bail Hearing**: The accused can seek release pending investigation or trial.
- **Charge Sheet Filing**: Police file a report under Section 173 CrPC.
- **Trial**: Includes framing of charges, examination of witnesses, and arguments.
- **Judgment and Sentencing**: Based on facts and applicable law.

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

- **Appeal**: Right to appeal lies with the aggrieved party.

4.2 Principles Governing Criminal Procedure

4.2.1. Presumption of Innocence

The principle of *presumption of innocence* means that an individual accused of a crime is considered innocent until proven guilty beyond a reasonable doubt in a court of law.

Legal Basis:

- Enshrined in Article 11(1) of the Universal Declaration of Human Rights.
- Reflected in Article 14(2) of the International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR).
- Implicit in Article 21 of the Indian Constitution (Right to Life and Personal Liberty).

Significance:

- The burden of proof lies on the prosecution.
- The accused does not have to prove their innocence.
- Courts must give the benefit of doubt to the accused in cases of uncertainty.

Example:

If a person is arrested for theft, they cannot be treated or portrayed as a criminal unless and until the prosecution provides sufficient evidence in court that proves guilt.

4.2.2 Fair Trial

A *fair trial* means a judicial proceeding that is conducted impartially, competently, and without bias, ensuring that all parties have an equal opportunity to present their case.

Components of a Fair Trial:

- Right to be heard (audi alteram partem).
- Right to legal representation.
- Right to a public trial.

- Right to a competent, independent, and impartial tribunal.
- Right to examine witnesses and present evidence.

Legal Basis:

- Article 21 of the Indian Constitution.
- Article 14 and 20 (protection in respect of conviction for offences).
- Internationally in Article 6 of the European Convention on Human Rights.

Significance:

- Prevents arbitrary or biased proceedings.
- Ensures justice is not only done but seen to be done.
- Upholds public confidence in the legal system.

Example:

If an accused is denied access to legal aid or is not given sufficient time to prepare their defense, it amounts to a denial of a fair trial.

4.2.3. Due Process

Due process is a legal requirement that the state must respect all the legal rights owed to a person. It ensures laws are applied fairly and justly.

Types:

- Substantive Due Process: Ensures the law itself is fair and not arbitrary.
- Procedural Due Process: Ensures fair and proper procedures are followed before depriving a person of life, liberty, or property.

Legal Basis:

- Recognized under Article 21 of the Indian Constitution (interpreted expansively by the Supreme Court).
- Fundamental to the Fifth and Fourteenth Amendments of the U.S. Constitution.

Significance:

- Protects individuals against abuse of power by the state.
- Ensures transparency and accountability in legal procedures.

Example:

A person cannot be imprisoned without a legal trial, and if a law authorizing such detention exists without procedural safeguards, it violates due process.

4.2.4. Proportionality in Sentencing

The principle of *proportionality* means that the punishment for a crime should be commensurate with the severity of the offence committed.

Legal Basis:

- A part of the doctrine of fairness under Article 14 and 21 of the Indian Constitution.
- Internationally recognized in human rights law and jurisprudence of various constitutional courts.

Significance:

- Prevents excessive or cruel punishment.
- Maintains public confidence in the justice system.
- Encourages rehabilitation and prevents retributive excess.

Judicial Pronouncements:

- In Bachan Singh v. State of Punjab (1980), the Supreme Court of India held that the death penalty should be imposed only in the "rarest of rare" cases, thus emphasizing proportionality.

Example:

A life sentence for a petty theft would be grossly disproportionate and hence unconstitutional under this principle.

5. Bail: Legal Provisions and Jurisprudence

Bail is a critical aspect of criminal procedure, safeguarding the accused's right to liberty while ensuring their presence during investigation and trial. The concept and procedure of bail have traditionally been governed by the **Code of Criminal Procedure, 1973 (CrPC)**. However, with the introduction of the **Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (BNSS)**—part of India's overhaul of colonial-

era criminal laws—bail procedures have undergone both structural and procedural changes.

This section compares the **old (CrPC)** and **new (BNSS)** frameworks of bail, highlighting continuities, reforms, and evolving jurisprudence.

5.1 Bail Under the Code of Criminal Procedure, 1973 (Old Law)

1. Classification of Offences

Under the CrPC, offences were classified into:

- **Bailable offences**: Bail is a matter of right (Section 436).
- **Non-bailable offences**: Bail is discretionary (Section 437, 439).

2. Types of Bail

1. **Regular Bail** – Sections 436, 437 (Magistrate); Section 439 (High Court/Sessions).
2. **Anticipatory Bail** – Section 438 (for protection before arrest).
3. **Interim Bail** – Temporary relief until a final decision on bail.

3. Guiding Principles (Jurisprudence)

- *Bail is the rule, jail is the exception*: **State of Rajasthan v. Balchand (1977)**.
- *Personal liberty prioritized unless compelling reasons exist*: **Sanjay Chandra v. CBI (2011)**.
- *Anticipatory bail is a constitutional protection against abuse of power*: **Gurbaksh Singh Sibbia v. State of Punjab (1980)**.

5.2. Bail Under the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (New Law)

1. Codification and Restructuring

BNSS retains the basic structure of bail law but renumbers and refines several provisions:

- **Section 480 of BNSS**: Corresponds to Section 436 (bailable offences).
- **Section 481**: Corresponds to Section 437 (non-bailable offences by Magistrate).

- **Section 482**: Corresponds to Section 438 (anticipatory bail).
- **Section 483**: Corresponds to Section 439 (High Court and Sessions Court bail powers).

2. New Provisions and Reforms

- **Digitization and Transparency**: Emphasis on e-filing and digital tracking of bail applications to reduce procedural delays.
- **Presumption in Favour of Bail for Minor Offences**: For offences punishable with up to 3 years, there is a more liberal approach towards granting bail.
- **Timeline for Filing Bail Orders**: BNSS encourages time-bound decisions on bail, especially in cases of women, children, or elderly accused.
- **Increased Use of Technology**: Provisions allow for virtual bail hearings, improving accessibility.

5.3. Key Differences Between CrPC and BNSS on Bail

Aspect	CrPC (1973)	BNSS (2023)
Section Numbers	436–439	480–483
Terminology	British-era vocabulary	Indianized legal language
Anticipatory Bail	Section 438	Section 482
Procedural Clarity	Often ambiguous	More structured and detailed
Use of Technology	Limited	Emphasis on digital and virtual procedures
Presumptive Bail for Petty Offences	No clear provision	Liberalized for offences < 3 years
Victim Participation	Indirect	Clearer rights for victims in bail hearings

The transition from CrPC to BNSS represents a significant legislative update in India's criminal justice landscape. While bail continues to function as a safeguard of personal liberty, the new law introduces refinements aimed at improving accessibility, transparency, and procedural efficiency. However, meaningful change depends not just on statutory reform but on consistent judicial interpretation, proper infrastructure, and enforcement at the grassroots.

6. Judicial Trends

The study concludes that digital payment systems have significantly transformed MSME operations in Nagpur, offering efficiency and financial transparency. However, challenges such as infrastructure limitations, security concerns, and customer reluctance need to be addressed.

Recommendations

- **Enhancing Digital Literacy:** Training programs for MSME owners to improve their understanding of digital transactions.
- **Infrastructure Development:** Strengthening internet connectivity and payment gateways in urban and semi-urban areas.
- **Government Incentives:** Offering tax benefits or reduced transaction fees for MSMEs using digital payments.
- **Security Measures:** Implementing stronger cybersecurity protocols to prevent fraud.

References

1. *Government reports on MSME digitalization.*
2. *RBI and financial institution reports on digital payments.*
3. *Research papers and case studies on cashless transactions in India.*
4. *Cueto, L. J., Frisnedi, A. F. D., Collera, R. B., Batac, K. I. T., &Agaton, C. B. (2022). Digital Innovations in MSMEs during economic disruptions: Experiences and challenges of young entrepreneurs. Administrative Sciences, 12(1), 8-17.*

5. *https://www.financialexpress.com/industry/sme/msme-fin-as-govt-pushes-for-digital-payments-heres-how-active-msme-ministry-is-in-transacting-digitally/2440752/*
6. *Teoh, W. M. Y., Chong, S. C., Lin, B., & Chua, J. W. (2013). Factors affecting consumers’ perception of electronic payment: an empirical analysis. Internet Research, 23(4), 465-485. doi:10.1108/IntR-09-2012-0199*

Smart Phone Agriculture Apps: The Future of Indian Farming

Prof Shirish M. Sutar
Assistant Professor
Shrikrishndas Jajoo Gramin Seva
Mahavidyalaya, Pipri-Wardha

Abstract:
Agriculture is crucial for India, it supports nearly 45% of the population and is the backbone of the economy. Now, Smart Phone apps designed for farming are bringing big changes. These apps are helping farmers work smarter, learn better, sell their crops easily, and earn more. This article explores how these apps have grown, their impact on farming, the challenges they face, and what the future holds-using real examples, government initiatives, and global best practices. Farming in India has many struggles-small landholdings, dependence on rain, and limited access to expert advice, modern markets, and tools to improve yields. But as more rural Indians get Smart Phone and internet, digital farming solutions are emerging. By 2024, big amount of small farmers owned a mobile phone, and some are using farming apps. These apps help farmers in many ways, Real-time weather updates, Expert farming advices, Soil health checks, Crop disease and pest diagnosis, Market prices and online selling, Loans, insurance, and financial services. Popular apps include MahaVistar Ai, MP Kisan, BharatAgri, AgriApp, Crop Doctor, mKisan, e-NAM, and AgriMarket. By providing quick information and easy access to services, these apps help even less-educated or marginalized farmers. The government is playing a big role in this change. Programs like the

Digital Agriculture Mission (2024) and the India Digital Agriculture Council are building digital tools for farmers, including big farm databases (AgriStack) and real-time information systems. But challenges remain, Not all farmers have Smart Phones or internet, Many lack digital skills or can't afford technology,

Introduction

Agriculture is the heart of India’s economy, providing jobs for nearly half the population however, farmers face big challenges such as, low yields, wasted resources, meager supply chains, and weather risks. Small farmers struggle the most, they often can’t get good advice, loans, quality seeds, or fair prices for their crops.

But Smart Phones are changing the game. By 2022, rural India had over 400 million mobile users, and farming apps are now giving farmers instant advice, market links, and weather updates, breaking distance and social barriers.

We focus on:

- What farming apps exist
- How these apps help farmers
- Challenges face while using these apps
- The future of digital farming in India

Smartphone Agriculture Apps and Indian Farming

Types of Farming Apps

- **Advisory Apps**: Provide crop tips, disease alerts, weather forecasts, and best farming practices.
- **Market Apps:** Show live prices; connect farmers to buyers (e.g., e-NAM, AgriMarket).
- **E-commerce Apps**: Let farmers buy seeds, fertilizers, and equipment online at fair prices.

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

- **Service Apps**: Help farmers get loans, insurance, and government schemes easily.

Indian Smartphone Agriculture Apps and their Key Features

App Name	Key Features	Language Support
AGMARKNET	Govt. portal for agricultural marketing connects markets and state boards.	Multilingual
Meghdoot	Weather forecasts, agro-advisories by IMD/IITM/ICAR.	Multilingual
PMFBY (Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana)	Crop insurance scheme, integrates stakeholders.	Hindi, English, regional
e-NAM	Pan-India electronic trading for agricultural commodities.	Multilingual
Kisanbandi	Direct farmer-to-consumer e-marketplace, price setting by farmers.	Multilingual
e-Sahamathi (Karnataka)	Connects farmers with retailers (e.g., Big Basket, Reliance Fresh).	Kannada, English, Hindi
Arka Bagwani (ICAR-IIHR)	Horticulture technologies, research updates.	English, Kannada, Hindi

App Name	Key Features	Language Support
Mango Cultivation (II HR)	Guides on mango farming, pest/disease management.	English + regional
Papaya Cultivation (II HR)	Crop production, disease/pest management for papaya.	English + regional
Bele Darshak Karnataka	Tracks crop sowing, irrigation data for Karnataka farms.	Kannada, English
Krishi Yantradhaare Driver (Karnataka)	Custom Hire Service Centre (CHSC) for farm machinery rentals.	Multi-language
BHOOMI_MRTC (Karnataka)	Land records (RTC), property details.	Kannada, English
Cashew India	Comprehensive cashew farming guide, e-marketplace, expert chat.	11 languages Multilingual
Farm Calculators	Calculates seed/fertilizer/pesticide quantities for precision farming.	Multilingual
Crop Doctor	Diagnoses crop diseases/nutrient deficiencies, provides solutions.	English, Hindi
Soil Test Methods	Guides on soil testing procedures for nutrient management.	Multilingual

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

App Name	Key Features	Language Support
Kisan Suvidha	Live APMC auctions, price trends, SES records for farmers/brokers.	Hindi + regional
Pashu Poshan (NDD B)	Dairy farming best practices.	Multilingual
Kayaka Mitra	MGNREGA job applications for farmers/laborers.	Multilingual
Krushik	KVK Baramati & Microsoft AI-driven crop monitoring, irrigation alerts, pest predictions	English, Marathi
Digital Sheti Shala	AI chatbot, farming tutorials, crop advisories Integrated with MahaVISTAAR ai	English, Marathi
Kisan e-Mitra	AI chatbot for PM-KISAN scheme queries	Multilingual

Key Features

1. AI & Weather Advisory

- Real-time weather alerts.
- AI-driven pest/disease predictions.
- Crop-specific irrigation advice.

2. **Government Schemes**
   - Subsidy applications (e.g., solar pumps, seeds).
   - Fraud prevention in seed distribution.

3. **Market Linkages**
   - Daily APMC prices.
   - Direct buyer-seller connections.

4. **Precision Farming**
   - Satellite-based field monitoring.
   - Pest surveillance for cotton/sugarcane.

Prominent uses across these Apps

- **Real-time weather & mandi price updates** to help optimize selling and sowing decisions.
- **Crop and pest diagnostics**: Snap a photo and receive instant disease/pest identification, with treatment advice.
- **Expert advisories:** Direct connect to agri. experts and interactive Q&A for personalized farming solutions.
- **Output tracking & e-marketplace:** Buy genuine agri. inputs, sell produce, and track orders.
- **Government scheme integration:** Track subsidies, receive scheme notifications, and use calculators for insurance and benefits.
- **Multilingual support & simple User Interface:** Most apps offer information in multiple Indian languages and are designed for easy rural adoption.
- **Precision agriculture:** Some platforms employ satellite/GPS tools and AI for personalized crop recommendations.

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

These apps have become crucial digital tools for Indian farmers, helping them increase productivity, minimize losses, access verified agri.-inputs, and participate in transparent market

Popular Indian farming apps: MAHA VISTAR ai, MP Kisan, BharatAgri, AgriApp, Crop Doctor, Kisan Suvidha, eNAM, mKisan, Agrisetu, Rythu, CropIn SmartFarm.

How These Apps Help Farmers

- **Better Knowledge -** Apps fill gaps left by traditional advice systems. Farmers get personalized tips based on their location and crops, often in local languages with videos.
- **Higher Productivity-** Farmers make smarter choices on planting, fertilizing, and water use.
- **Fairer Prices & Market Access-** Apps like e-NAM connect 1,400+ markets, cutting out middlemen. Online selling helps farmers earn more.
- **Easy Loans & Insurance-** Farmers can apply for financial help with less paperwork.

Benefits:

- Crop yields increase
- Lower costs and reduced waste
- Better prices and improvement in selling yield
- Easier access to loans and insurance.

The government is playing a big role in this change. Programs like the Digital Agriculture Mission (2024) and the India Digital Agriculture Council are building digital tools for farmers, including big farm databases (AgriStack) and real-time information systems. But challenges remains, not all farmers have Smart Phones or internet, many lack digital skills or can't afford technology, Women and disadvantaged groups may face cultural barriers,

Farmers' data privacy and app compatibility need attention. For long-term success, strong partnerships are needed between app developers, farming experts, financial services, and the government. The future of Indian farming is smart, connected, and data-driven. To make the most of these apps, India must invest in better internet, farmer training, user-friendly app designs, and supportive policies.

Challenges

- Digital gap - Many farmers lack Smart Phones, internet, or digital skills—especially women and marginalized groups.
- Sustainability - Some apps rely on free services rather than long-term business models.
- Data Privacy - Strong policies are needed.
- Training & Policies - Farmers need better training, and apps need clear rules to work smoothly.

Smart Phone farming apps are transforming Indian agriculture-making it smarter, more profitable, and inclusive. With more farmers using Smart Phones, better training, and strong policies, farming is shifting from old methods to data-driven, tech-powered solutions. But challenges like internet access, digital literacy, and data security must be fixed. Success depends on teamwork between the government, tech companies, banks, and farmers.

***The future of Indian farming is here-powered by Smart Phones apps that turn technology into real benefits for millions*.**

Reference Books:

1. ***Varshney, M.*** *(2025). Agricultural Engineers and Indian Agriculture. Indian Council of Agricultural Research.*
2. ***Momin, S., & Dwivedi, S. K.*** *(2024). Farmer Producer Organizations (FPOs): A Scheme for Transforming the Agricultural Sector of India. APJMT Publications.*

3. ***Manage.****gov.in, https://www.manage.gov.in/fpoacademy/portalsapps.asp*
4. ***Bais, P., & Bahadur, P. S.*** *(2023). Agriculture in Indian Economy and Contribution of Science and Technology. Asian Journal of Applied Science and Technology.*
5. ***Parihar, S.*** *(2023). Commercialization of Indian Agriculture: The Role of Technology. Journal of Scientific and Engineering Research.*
6. ***Upendra, R. S., Umesh, I. M., Varma, R. B. R., & Basavaprasad, B.*** *(2020). Technology in Indian Agriculture: A Review. Indonesian Journal of Electrical Engineering and Computer Science.*
7. ***Hamisu, K., Auwalu, S. Y., Lawan, A. I., Mohammed, H. S., & Sriker, G. R.*** *(2024). The Use of Technology by Women in Agriculture Including Mobile Apps, Precision Farming, and Agritech. IGI Global. 13*
8. ***Rai, P.*** *(2013). The Indian State and the Micropolitics of Food Entitlements. Ohio University Press. 14*
9. ***Government of India.*** *(2024). Digital Agriculture Mission: Policy Framework for Smart Farming. Ministry of Agriculture & Farmers Welfare.*
10. ***Indian Council of Agricultural Research (ICAR).*** *(2024). AgriStack: Digital Infrastructure for Indian Farmers. ICAR Publications.*
11. ***National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD).*** *(2023). Fintech and Agri-Lending: Digital Solutions for Indian Farmers. NABARD Research.*

"स्त्री के बिना अधूरा समाज और शौषण की विडंबना"

श्रुतिकीर्ति शुक्ला
शोध-छात्र
हिन्दी साहित्य विभागए अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय रीवा (म.प्र.).

शीर्षक - स्त्री की वेदना

यह "स्त्री की वेदना'' की कहानी स्वलिखित है। परन्तु इस कहानी का प्रेरणा स्त्रोत मनोविश्लेशण वाद के अनुयायी जेनेन्द्र कुमार के दर्जन भर उपन्यास हैं। जिन उपन्यासों में कहीं न कहीं उनके सभी उपन्यासों में 'स्त्री की वेदना' की गूंज सुनाई दे रही है। विवशता है, लाचारी है, तो कहीं इस पुरूष वादी क्रूर समाज में स्वतंत्र होने की भीख मांगती दिखाई दे रही है।

अगर जैनेन्द्र जी की 'मृणाल' समाज में पति से प्रताणित होकर वैश्या बनने पर मजबूर होती है तो वहीं 'कल्याणी' असरानी की गुलामी की जंजीर को कभी तोड़ हीं नहीं पाती 'असरानी' बीच चौराहे में पूरी भीड़ के सामने 'कल्याणी' को पीटता है और कल्याणी की मेहनत की तनख्वाह खुद उठाकर उसे विवस कर देता है और एक दम अपने गुलाम रहने के लिए उसे लाचार कर देता है जैनेन्द्र जी ने इस समस्या को गंभीर रूप से चित्रित किया है।

डॉ. एन टी गामीत के अनुसार ''कल्याणी के कमाये हुए पैसे पर भी उसका अधिकार नहीं है।''

असरानी समझता है कल्याणी जो भी है मतलब पत्नी, डाक्टर स्त्री यह सब उसकी मेहरबानी से है। उसने उससे शादी की है मांने उस पर मालकियत प्राप्त की है। भारतीय स्त्री की पराधीनता की इससे और कठिन समस्या क्या हो सकती है।

जैनेन्द्र जी के अनुसार डॉ. असरानी कहता है। ''सब कुछ मेरी बदौलत तुम यहां रहती हो मेरे अधीन तुम्हारा जीवन है।'' जैनेन्द्र जी के इन उप के पात्र मृणाल, कल्याणी, बसुन्धरा के जीवन से ओत्र-प्रोत ये यह एक 'स्त्री की वेदना कहानी शुरूआत होती है जिसके पात्र सुनीता और प्रशान्त हैं।

डॉ. एन. टी. गामीत - जैनेन्द्र के उपन्यासों में सामाजिक समस्याएं
- जैनेन्द्र और कल्याणी

ISSN :3049-334X
वर्ष 02 - अंक 2 मई – अगस्त 2025

शीर्षक- स्त्री की वेदना-

तुम यहां आओगी तो बीच चौराहे में पेट्रोड डाल कर जला दूंगा। ये शब्द किसी और के नहीं बल्कि उसके पति के ही थे। और जिस वक्त वह उसे बोल रहा था उस वक्त सुनीता जिंदगी और मौत के बीच झूल रही थी वह अस्पताल में भर्ती थी क्योंकि वह अपने पेट में पल रहे बच्चे को खोई थी वो भी उसी पति प्रशांत के कहने पर क्योंकि प्रशांत उस बच्चे से खुश नहीं था वह नहीं चाहता था कि हमें कोई बच्चा हो। इसलिए जिस दिन से उसे मालुम हुआ था। कि उसकी पत्नी सुनीता मॉ बनने वाली है। उसी दिन से बच्चे के न रहने को इस दुनिया में न आने देने की जिद करने लगा। उस बच्चे को चार महीने का होते-होत सुनीता को क्या कुछ नहीं झेलना पड़ा था और वह कारण ढूढ रहीं थी अपने ऊपर हो रहे शोषण का उसे लग रहा था कि मेरे पति किसी बात से नाराज है बस उसी नाराजगी में वो ये सब कर रहे हैं वह सारा दिन पति के नाराजगी का कारण खोजने के दिमाग में जोर डालती थी पर उसे कहीं भी अपनी ऐसी कोई गलती समझ में नहीं आ रही थी।

एक दिन सुनीता प्रसांत से पूंछ ही बैठी कि आप मेरे से क्यों नाराज हैं। मुझे तो कोई गलती याद नहीं आ रही आप ही बता दीजिये कि मै कब, कहॉ और क्या गलती कर दी है। तब प्रशांत जेब से एक दवा का पैकेट निकालते हुए कहने लगा कि मेरी नाराजगी का कारण तुम और तुम्हारा ये मनहूस बच्चा है। जिस दिन तुम इसे खत्म कर दोगी मै खुश हो जाउंगा पति के यह शब्द सुनते ही सुनीता के ऑखों के सामने अंधेरा सा छा गया वह फूट-फूट कर रोने लगी उसी निर्दयी पति के सामने गिड़गिड़ाने लगी कि ऐसा मत ये तो मेरा सपना था इसे लेकर इन चार महीनों में कितने अरमान सजा डाली अभी से इसे अपनी जिंदगी का सहारा समझने लगी घी अखिर इस बच्चे की क्या गलती है आप इसे क्यों मारना चाहते हो। वह अपने पति के पैर पकड़कर यह सवाल कर-कर के रो रही थी और वह हैवान उसे दूर फेंक कर झिड़क कर यह बोलते हुए चला गया कि मेरे सामने ये सब नाटक करने की जरूरत नही है जितना बोल रहा हूं उतना सुनो तुम्हें इस बच्चे को खत्म करना ही होगा जिस दिन तुम इसे खत्म कर दोगी। उसीदिन मै खुश हो जाउंगा। और दोराबा से मै तुम्हें स्वीकार कर लूंगा आखिर कार सुनीता क्या करती अगर वह अकेले बच्चे को पैदा कर भी लेती तो उसे जालिम दुनिया में एक अबला को अकेले पालना बहुत मुश्किल था वह कहॉ जाती सुनीता इन सब हालातों के डर से आखिर दबा खा ही लेती है और वह बहुत बीमार हो जाती है।

जब वह बीमार पड़ जाती है तब प्रशांत सुनीता को उसके मायके भेज देता है। मायके वाले किसी तरह उस की दवा करवाते है मायके वालो के बहुत बुलवाने पर जाता है और इलाहाबाद शहर की सबसे मंहगी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराके बहाने कर के खुद गॉव भाग जाता है मायके वाले गरीबी को बेहाली से परेशान उसके बाद उस प्राइवेट अस्पताल का बिल का भुगतान उस बूढ़े पिता के उपर जो

कभी ऐसी अस्पताल देखा तब न हो फिर किसी तरह सुनीता ठीक हो जाती वह सभी बातों से अन्जान नादान सोचने लगी। प्रशांत तो इस बच्चे के कारण नाराज थे अब तो बच्चा नहीं रहा अब तो प्रशांत की नाराजगी दूर हो गई होगी। कोई बात नहीं प्रशांत खुश रहेगा तो दूसरा बच्चा कर लेंगे रही होगी कोई बात शायद इतने जल्दी नहीं चाहते रहे होंगे अभी विवाह का पहला वर्ष था। कोई बात नहीं मै बाद तें कारण पूंछ लूंगी और वह पअने मन को समझाकर बड़े खुशी से फोन की आकर मुझे घर ले चले।

हेलो प्रशांत अब तो आपकी जिद मैने पूरी कर दी अब वह बच्चा नहीं रहा अब आप खुश हो ना मुझे कल अस्पताल से छुट्टी मिल रही है आप आ जाओ आकर मुझे ले चलो मै बहुत तकलीफ मे हूं मुझे आपके प्यार और सहारे की जरूरत है। तब फोन पर ऐसा जबाव आया कि सुनीता के पैरों तले जमीन ही खिसक गई। फोन काट बेवकूफ औरत दुबारा मेरे पास फोन करने की जुर्रत मत करना अगर मुझे तुम्हें अपने पास रखना ही होता तो मूर्ख मै उस बच्चे को क्यों मारता हा हा हा तू तो पढ़ लिख कर मूर्ख है तू मेरा प्लान समझ ही नहीं पाई मै तो अपने विवाह का सबूत मिटाने के लिए बच्चे को दुनिया में नहीं आने दिया। तुम्हें याद नहीं कि मैने तेरे साथ विवाह होने के सारे वीडियो-फोटो तक जला दिये सबूत मिटाने के लिए ही तो जलाया था। अब तुमसे मेरा कोई वास्ता नहीं मुझे तलाक चाहिए।

स्त्री की वेदना कहानी का यह भाग चित्रित करते समय जैनेन्द्र जी के अनाम स्वामी उपन्यास के कुमार साहब और रानी वसुधरा का चित्र उभर कर सामने आ जाता है कुमार साहब एक जमीदार हैं दुनिया उन्हें राजा साहब कहती है। दुनिया उन्हें राजा साहब कहती है वसुन्धरा उसकी पत्नी है। जो भी है है तो रानी साहिबा परन्तु एक दिन कुमार साहब ऐसा रौद्र रूप धारण करते हैं और वसुन्धरा को हुक्म देते है डॉ. एन.टी गामित के अनुसार ’’ मेरे यहां से इसी वक्त निकल जाओ’’ मै देखती रही और उनके मुख से गंदी -गंदी गालियां सुनती रही .... रात इन्ही कपड़ों मे निकल गई, बिना टिकट, तीसरे दर्जे में बैढ कर मांगती तांगती यहां चली आई’’

मतलब पुरूष के हांथो स्त्री एक कठपुतली है जो उसे जैसा चाहे नचा सकता है। स्त्री उसके लिए माने वह गुड़िया है, जिसके साथ कामक्रीड़ा की मन बहलाया जब जी भरा तो फिर तोड़ मरोड़ दिया इस उपन्यास में एक ख्याति प्राप्त उपाध्याय जी विद्यान है। समाज में उन्हों ने खूब नाम कमाया है वसुन्धरा से उनका प्रेम होता है परन्तु कुमार साहब से वसुन्धरा की शादी हो गई थी। जब कुमार वसुन्धरा को घर से निकाल देता है तब वह आश्रम की ओट लेती है। उपाध्याय उसे इलाहाबाद ले जाना चाहता है। लेकिन उससे पहले उसे एक होटल में लेकर ठहरता है और उसी रात जहर की सुई देकर मौत के घाट उतार देता है ’’अनाम स्वामी से कहता है जहर की सुई देकर मैने मारा है मेरा विवाह हुआ था’’ पढ़ा लिखा समाज में प्रतिष्ठित रानी शंकर उपाध्याय एक नहीं दो-दो स्त्रियों को जहर की सुई देकर हत्या करता है। स्त्री मानो कुछ है ही नहीं जब जी किया मसल दिया। बसुधरा कितनी विकल, निर्बल, असहाय स्त्री है जिसे एक

पुरूष जो उसका पति है कोई भी कारण न होते हुए भी घर से निकाल देता है और दूसरा पुरूष जो विवाह पूर्व प्रेमी है उसकी निर्मम हत्या ही कर देता है। पुरूषों के हांथो भारतीय स्त्री बराबर छली जाती रही। पुरूष की पूरी श्रद्धा व भक्ति से वह सेवा करती रहे फिर भी पुरूष का प्रेम व अपना अधिकार वह प्राप्त नहीं कर पाई।

स्त्री की वेदना कहानी में भी सुनीता का पति प्रशान्त बार-बार जान से मारने की धमकी देता है उसे अपशब्दों से जलील करता है स्त्री उसके लिए पैर की जूती के बराबर है। वह स्वयं कहता है स्त्री मेरे लिए पैर की जूती है जब आवश्यकता पडे पहल लो और जब आवश्यकता खत्म हो जाय उतार कर बाहर फेंक दो कल्याणी की तरह सुनीता भी पति के प्रेम में बंधी हुई अपने पति प्रशांत का विरोध नहीं कर पाती उसे विवाह के पूर्व प्रेम की याद दिलाती हुई कहती है।

सुनीता के कुछ समझ में नहीं आ रहा था वह पागल सी हो रही थी नहीं आप ऐसा मेरे साथ नहीं कर सकते आप तो मुझे पसंद करके शादी किये थे न ये मजाक करने का वक्त नहीं है आप तो केवल गुस्सा थे न आप तो मेरे बिन रह नहीं सकते आप मुझे बहुत प्यार करते हो न आपको याद है शादी के पहले 2-2 घंटे बात किया करते थे आपका परिवार मुझे बहुत पसंद करता है। बहुत प्यार करता है बड़े मजाकिया हो ऐसी नाजुक हालातों में ऐसा मजाक नहीं किया करते। आपको पता है न कि मै आपसे कितना प्यार करती हूं मुझे आपकी दूरी कतई बर्दाश्त नहीं है। वैसे ही अभी गंभीर हालत से गुजरी हूं अभी मुझे कुछ हो जाता तो एक काम करो आप मत आओ मै गाड़ी बुक करके आ जाऊॅगी वो सब सुनता रहा और अंत में बोला बेवकूफ मै कोई मजाक नहीं कर रहा मै भी देखता हूं तुम कैसे आती हो मै तुम यहां आओगी तो मै बीच चौराहे में खड़ी करके पेट्रोल डाल कर जिंदा जला दूंगा।

फिर भी सुनीता प्रशांत की धमकियों से नहीं डरी वह माता-पिता को लाख मना करने पर भी सीधे अस्पताल से ही गाड़ी बुक कर जा धमकी वही जल्लाद प्रशांत के घर वहां प्रशांत उसे तरह-तरह की यातनाये देने लगा वह असहाय अबला अकेले कहां तक लड़ती वहां जो भी थे सब प्रशांत के ही रिस्तेदार प्रशांत के ही पक्षधर थे सुनीता का वहां दूर-दूर तक कोई रिश्तेदार नहीं था जिससे सुनीता मदत ले सके। वह मौत को गले लगाये हुए अकेले ही लड़े जा रही थी। उसके पति से कोई बात तक नहीं करने दे रहा था और न ही प्रशांत बात करने को तैयार था घर वालों को भी सुनीता की मदद करने को बात करने को मना कर दिया था सीधे धमकी भरे स्वर में कि जो कोई उसकी मदत करेगा तो मेरा मरा हुआ मुह देखेगा।

वह बार-बार पती से सवाल करती रही गिड़गिड़ाती रही कि मेरी गलती क्या है। आखिर कार सुनीता एक दिन पता चल ही गया कि मेरी किस गलती से प्रशांत नाराज नहीं बल्कि यह सब उनकी

मंझली भाभी के कहने से ही हो रहा था। पहले वे वजह प्रशांत का मुझ पर नाराज होना फिर बच्चे को खत्म करना फिर प्रशांत द्वारा मारने की धमकी देना अंत तक तलाक की बात करना यह सब शादी के एक साल के अन्दर ही हो रहा था। अभी शादी का सालगिरह भी नही आया था उसी दिन उसे उस घटना का भी पता चलता है जब शादी की पहली रात को दूध में बेहाशी की दवा मिलायी गई थी वह कांण्ड भी मझली भाभी ने ही रचा था।

उस दिन सुनीता बिल्कुल थक चुकी थी हार चुकी थी उसकी ऑखों के सामने अंधेरा सा छा रहा था वह तिलमिना रही थी पर कुछ कर नहीं सकती थी क्योंकि वह अकेली थी उसकी मदद करने वाला वहां कोई भी नहीं था अंत में होना क्या था वही हुआ जो सदियो से अक्सर शोषित नारियों के साथ होता चला आया है।

यह स्वलिखित स्त्री वेदना की कहानी कहीं न कहीं जैनेन्द्र जी के त्याग पत्र के मृणाल पात्र की कहानी को दोहरा रही है बस मृणाल में और सुनीता में अन्तर इतना है। कि वह मर्यादा की डेहरी को लॉघ कर गंदी गलियों में जीवन यापन करती हुई दम तोड़ देती है और सुनीता मर्यादा को न तोड़ते हुये इस दुनिया को ही लॉघ जाती है। यह त्यागपत्र उपन्यास जैनेन्द्र जी की सामाजिक दृष्टि को चित्रित करती है 'मृणाल' समाज के क्रूर छाया के भीतर जीवन यापन करती हुई दम तोड़ देती है। समाज के क्रूर हॉथों में दया का कोई स्थान नहीं है वस्तुतः जैनेन्द्र जी ने समाज के तिरस्कृत तथा नितांत अवहेलनीय पक्षों को अपनी हार्दिकता के संस्पर्श से उभारने का प्रयास किया है 'मृणाल' अपनी व्यथा के अन्तर में छिपाये हुए प्रतिष्ठित समाज की दृष्टि से दूर चली जाती है। वह स्वयं टूट सकती है किन्तु समाज में स्वयं को लेकर क्रांति करना उसे स्वीकार नहीं है।

जैनेन्द्र- ''समाज को तोड़ना-फोड़ना नहीं चाहती हूॅ समाज टूटा कि फिर किसके भीतर भेजेंगे''

मृणाल अपने प्रेम को सार्थकता प्रदान करती है इसी 'मृणाल' की तरह सुनीता प्रेम की पीड़ा को लिये हुए ही वह अपने जीवन की इह लीला को समाप्त करती है।

डॉ. एन. टी. गामीत - जैनेन्द्र के उपन्यासों में सामाजिक समस्याएं
- जैनेन्द्र और कल्याणी
जैनेन्द्र- त्यागपत्र
जैनेन्द्र- अनाम स्वामी

संदर्भ ग्रंथ सूची

आधार ग्रंथ

1. जैनेन्द्र कुमार परख' 1929 ग्रंथ रत्नाकर, बम्बई।
2. जैनेन्द्र कुमार 'सुनीता' 1935 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
3. जैनेन्द्र कुमार त्यागपत्र' 1937 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
4. जैनेन्द्र कुमार कल्याणी' 1939 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
5. जैनेन्द्र कुमार विवर्त' 1953 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
6. जैनेन्द्र कुमार 'सुखदा' 1953 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
7. जैनेन्द्र कुमार 'व्यतीत' 1953 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
8. जैनेन्द्र कुमार 'जयवर्धन' 1956 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
9. जैनेन्द्र कुमार 'मुक्तिबोध' 1965 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
10. जैनेन्द्र कुमार 'अनन्तर' 1968 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
11. जैनेन्द्र कुमार 'अनामस्वामी' 1974 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
12. जैनेन्द्र कुमार 'दशार्क' 1985 पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।

सहायक ग्रथ

1. जैनेन्द्र कमार, "साहित का श्रेय और प्रेय" पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
2. डॉ. जगदीश पाण्डेय, "कहानीकार जैनेन्द्रः अभिज्ञान और उपलब्धि", पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
3. डॉ देवराज उपाध्याय, " जैनेन्द्र के उपन्यासों का मनोविज्ञान अध्ययन, पूर्वोदय प्रकाशन दिल्ली।
4. डॉ. नीरजा राजकुमार "समाज मनोविज्ञान के सन्दर्भ में जैनेन्द्र का कथा साहित्य" सूर्य प्रकाशन दिल्ली।
5. परमानन्द श्रीवास्तव, "जैनेन्द्र के उपन्यास" लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
6. डॉ. विमल सहस्त्र बुद्धे, "हिन्दी उपन्यासों में नारी का मनोविज्ञानकि विश्लेषण"।
7. डॉ. दिग्विजय कुमार शर्मा, "जैनेन्द्र के साहित्य में नारी"।
8. यादव मंजू "वर्तमान स्त्री का सच"।
9. डॉ. त्रिभुवन सिंह, "हिन्दी उपन्यास शिल्प और प्रयोग"।
10. डॉ. गजानन शर्मा, "प्राचीन साहित्य में नारी"।
11. डॉ. मधुरेश, "कहानीकार जैनेन्द्र कुमार पुनर्विचार" नई दिल्ली।

12. प्रभा खेतान, "स्त्री उपेक्षिता" नई दिल्ली वाणी प्रकाशन।
13. सिंह मीनाक्षी निशांत, "महिला सशक्तीकरण का सच" नई दिल्ली ओमेगा पब्लिकेशन।
14. डॉ. तिवारी कामिनी, "प्रभा खेतान के साहित्य में नारी विमर्श", कानपुर, विद्या प्रकाशन।
15. डॉ. गर्ग, "साठोतरी हिन्दी उपन्यासों में स्त्री" नई दिल्ली सार्थक प्रकाशन।
16. डॉ. ज्योति, "अमर हिन्दी उपन्यासकारों के उपन्यासों में नारीवादी दष्टि", कानपुर अन्नपूर्णा प्रकाशन।
17. डॉ. घोरपडे, छाया देवी, " नारी जीवन मूल्य" कानपुर विद्या प्रकाशन
18. डॉ. चिरंजीलाल पाराशर, "नारी और समाज" नेशनल पब्लिशर्स।
19. रामदरश मिश्र, "हिन्दी उपन्यासः एक अंतर्यात्रा" राजकमल प्रकाशन।
20. शशिगुप्त, "प्रेमचन्दोत्तर हिन्दी उपन्यासः नए नैतिक मूल्य" राधा पिब्लकेशन।
21. नार्मल एल. मन, "मनोविज्ञान" राजकमल प्रकाशन प्रा.लि. दिल्ली।
22. ममता शुक्ला, "मन्नू भंडारी के कथा साहित्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन" जवाहर पुस्तकालय, मथुरा।

शब्दकोश

1. श्रीनवल जी नालन्दाः हिन्दी विशाल शब्द सागर।
2. डॉ. रामस्वरूप रसिकेशः आदर्श हिंदी संस्कृत कोश।
3. डॉ. शिव प्रसाद शास्त्रीः मानक हिन्दी- हिन्दी कोश।
4. सूर्यकांत : संस्कृत-हिन्दी-इंग्लिश कोश।

पत्र-पत्रिकाएँ

1. साक्षात्कार, मार्च 2025
2. अक्षर पर्व, नवम्बर 2008
3. आजकल, मार्च 2008
4. हंस, मार्च 2012
5. शोधक, मई-अगस्त 2010
6. दैनिक जागरण, जून 2010
7. दैनिक भास्कर, सितम्बर 2019

हिमालय की गोद में: भारतीय ज्ञान परंपरा और यात्रा साहित्य का समन्वय

सोनिया बहुगुणा
शोध-छात्रा, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा-विभाग
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल(केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल उत्तराखंड

शोध सार-
यह शोध पत्र हिमालय की गोद में भारतीय ज्ञान परम्परा और यात्रा साहित्य का समन्वय का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। वेदों की सनातन धारा से प्रारंभ होकर आधुनिक वैचारिक चेतना तक प्रवाहित ज्ञान की परम्परा अपने भीतर धर्म, दर्शन, कला और विज्ञान को समाहित करते हुए मानव और प्रकृति के बीच संतुलन और आत्मिक उन्नति पर बल देती है। हिमालय न केवल भारतीय ज्ञान परम्परा का जीवंत प्रतीक है बल्कि वर्तमान समय में भी साहित्यिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय चेतना के संवाहक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शोध में हिमालय और प्रकृति, हिमालय और सभ्यता, दर्शन, आध्यात्म, संस्कृति आदि रूपों का अध्ययन किया गया है।

बीज शब्द- भारतीय ज्ञान परंपरा, हिमालय, यात्रा-साहित्य, आध्यात्म, प्रकृति, दर्शन, सांस्कृतिक चेतना।

प्रस्तावना
भारतीय ज्ञान परंपरा से आशय ज्ञान की उस समृद्ध परंपरा से है जिसने वेद, उपनिषद, पुराण, दर्शन, योग, आयुर्वेद और ज्योतिष के माध्यम से निरंतर विकसित होकर मानव जाति के लिए मार्ग प्रशस्त किया। ज्ञान की यह परम्परा जहां पल्लवित हुई उसका केंद्र है-हिमालय। यह केवल परम्परा नहीं धरोहर है, जिसमें ज्ञान की धारा निर्बाध रूप से बहकर सम्पूर्ण विश्व को सिंचित कर रही है। "श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः। ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति ॥"[1] प्राचीन काल से ही ज्ञान को मानव जीवन का आधार मानकर उसे अंधेरे से रोशनी की ओर ले जाने वाली दिव्य शक्ति कहा है। ऋषि-मुनियों ने इसी ज्ञान की प्राप्ति हेतु हिमालय की गुफाओं में कठोर तपस्या कर अपने आत्मबल से ज्ञान का वास्तविक अर्थ जानकार उसे मोक्ष प्राप्ति का साधन कहा। भारतीय परंपरा में ज्ञान का उद्देश्य जीविका अर्जन नहीं बल्कि मनुष्य को अंतर्मुखी की ओर अग्रसर कर उसका चरित्र निर्माण करना व जीवन जीने

की कला सिखाना है। हिमालय की गोद में बसे तपोवन, आश्रम और ऋषि परम्परा आज भी मानवीय मूल्यों व आत्मिक विकास का मार्ग दिखाते है। भारतीय ज्ञान परम्परा का उद्देश्य अनुभव व प्रयोग को महत्व देकर धर्म, सत्य, करुणा, अहिंसा जैसे नैतिक मूल्यों की स्थापना कर मानव जीवन को सत्व गुण बनाना है। समग्र रूप से इसने आध्यात्मिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक सभी पक्षों पर चिंतन की परंपरा का विकास किया जिसके मूल में मानव कल्याण की भावना निहित है।

“अस्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः,
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्यां इव मानदण्डः।”[2]

हिमालय पृथ्वी पर प्रकृति की अनमोल धरोहर है, इसके बिना भारत की संकल्पना करना भी असंभव है। इसने अपने अंचल में न केवल सभ्यताओं, जीवनदायिनी नदियों को जन्म दिया, बल्कि जीव-जंतुओं, औषधीय पौधों, वनस्पतियों को भी संरक्षण प्रदान किया। हिमालय में ही सबसे पहले वेदों की ऋचाएं गूंजी, दार्शनिक चिंतन का विस्तार हुआ, ध्यान व योग की परम्पराओ का विकास हुआ। यहाँ की शांति, नीरवता और दिव्यता ने साधकों को आत्मबोध और सार्वभौमिक सत्य की ओर प्रेरित किया। काका कालेलकर के शब्दों में-हिमालय में जाकर, उसको मन में धारण करने की शक्ति जिसमे है उसी ने जीवन पर विजय प्राप्त की है। हिमालय की विशालता केवल भौतिक ऊंचाई नहीं, बल्कि उसके ब्रह्मबोध का प्रतीक है। बर्फ से ढँकी चोटियाँ शीतलता का और उसका मौन समाधि में लीन होना धैर्य, वैराग्य और अडिगता का संदेश देती है। यह प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक विरासत और दार्शनिक ज्ञान का अद्भुत संगम स्थल है।“सत्य ही है हिमालय अदृश्य को दृश्यवान करने की क्षमता तथा दृष्टिपटल पर अंकित को सूक्ष्मता प्रदान कर विलोपित करने की अदम्य प्रतिभा रखता है। दार्शनिक हिमालय के सूक्ष्मतम स्वरूप से लेकर वृहदकार काया की व्याख्या करने में स्वयं को असक्षम पाते हैं। पर्यावरणविद हिमालय को पारिस्थितिकी संतुलन का मेरुदंड मानते हैं। साहित्यकार अपनी दृष्टि से देखते हुए भिन्न भिन्न दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। किसी को हिमालय का सौंदर्यरूप मोहित सम्मोहित करता है तो कोई मंत्र मुग्ध है इसके दिव्य स्वरूप से, कोई हिमालय के सम्मोहन में बिंधा हुआ जड़वत बना है तो कोई स्थितिप्रज्ञ है तो कोई संज्ञाशून्य हो सर्वज्ञ हो जाता है। ना जाने हिमालय अपने स्वरूप में क्या क्या दिखाता है।”[3]

हिमालय और यात्रा साहित्य-

प्राचीन काल से ही हिमालय मानव जाति का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर साहित्यिक संवेदना का केंद्र बना हुआ है। वैदिक काल में अनेक ऋषि-मुनियों, तपस्वियों ने हिमालय की ओर प्रस्थान कर इसके शांत और पवित्र वातावरण में ज्ञान की प्राप्ति कर वेदों, पुराणों और उपनिषदों की रचना की। यह पर्वत अनेक युगों का मूक साक्षी बना है और आज भी अपने भीतर अनेक रहस्यों को छिपाए ज्ञान की परंपरा

को सुरक्षित रखे हुए है। हिमालय का नैसर्गिक सौन्दर्य, आध्यात्मिक महिमा, दार्शनिक चिंतन और सांस्कृतिक संपदा ने साहित्यकारों, साधकों और तीर्थयात्रियों को यहाँ की यात्रा करने के लिए प्रेरित किया। यात्रा साहित्य पाठकों के लिए एक सेतु का कार्य कर उन्हें वहाँ की प्रकृति, संस्कृति, दर्शन और अनुभूतियों से जोड़ता है। साहित्य के माध्यम से हिमालय के भौगोलिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक पक्षों को अभिव्यक्ति मिलती रही है, किन्तु आधुनिक यात्रा-साहित्य में अब उसके बदलते स्वरूप, पर्यावरणीय असंतुलन और जैवविविधता के संकटों की चर्चा गंभीरता से होने लगी है।"हिमालय आदिकाल से ही लोगों कि जिज्ञासा, प्रेरणा, श्रद्धा-भक्ति तथा विश्वास का प्रतीक रहा है। प्राचीन काल से ही अनेक प्रकृति प्रेमी, चित्रकार, वनस्पति शास्त्री, चिकित्सक, कवि, लेखक तथा दार्शनिक हिमालय की विभिन्न उपत्यकायों में आते रहे हैं। यहाँ के दिव्य एवं अनुपम सौंदर्य से पुलकित एवं अभिभूत होकर उन्होंने हिमालय का यशोगान अपनी-अपनी दृष्टि से किया भी है। निसंदेह हिमालय एक दिव्य पुंज है। इसे सचेतन भी कहा गया है।''[4]

यात्रा साहित्य के माध्यम से हिमालय अत्यंत सजीव और बहुआयामी रूप में प्रकट होता है। लेखक इन दृश्यों का न केवल वर्णन करते हैं, बल्कि उनके भीतर छिपी रहस्यमयता, मौन और आध्यात्मिक ऊर्जा को अनुभव कर पाठकों को उसमें सहभागी बनाता है। हिमालय की यात्रा से प्रभावित होकर अपने मन में सिंचित अनुभूतियों को लेखनी के द्वारा अभिव्यक्त कर उसके प्रति कृतज्ञता और समर्पण का भाव रखते हुए आत्मिक ऋण से मुक्त होने का प्रयास किया। "भारतीय धर्म एवं संस्कृति में नदी, पर्वत, सूर्य, चाँद, वृक्ष ,वायु, नाग, हाथी सभी को देव स्वरूप माना जाता है। महा हिमालय को सिर्फ मिट्टी-पतथर या हिम का एक ऊँचा ढेर ही नहीं माना गया, अपितु उसे "देवात्मा" कि महान पदवी से संबोधित किया गया है। नगाधिराज हिमालय जितना अपार और सुंदर है उतना ही विस्तृत और मोहक हिमालय साहित्य भी है। युग-युगों से लाखों मनुष्य इसके चरणों में अपनी लिखित, मौखिक और मूक श्रद्धांजलियाँ अर्पित करने आते हैं।''[5]

हिमालय और प्रकृति -

प्रकृति और मानव का संबंध चिरकाल से है। यह संबंध अत्यंत गहरा, संवेदनात्मक और परस्पर आश्रित है। प्रकृति मात्र भौतिक वस्तु नहीं, अपितु मानव को शांति, प्रेरणा और चिंतन की दिशा भी देती है। प्रकृति को जीवित सत्ता मानते हुए हमारे पूर्वजों ने इससे रागात्मक संबंध स्थापित कर जीवन के रहस्यों को समझकर आत्मिक उन्नति का मार्ग प्राप्त किया। भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रकृति को पूजनीय माना गया है। यह परम्परा प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य को महत्व देती है, इसमें प्रकृति को जननी, नदियों को माँ, वनों को देवताओ का निवास और पर्वतों को ऋषियों की तपस्थली मानकर इन्हें श्रद्धा और सम्मान के भाव से देखा गया है। हिमालय की संस्कृति भी इसी भावना को आगे बढ़ाती है और बताती

है कि मानव न तो प्रकृति का स्वामी है और न ही शोषक वह केवल उसका एक भाग है। इसलिए यदि हम प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और उत्तरदायित्व का भाव रखेंगे तभी हमारा जीवन भी संतुलित, शांत और समृद्ध होगा। आज हमें आधुनिक विज्ञान के साथ पारंपरिक ज्ञान को जोड़कर ऐसी ठोस नीति अपनानी होगी जिससे हिमालय की रक्षा कर सके। हालांकि समय के साथ आज न केवल हिमालयी क्षेत्र अपितु सम्पूर्ण विश्व में जब जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र का असंतुलन, पर्यावरण संकट जैसी जटिल समस्याएं बढ़ती जा रहा है तब भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रकृति के प्रति जो दृष्टिकोण है उसका अपनाया जाना अत्यंत प्रासंगिक हो गया है। ‘‘जिन पूर्वजों से हमें धर्म, दर्शन, साहित्य, नीति आदि के रूप में महत्वपूर्ण भाग प्राप्त हुआ है उसके प्राकृतिक परिवेश के भी हम उत्तराधिकारी है। उनके पर्वत, वन, मारू, समुद्र, ऋतुए आदि प्राकृतिक नियम से कुछ परिवर्तित अवश्य हो गए है परंतु तत्वत: उनकी स्थिति पूर्ववत है और उनसे हमारे रागात्मक संबंध संस्कारजन्य ही नहीं स्वार्जित भी रहते है।’’[6]

हिमालय में ईश्वरीय अनुभव-

हिमालय अपने नाम-‘हिम’ अर्थात बर्फ और ‘आलय’ अर्थात आवास के अनुसार ही शुद्धता, निर्मलता और स्थिरता का प्रतीक है और जो भी इससे जुड़ाव महसूस करता है उसका भी आत्म-परिवर्तन हो जाता है। हिमालय को देवताओ का निवास स्थान कहा जाता है। श्वेताश्वतरोपनिषद के मतानुसार, संसार को सुख पहुंचाने वाले परमेश्वर उस पर्वत अर्थात हिमालय पर निवास करते है और उस हिमालय की रक्षा करते है। यहाँ ईश्वर के दर्शन साक्षात रूप से होते है, उस दिव्य आनंद की प्राप्ति केवल वही कर सकता है जिसका मन सभी स्वार्थों से ऊपर उठकर शांत, पवित्र और श्रधामय हो। कथित है कि पवित्र स्थान पर ही पवित्र विचार उत्पन्न होते है पर उन्हें अनुभव करने के लिए अवकाश के क्षण आवश्यक है। भोग और भौतिक सुखों को ही जीवन का उद्देश्य मानने वाले इस गूढ रहस्य को नहीं समझ सकते है, इसके लिए भारतीय दर्शन और सनातन मूल्यों की समझ होना आवश्यक है।‘‘जड़वादी लोग जिन हिमकूटों को भौतिक समझते है, जिनकी तुषार संहति की सुंदरता को भौतिक सुंदरता समझते है तथा उससे उत्पन्न होने वाले आनंद को भौतिक आनंद समझते है, उन्हीं हिमकूटों में मैंने ईश्वरीय रूप का, उसी दिव्य सौंदर्य में मैंने ईश्वरीय आनंद का अनुभव किया।’’[7]

हिमालय और दर्शन-

भारतीय ज्ञान परम्परा केवल ग्रंथों, सिद्धांतों और विचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे जीवन के व्यवहारिक पक्ष में भी समाहित किया गया। हिमालय न केवल भौगोलिक संरचना के रूप में, बल्कि वह भारतीय संस्कृति, दर्शन और मानवतावादी चिंतन का भी प्रतीक है। इतिहास में जब भी भारत की सांस्कृतिक विरासत की बात होती है, तो हिमालय नाम स्वत: ही सामने आ जाता है। इन पर्वतों के शिखरों पर आज भी प्राचीन भारतीय सभ्यताओं और मान्यताओं की झलक मिलती है। वेदों-उपनिषदों

में पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल और आकाश को पाँच मूल तत्वों के रूप में प्रतिष्ठित कर सृष्टि और मानव जीवन का आधार माना गया है। भारतीय दृष्टिकोण में प्रकृति के साथ रिश्ता केवल उपयोगितावादी नहीं, अपितु भावात्मक और आध्यात्मिक भी है। इसकी शरण में जो भी आता है वह न केवल उन्हे शरण देता है वरन एक विशिष्टता भी प्रदान करता है। भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य अपने संकीर्ण दायरे को छोड़कर ब्रह्मांड के व्यापक सत्य को जानना है, यह व्यष्टि से समष्टि की ओर जाने की यात्रा है। हिमालय इस यात्रा को पूर्ण करने का साधन है। यहाँ आकार व्यक्ति के चिंतन दायरे का विस्तार होता है जिससे वह आत्मिक और आध्यात्मिक ऊँचाइयों को भी छूता है। इस अवस्था में पहुंचकर मनुष्य साधारण से दिव्य हो जाता है। "हिमालय पर्वत भारतीय पुरातन चिंतन का ही जनक नहीं, अपितु भारतीय विविध जन संस्कृतियों एवं विश्वासों से जुड़ा एक ऐसा केंद्र बिन्दु है, जहां गौरवमयी प्राच्य भारतीय सांस्कृतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक गाथाएं यहां के प्रत्येक रुपहले शिखरों के मध्य अनादिकाल से ही बिखरी पड़ी है। हिमालय पर्वत एवं इससे जुड़ा भारतीय दर्शन विश्व मानवीय चिंतन एवं मानवीय विकास का आदर्श रहा है। अपने स्वच्छ उन्नत शिखरों कि भांति सदैव इस पर्वतराज ने मानवीय जीवन मूल्यों को संरक्षण देकर भारतीय गौरव गाथाओं को विश्व का सिरमौर बनने में अविस्मरणीय सहयोग दिया है। विश्व इतिहास के पृष्ठों में भारतीय संस्कृति एवं जीवन दर्शन का परिचायक यही हिमालय पर्वत माना जाता रहा है। वास्तव में भारतीय सांस्कृतिक विशेषताओं कि भूत-भविष्य एवं वर्तमान की झाँकिया इन पर्वत हिम शिखरों के मध्य आदम समाजों एवं जनमानस के बीच आज भी देखी जा सकती है। इस विस्तृत हिम शिखरों के मध्य बिखरे पड़े प्राच्य भारतीय संस्कृतियों के रुपहले पर्दे खुद-ब-खुद अपना गौरवमयी इतिहास का बोध कराते है।"[8]

हिमालय और सभ्यता-

मानव सभ्यता का इतिहास अत्यंत प्राचीन है इसके आरंभिक चरण हिमालय और उसकी गोद से निकलने वाली पवित्र नदियों के तट है। यहीं वे क्षेत्र है जहां प्रारम्भिक भाषा, धर्म, समाज और संस्कृति की संरचना हुई। विश्व का सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद है इसी ग्रंथ से भारतीय ज्ञान परंपरा की शुरुआत मानी जाती है। इसमें हिमालय के पर्वतों को युग-युग तक खड़े योगक्षेम वहन करने वाले पूर्वज कहा गया है। हिमालय न केवल भारतीय सभ्यताओ और जातियों का मूल रहा है, अपितु अन्य अनेक जातियों को भी प्रभावित करता रहा है। "एंटकिसन के अनुसार, ऋग्वेद काल से ही मानवी सभ्यता का विकास हुआ है। केवल आर्य ही नहीं अपितु एशिया की अन्य जातियों का उद्गम स्थान भी हिमालय ही है।"[9]

हिमालय अनेक जनजातीय सभ्यताओं और समाजों का उद्गम स्थल रहा है। इन समाजों की परंपराए, रीति-रिवाज और जीवन शैली भारतीय सांस्कृतिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। हिमालय के लोक जीवन में भारत की प्राचीन सभ्यता के तत्व निहित है। इस सांस्कृतिक विरासत को केवल ऐतिहासिक

दृष्टि से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से भी समझना आवश्यक है। यंहा की जीवन प्रणाली में प्रकृति, धर्म और आध्यात्म का गहरा सामंजस्य दिखाई देता है। आज सम्पूर्ण विश्व हिमालयी समाज कि इस रहस्यमयी और अमूल्य धरोहर को जानने और समझने के लिए इसकी ओर आकर्षित हो रहा है। यह धरोहर न केवल भारतीय संस्कृति की पहचान है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी है। "हिमालयी समाज सप्तवर्णी सुंदर जनजातीय समाज रहा है, जहां लोक परम्परायें ही सभ्यताओं की कहानी स्वयं कहते है। जनजातीय एवं आदिवासियों के मध्य प्रचलित लोक परम्परायें एवं अनछुहे रहस्य जिज्ञासुओं को किसी मूक सभ्यता की तरफ आकर्षित करते है।''[10]

हिमालय और संस्कृति-

"संस्कृति किसी देश या जाति की आत्मा होती है। उसका सृजन संस्कारों के समाहार से होता है। यह उदात्त गणों का पुंज है। मानव समाज को विशिष्टता प्रदान करने वाले संस्कारों का संकलन है, जिनके सहारे मानव अपने सामूहिक या सामाजिक जीवन आदर्शों का सृजन करता है। यद्यपि संस्कृति कालक्रमानुसार परिवर्तित परिवर्धित होती रहती है तथापि यह शाश्वत प्रवहमान रहती है।''[11] "अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् द्य उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्''।[12] हिमालय भारत की आत्मा का प्रतीक है। इसकी संस्कृति भी इसी की तरह विशिष्ट और व्यापक है जो समग्रता, सह-अस्तित्व के दृष्टिकोण पर आधारित है। यह केवल पर्वतीय क्षेत्र की ही नहीं, बल्कि समूचे भारत की संस्कृति की आधारशिला है। भारत जैसे विविधता से भरे राष्ट्र में, जहां परम्पराएं, रीति-रिवाज और जीवन शैली अलग-अलग हो सकती है लेकिन उनके मूल में आत्मबोध, प्रकृति से जुड़ाव और कल्याण की भावना उन्हें जोड़ती है। हिमालय को केवल पर्यटन स्थल के रूप में न देखकर भारतीय ज्ञान परम्परा में आत्मचिंतन का केंद्र माना गया है जहां मनुष्य का स्वयं से साक्षात्कार होते हुए वह अपने चित्त कि समस्त वासनाओ को शांत करता है। "हिमालय पर्वत में बिखरा सांस्कृतिक रहस्य शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की महानता एवं प्राकृतिक स्वरूप के कारण यह संस्कृति प्रत्येक भौतिक भोगवादी खोजी व्यक्ति के लिये एक अनबूझ पहेली बनी रहती है। बिना भारतीय दर्शन व इतिहास के अध्ययन के इस संस्कृति को समझा नहीं जा सकता। यहाँ की परंपराए रहस्य एवं रीति-रिवाज कदम-कदम पर बदलते रहते है, मगर अपने मूल मौलिक अस्तित्व से कभी बाहर नहीं गये।''[13]

हजारों वर्षों के अनुभव, ज्ञान, धर्म, कला, साहित्य और दर्शन से विकसित हुई परंपरा भारतीय संस्कृति है। यह संस्कृति अनेकता में एकता के भाव को समाहित करती है। पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित होकर मनुष्य ने अपनी मूल संस्कृति और सनातन मूल्यों को भूला दिया। इससे उसने भौतिक सुविधाएं तो प्राप्त की, लेकिन मानसिक और आत्मिक रूप से वह अस्थिर हो गया। आज उसने अनुभव किया कि सफलता

वही सार्थक है जो बाहरी प्रगति और आंतरिक शुद्धता के सामंजस्य से प्राप्त हो, इसलिए वह धीरे-धीरे फिर से अपनी सनातन और शाश्वत संस्कृति की ओर लौट रहा है।

हिमालय और आध्यात्म -

"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ष्।[14]

हिमालय भारतीय आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, आध्यात्म व्यक्ति का मन बाहरी संसार से हटाकर उसके भीतरी अस्तित्व से जोड़ता है। आत्मा की खोज और ब्रह्म से एकत्व की अनुभूति ही इसका मूल संदेश है। यह केवल पाषाणयुक्त पर्वत नहीं, बल्कि जीवंत प्रयोगशाला है जहां ऋषि-मुनियों, तपस्वियों ने कठोर साधना कर दिव्य व परम सत्ता का अनुभव किया और धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति कर योग, आध्यात्म की परंपराओ का विकास किया। पृथ्वी के उस पवित्र भू-भाग पर जहां देवताओ के साक्षात विराजमान होने का अनुभव हुआ, तपस्वियों ने आत्मबोध और समाधि की अवस्था प्राप्त की, वही स्थान आज धार्मिक और पवित्र तीर्थस्थलों के रूप में मान्य है, जो मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रदान करते है। "नि:संदेह भारतीय संस्कृति कि विकास यात्रा में हिमालय का विशेष स्थान रहा है। ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त से ज्ञात होता है की गगनचुंबी शिखर वाला 'हिमवत' वैदिक ऋषियों के लिए देवी प्रेरणा का स्त्रोत था। इसे वे परम सत्ता की महिमा मानते थे। कश्मीर से असम तक देवल, अगस्त्य, नारायण, कपिल, जमदग्नि, विश्वामित्र, वशिष्ठ, भारद्वाज आदि ऋषियों के आश्रमों की स्मृति आज भी हिमालय में जीवित है। हिमालय के वैदिक आश्रम ही आज तीर्थ और धाम के रूप में प्रसिद्ध हैं और युगों से भारतीय संस्कृति के केंद्र माने जाते हैं।''[15]

निष्कर्ष-

भारतीय ज्ञान परम्परा और हिमालयी यात्रा एक दूसरे के पूरक है। जहाँ भारतीय ज्ञान परम्परा हिमालय को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महिमामंडित करती है, वही हिमालयी यात्रा साहित्य इस महिमा को जीवंत अनुभवों, वर्णनों और सांस्कृतिक आख्यानों के माध्यम से समाज तक पहुँचाता है। समग्र रूप से हिमालय में विकसित हुई दर्शन, आध्यात्म और संस्कृति की जड़े आज भी जीवित हैं और भविष्य के लिए भी मार्ग प्रशस्त करती रहेगी।

आधार/संदर्भ ग्रंथ-

1. भगवद गीता- अध्याय 4, श्लोक 39
2. कुमारसंभव, महाकवि कालिदास (1/1)
3. हिमालय में पथारोहण- हिमालय, जैसा मैंने देखा, नीरज नैथानी, पृ.सं.21
4. केदार हिमालय के पथ पर- भूमिका, डॉ.राजेश कुमार जैन
5. मोक्षदाता श्री बदरीनाथ, डॉ.राजेश कुमार जैन, पृ.सं.41
6. हिमालय (सम्पादन) महादेवी वर्मा, पृ.सं.13
7. कैलाश पर्वत की महिमा-आलेख, कमला रत्नम (नवनीत)1983, पृ.सं.37
8. सांस्कृतिक विकास का संगम हिमालय, जीवन जोशी, पृ.सं.20
9. तपोवनभूमि गढ़वाल-प्रथम संस्करण 1989,शिवानंद नौटियाल, पृ.सं. 29
10. सांस्कृतिक विकास का संगम हिमालय- लेखकीय वक्तव्य, जीवन जोशी
11. उत्तराखंड हिमालय- भाषा, संस्कृति एवं पर्यटन, डॉ. सत्यानंद बडोनी, पृ.सं.7
12. महोपनिषद- अध्याय 4, श्लोक 71
13. सांस्कृतिक विकास का संगम हिमालय, जीवन जोशी, पृ.सं.15
14. भगवद गीता- अध्याय 18, श्लोक 66
15. मोक्षदाता श्री बदरीनाथ, डॉ.राजेश कुमार जैन, पृ.सं. 43